दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — ट्रैफिक रूल्स ब्रेक : एक ही...
4 अभिव्यक्ति — दिल्ली में भारत जीत गया और...
9 मनोरंजन/व्यापार — सलमान के साथ जोड़ी जमायेंगी...
11 खेल — न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम ने...

www.navpradesh.com
रायपुर, बुधवार 12 फरवरी 2020, फाल्गुन कृष्ण पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-09 अंक-6 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

दिल्ली वाकई दिलवालों की है। दिल्ली के बाशिंदे बहुत बड़े दिलवाले निकले। कहा जाता है कि कोई भी व्यक्ति सभी को खुश नहीं कर सकता लेकिन दिल्ली के लोगों ने इस मिथक को तोड़कर रख दिया और सभी को खुश कर दिया। आम आदमी पार्टी खुश है कि उसने फिर से सरकार बना ली। भाजपा भी खुश है कि उसने अपनी कुछ सीटें बढ़ा ली। कांग्रेस जस की तस रहने के बाद भी इसलिए खुश है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार नहीं बनी। ईवीएम तो खुशी के मारे नाच रही है क्योंकि वह मुन्नी की तरह बदनाम होने से बच गई।

दिल्ली में चली आप की 'झाड़ू'

प्रचंड जीत के बाद बोले अरविंद केजरीवाल- दिल्लीवालों ने नई राजनीति को दिया जन्म

■ केजरीवाल ने भारत माता की जय और इंकलाब जिंदाबाद, वंदे मातरम के नारे लगवाए, जीत को दिल्ली और देश की जीत बताया

नई दिल्ली(वार्ता)। प्रचंड जीत सुनिश्चित होने के बाद पार्टी दफ्तर में कार्यकर्ताओं के सामने आए आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने आते ही सबसे पहले भारत माता की जय और इंकलाब जिंदाबाद, वंदे मातरम के नारे लगवाए। उन्होंने कहा कि दिल्लीवालो, गजब कर दिया...आई लव यू। उन्होंने जीत को हर दिल्ली वाले और विकास की जीत करार दिया। केजरीवाल ने यह भी कहा कि आज मंगलवार यानी हनुमानजी की का दिन है और उन्होंने दिल्ली पर अपनी कृपा बरसाई है।

'यह मेरी नहीं, हर दिल्ली वालों की जीत'

केजरीवाल ने कहा, 'दोस्तों मैं सभी दिल्लीवासियों को तहेदिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूं कि उन्होंने तीसरी बार अपने बेटे पर भरोसा किया है। यह जीत मेरी जीत नहीं है ये सभी दिल्लीवालों की जीत है। यह दिल्ली के हर उस परिवार की जीत है, जिन्होंने मुझे अपना बेटा मानकर जबर्दस्त वोट किया। यह हर उस परिवार की जीत है जिन्हें फ्री बिजली, बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलने लगी। जिनका दिल्ली के अस्पतालों में अच्छा इलाज होने लगा है।'

'दिल्ली ने एक नई किस्म की राजनीति को जन्म दिया-काम की राजनीति'

दिल्ली में लगातार दूसरी बार एकतरफा जीत हासिल करने के बाद आम आदमी पार्टी के मुखिया ने कहा कि यह नई किस्म की राजनीति की शुरुआत है। उन्होंने कहा, 'दिल्ली के लोगों ने आज एक नई किस्म की राजनीति को जन्म दिया है। जिसका नाम है काम की राजनीति। दिल्ली के लोगों ने अब संदेश दे दिया कि वोट उसी को जो मोहल्ला क्लीनिक बनवाएगा। वोट उसी को सस्ती बिजली, घर घर को पानी देगा। हमारे मोहल्ले में सड़क बनवाएगा। यह नई किस्म की राजनीति है और यह देश के लिए शुभ संकेत है। यह केवल दिल्ली के लिए जीत नहीं है बल्कि भारत माता की जीत है, यह पूरे देश की जीत है।'

'हनुमानजी ने दिल्ली पर कृपा बरसाई है'

केजरीवाल ने कहा कि मंगलवार के दिन हनुमानजी ने दिल्ली पर अपनी कृपा बरसाई है। उन्होंने कहा, 'आज मंगलवार है (इतना कहते ही लोग तालियां बजाने लगे) हनुमान जी का दिन है। हनुमान जी ने आज दिल्ली पर अपनी कृपा बरसाई है। उनका बहुत बहुत धन्यवाद। हम दिल्ली वाले प्रभु से कामना करते हैं कि हमें शक्ति दे कि जैसे पिछले 5 साल हमने दिल्ली की सेवा की उसी तरह से हम सभी 2 करोड़ लोग मिलकर अगले 5 साल एक अच्छी दिल्ली बना सकें।' बता दें कि केजरीवाल के हनुमान मंदिर जाने पर दिल्ली बीजेपी के चीफमनोज तिवारी ने तंज कसा था।

संयोग से नतीजों के दिन ही केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल का जन्मदिन भी है। इस मौके पर उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आप को बधाई, हार से निराश नहीं, करेंगे मजबूती से वापसी : कांग्रेस

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार से पार्टी निराश नहीं बल्कि इससे सीख लेगी तथा ज्यादा मेहनत कर दो साल बाद होने वाले नगर निगम चुनाव में वापसी करेगी और दिल्ली में फिर मजबूती के साथ खड़े होंगे। दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पी सी चाको, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, प्रचार समिति के अध्यक्ष कीर्ति आजाद तथा संचार विभाग के प्रमुख रणदीपसिंह सुरजेवाला ने मंगलवार को यहां पार्टी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बीजेपी ने हार स्वीकारते हुए कहा- रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आप) प्रचंड बहुमत की तरफबढ़ रही है जबकि बीजेपी को 10 प्रतिशत सीटों पर सिमटता देख पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि बीजेपी दिल्ली की जनता के जनादेश का सम्मान करती है और रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

शहादत की ऐसी अनदेखी, 24 घंटे बाद भी गृहमंत्री बेखबर

■ अंतिम विदाई देने कोई मंत्री नहीं पहुंचा, विपक्ष बरसा

■ पूर्व सीएम रमन सिंह बोले संवेदनशीलता खत्म हो गई है

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बीजापुर में नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के दो जवान शहीद हो गए हैं वहीं 6 घायल हैं. जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है. शहीद जवानों को माना स्थित बटालियन में मंगलवार को श्रद्धांजलि दी गई। शहीद हुए जवानों को दी गई श्रद्धांजलि में राज्य सरकार का कोई भी मंत्री शामिल नहीं हुआ. किसी भी मंत्री के शामिल नहीं होने पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने सरकार को आड़े हाथ लिया. उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि यह तो दुखद है कि जवान शहीद हुए। उन्हें रायपुर लाया गया, सम्मान दिया गया, राज्य सरकार का कोई मंत्री शामिल नहीं होता। सम्मान देने की बात है। संवेदनशीलता की बात है। ऐसे मौके पर जाना चाहिए। सोमवार को बीजापुर जिले के पामेड़ थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन सर्चिंग के लिए निकली थी. जहां नक्सलियों के साथ उनकी मुठभेड़ हो गई. इस मुठभेड़ में जवानों ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

यूं पूर्व सीएम ने लिया आड़े हाथों

पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि यह तो दुखद है कि जवान शहीद हुए। उन्हें रायपुर लाया गया, सम्मान दिया गया, राज्य सरकार का कोई मंत्री शामिल नहीं होता। सम्मान देने की बात है। संवेदनशीलता की बात है। ऐसे मौके पर जाना चाहिए।

खास खबर

संसद के बजट सत्र का पहला चरण संपन्न

नई दिल्ली (वार्ता) राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किये जाने और वित्त वर्ष 2020-21 के केंद्रीय बजट पर चर्चा पूरी होने के साथ ही मंगलवार को संसद के बजट सत्र का पहला चरण संपन्न हो गया और दोनों सदनों की कार्यवाही दो मार्च तक स्थगित कर दी गयी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी को केंद्रीय कक्ष में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ था और कुल नौ बैठकें हुई।

निर्भया केस : आरोपी विनय ने लगाई गुहार, फांसी नहीं उम्रकैद

नई दिल्ली, (वार्ता)। देश को दहला देने वाले निर्भया सामूहिक दुष्कर्म और हत्या मामले के गुनाहगार विनय शर्मा ने राष्ट्पति द्वारा खारिज दया याचिका को उच्चतम न्यायालय में मंगलवार को चुनौती दी। विनय ने राष्ट्रपति के फैसले की समीक्षा का न्यायालय से अनुरोध किया है। विनय ने अपनी याचिका में कहा है कि उसकी दया याचिका राष्ट्रपति ने जल्दबाजी में खारिज की है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने गत एक फरवरी को विनय की दया याचिका खारिज कर दी है।

अर्थव्यवस्था में दिखने लगा सुधार : निर्मला

50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला बजट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में वित्त मंत्री ने विपक्ष के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि इस बजट में माँग बढ़ाने के उपाय नहीं किये गये हैं और यह वर्ष 2024 तक देश को 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने वाला बजट नहीं है।

नई दिल्ली, (वार्ता)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि सरकार ने निजी तथा सरकारी निवेश, उपभोग और निर्यात बढ़ाने के लिए कई कदम उठाये हैं जिसके कारण अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत दिखने लगे हैं।

वित्त वर्ष 2020-21 के बजट पर लोकसभा में करीब 12 घंटे चली चर्चा का जवाब देते हुये श्रीमती सीतारमण ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में विदेशी निवेश बढ़ा है, विनिर्माण क्षेत्र ने गति पकड़ी है, दो महीने गिरने के बाद वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में लगातार वृद्धि हुई है और शेयर बाजार का ग्राफ ऊपर की तरफ जा रहा है। ये सभी संकेतक अर्थव्यवस्था में सुधार की ओर इशारा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2014-15 में देश की अर्थव्यवस्था का आँकड़ा 20 खरब डॉलर था जो 2018-19 में बढ़कर 27 खरब डॉलर पर पहुँच गया। चालू वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था 29 खरब डॉलर की हो गयी है और इस रफ्तार से हम 50 खरब डॉलर पर पहुँच जायेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम ने दी बधाई, केजरीवाल बोले-थैंक्स वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने मदद की उम्मीद

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 2015 जैसे प्रदर्शन को दोहराते हुए जबरदस्त जीत हासिल करने वाले अरविंद केजरीवाल को बधाई दी है। जवाब में केजरीवाल ने भी उन्हें शुक्रिया कहते हुए दिल्ली को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए उनसे सहयोग की उम्मीद जताई।

पीएम मोदी ने ट्वीट कर आम आदमी पार्टी और केजरीवाल को दिल्ली के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने ट्वीट किया, 'दिल्ली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड, विशेष अभियान

बस्तर में 52 हजार किसान कार्ड बनाने का लक्ष्य

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। बस्तर जिले में स्थित सभी वाणिज्यिक बैंकों द्वारा जिले के किसानों को प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा देने के लिए पन्द्रह दिनों का विशेष अभियान चलाया जाएगा। बस्तर जिले में एक लाख 4 हजार किसान हैं। इनमें 51 हजार 461 किसानों के पास पहले से किसान क्रेडिट कार्ड है। शेष 52 हजार 539 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड अभियान के दौरान दिया जाएगा। इसके लिए किसान pmkisan.gov.in से एक पेज का आवेदन फार्म डाऊनलोड कर संबंधित बैंक में जमा कर कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

सफर पर सरकार — यूएस के वाणिज्य दुतावास में होगी अहम बैठक

सीएम और अफसरों का मिनट टू मिनट प्रोग्राम फिक्सड

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बीती देर रात में अमेरिका प्रवास के लिए रवाना हो गये हैं। उनके साथ प्रदेश के मुख्य सचिव आरपी मंडल सहित अन्य अधिकारियों का दल भी है। अपने निर्धारित दौरे के दौरा बघेल देर रात में दिल्ली से सेन फ्रांसिस्कों के लिए रवाना हुए। श्री बघेल आज सेन फ्रांसिस्को पहुंचने के बाद यहां भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित हाई टी कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा 'बे एरिया' के निवेशकों के साथ रात्रि भोज में

शामिल होंगे। अगले दिन 12 फरवरी को वे सेनफ्रांसिस्को में रेड वुड सोर्स के आटोग्रिड में एक चर्चा में हिस्सा लेंगे तथा इसके बाद स्थल निरीक्षण एवं एक अन्य चर्चा के लिए सनीवेल स्थित इक्वीनॉक्स जाएंगे और टाई सिलिकॉन वैली में निवेशकों के साथ चर्चा करेंगे। श्री बघेल 13 फरवरी को मीडिया के साथ चर्चा करेंगे और विमान द्वारा सेनफ्रांसिस्कों से बोस्टन के लिए रात्रि 8.45 बजे रवाना होंगे। वे 14 फरवरी को सुबह 5.18 बोस्टन पहुंचेंगे और दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक इंस्टीट्यूट फॉर कॉम्पीटिटीवनेस के साथ बैठक में शामिल होंगे। अगले दिन 15 फरवरी को दोपहर 12.45 बजे कैम्ब्रिज स्थित हावर्ड यूनिवर्सिटी में पहुंचेंगे और वहां दोपहर 1.05 बजे से 1.50 तक इंडिया कांफ्रेंस में प्रजातांत्रिक भारत में जाति और राजनीति विषय पर अपने विचार रखेंगे। इसके ■ शेष पृष्ठ 8 पर

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर
श्रेष्ठता, विश्वसनीयता एवं भरोसे का प्रतीक
RAMKRISHNA CARE HOSPITALS
निःशुल्क परामर्श शिविर
(Free Opinion Camp)
मध्यभारत की विश्वसनीय व अनुभवी विशेषज्ञों की टीम द्वारा
निःशुल्क परामर्श

दिनांक : 10 से 17 फरवरी तक
समय : 11 बजे से 02 बजे तक

न्यूरोसर्जरी/ मस्तिष्क शल्यचिकित्सा
सिर का फ्रेक्चर, रीढ़ की हड्डी, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज, माइलोमेनिंगो सेल और कैंसर, इंट्राक्रैनियल और इंट्रास्पाइनल, डिस्कप्रोलेप्स दूरबीन से दिमाग और रीढ़ की सर्जरी से संबंधित विकारों का उपचार और ऑपरेशन।

सर्वश्रेष्ठ न्यूरोसर्जिकल सेवाएं

पल्मोनोलॉजी/ छाती रोग
सांस लेने कठिनाई/ सांस फुलना व ब्रोंकाईटिस, सीने में दर्द, निमोनिया, एलर्जी, खांसी आना, बार-बार सर्दी जुकाम होना, तेजी से सांस चलना, श्वास नली या फेफड़ों का संक्रमण जैसे विकारों का उपचार और ऑपरेशन।

छत्तीसगढ़ का एकमात्र ECMO सेन्टर

यूरोलॉजी/ मूत्र रोग
प्रॉस्टेट ग्रंथि, गुर्दे एवं मूत्राशय की पथरी, पेशाब नली की सिकुड़न, पेशाब धीरे व बार-बार आना, पेशाब में जलन, पुरूष नपुंसकता जैसे विकारों का उपचार और ऑपरेशन।

NABH द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पताल
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड़, रायपुर 492001
www.ramkrishnacarehospitals.com
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें
0771-6165656
TO PROVIDE WORLD CLASS CARE THAT PEOPLE TRUST

लगे रहो केजरीवाल, नहीं दिखा कमल का कमाल, कांग्रेस का बुरा हाल

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में एक बार फिर से केजरीवाल की सरकार बनती दिख रही है। रुझानें की मानें तो देश की राजधानी दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताया है। हालांकि, अभी औपचारिक नतीजों को ऐलान का इंतजार है। शुरुआती रुझानों से ही यह स्पष्ट होने लगा कि दिल्ली में एक बार फिर से आम आदमी पार्टी की सरकार बनती दिख रही है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों वाले चुनाव के लिए वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू जारी है। वोटों की गिनती शुरू होते ही रुझान आने लगे। जैसे-जैसे रुझान आने लगे, तस्वीरें साफहोती चली गईं, जिसके मुताबिक, दिल्ली में फिर आप की सरकार बन सकती है। काउंटिंग के मद्देनजर मतगणना स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। दिल्ली के 11 जिलों में कुल 21 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि 33 मतगणना पर्यवेक्षकों सहित लगभग 2,600 मतगणना कर्मचारी मतगणना में शामिल हुए हैं। प्रत्येक केंद्र पर मतगणना होने तक कम से कम 500 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती है। आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोटों की गिनती का काम सीसीटीवी, वीडियो कैमरे की निगरानी में किया जा रहा है। दिल्ली में 8 फरवरी को वोटिंग हुई थी। दिल्ली चुनाव के लिए जारी एग्जिट पोल के नतीजों में आम आदमी पार्टी की सरकार बनती दिख रही थी, मगर आज जब नतीजे सामने आएंगे तो पचा तल जाएगा कि एग्जिट पोल कितना हकीकत था। दिल्ली चुनाव के 672 उम्मीदावारों के भाग्य का फैसला आज हो जाएगा, जिनकी किस्मत अभी ईवीएम में कैद है।

आप की जीत में केजरीवाल के परिवार की अहम भूमिका

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक बार फिर शानदार जीत दर्ज करने के बाद अरविंद केजरीवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोगों ने नई किस्म की राजनीति को जन्म दिया है। दिल्ली के लोगों ने कह दिया कि वोट उसी को जो घर-घर को पानी देगा, सड़क बनवाएगा, मोहल्ला क्लीनिक बनवाएगा। संबोधन के दौरान उन्होंने कहा, 'जीत दिलाने के लिए दिल्लीवासियों और सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का बहुत बहुत शुक्रिया। जीत में मेरे परिवार ने भी कड़ी मेहनत की, उन्होंने खूब सपोर्ट किया। आज मेरी पत्नी का जन्मदिन भी है। मैंने तो केक खा लिया आपको भी खिलाएंगे।'

आपको बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के मैदान में इस बार अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता, बेटी हर्षिता और बेटे पुलकित ने भी जमकर प्रचार किया। आप की जीत सुनिश्चित करने के लिए सुनीता, हर्षिता और पुलकित जी-जान से जुटे रहे। हर्षिता ने दफ्तर से पांच महीने की छुट्टी

लेकर चुनाव प्रचार किया। तीनों ने घर-घर जाकर आम आदमी पार्टी के लिए वोट मांगे। पत्नी सुनीता और बेटी हर्षिता ने घर-घर जाकर प्रचार सामग्री वितरित की। उन्होंने लोगों को केजरीवाल सरकार के कामों की जानकारी दी और उनकी दुविधाओं के दूर किया।

चुनाव प्रचार के दौरान हर्षिता ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा था कि क्या स्वास्थ्य सुविधा लोगों को मुफ्त मुहैया कराना आतंकवाद है? क्या बच्चों को शिक्षित करना आतंकवाद है? क्या बिजली और पानी व्यवस्था दुरुस्त करना आतंकवाद है? उनका यह बयान भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा के उस बयान की प्रतिक्रिया में आया था जिसमें उन्होंने केजरीवाल को 'आतंकवादी' कहा था।

हालांकि यह पहली बार नहीं है कि चुनाव प्रचार में सीएम का परिवार उतरा हो। इससे पहले वर्ष 2013 व 2015 के विधानसभा चुनाव में भी उन्होंने प्रचार किया था।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल आईआरएस की जॉब से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले चुकी हैं। उनके बेटे पुलकित आईआईटी दिल्ली में स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं।

जनता ने विकास को चुना, भाजपा का असली चेहरा देश में पहचाना जा रहा है : कमलनाथ

भोपाल(वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की सत्ता में एक बार फिर वापसी के संकेत के बीच कहा कि दिल्ली की जनता ने केवल विकास को चुना और भाजपा का असली चेहरा पूरे देश में पहचाना जा रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलने के सवाल पर कमलनाथ ने मंगलवार को मीडिया से कहा कि यह तो पहले से हम जानते थे।

पर सबसे बड़ी बात है कि इतनी लम्बी-चौड़ी बातें करने वाली भाजपा का क्या परिणाम हुआ। मोदी जी तो दिल्ली के सबसे ज्यादा करीब हैं। अगर लोग संतुष्ट होते तो भाजपा को चुन लेते। यह पूछे जाने पर कि दिल्ली की जनता ने शाहीन बाग जैसे मुद्दे को

नकार दिया, मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने (जनता) केवल विकास की बात की।

भारतीय जनता पार्टी का सही चेहरा पूरे देश में पहचाना जा रहा है। एक सवाल के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोगों का ध्यान मोड़ने की राजनीति है। भाजपा नेता और मोदी जी बेरोजगारी के बारे में, कृषि क्षेत्र के बारे में बात नहीं करते, बल्कि राष्ट्रवाद, पाकिस्तान और सीएए पर बात करते हैं।

दिल्ली चुनाव 2020 में जीत हासिल कर दिल्ली की सत्ता में हैट्रिक लगाने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। संबोधन के दौरान अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले दिल्ली वालों को आई लव यू बोलकर संबोधित किया। इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने हनुमान जी को धन्यवाद दिया और खुद को दिल्ली का बेटा बताया।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फदिल्ली की जीत नहीं, बल्कि पूरे भारत की जीत है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हनुमान जी ने दिल्ली पर कृपा बरसाई है और उनके कृपा से ही अगले पांच साल सरकार चलाएंगे। बता दें कि वोटों की गिनती में आम आदमी पार्टी की जीत बताई जा रही है।

बीजेपी की हार का सिलसिला जारी, पार्टी सातवां विधानसभा चुनाव हारी

नई दिल्ली(ए.)। साल 2018 से शुरू हुआ बीजेपी का हार का सिलसिला 2020 में भी जारी है। 2019 में हरियाणा विधानसभा को छोड़ दिया जाए तो बीजेपी राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, महाराष्ट्र और झारखंड के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव भी हार गई है। इस हार के साथ 22 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी के अगले पांच साल और इंतजार करना होगा। वहीं अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में जोरदार तरीके से सत्ता पर तीसरी बार काबिज होने जा रही है और भाजपा ने पहले से बेहतर प्रदर्शन किया है लेकिन कांग्रेस के लिए यह चुनाव निराशा भरा है।

आपको बता दें कि 2014 में बीजेपी की सरकार सिर्फ7 राज्यों में थी। मोदी लहर के चलते बीजेपी एक के बाद एक राज्य जीतती गई। 2015 में वह 13 राज्यों तक पहुंची, 2016 में वह 15 राज्यों तक पहुंची, 2017 में 19 राज्यों तक बीजेपी फैली और 2018 के मध्य तक भाजपा 21 राज्यों में अपना परचम लहराने में सफल हुई थी। उस वक्त तक कांग्रेस महज 3 राज्यों में सिमट कर रह गई थी। वर्तमान समय में बीजेपी या उसके सहयोगियों की जिन 16 राज्यों में सरकार में है वे राज्य हैं - बिहार, असम, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मणिपुर, मेघायल, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड। इन राज्यों में बीजेपी ने अकेले अपने दम पर सरकार बनाई है या फिर सहयोगी के साथ सत्ता में है। कांग्रेस को 2015 की तरह ही अबतक शून्य सीट मिली है और इसबार तो पार्टी का मत प्रतिशत भी कम हो गया है।

भाजपा ने मतदाताओं के ध्रुवीकरण की नाकाम कोशिश की : शरद पवार

नई दिल्ली(वार्ता)। राकांपा प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को दावा किया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे इस बात के संकेत हैं कि देश में ''बदलाव की हवा'' चल रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने मतदाताओं के ध्रुवीकरण की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रही। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार दूसरी बार धमाकेदार जीत की ओर बढ़ रही है। स्पवार ने कहा कि भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिये क्षेत्रीय दलों को साथ आने की जरूरत है।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख पवार ने पत्रकारों से कहा, ''दिल्ली चुनाव के नतीजे इस बात के संकेत हैं कि देश में बदलाव की हवा चल रही है। नतीजों ने मुझे हैरान नहीं किया।'' पूर्व केन्द्रीय मंत्री पवार ने कहा कि भाजपा ने हर बार की तरह इस बार भी वोटों के ध्रुवीकरण के लिये चुनाव को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की, लेकिन वह नाकाम रही।'' बता दें कि आज मतगणना के साथ दिल्ली में एक बार फिर से केजरीवाल की सरकार बनती दिख रही है। रुझानें की मानें तो देश की राजधानी दिल्ली के लोगों ने अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी पर भरोसा जताया है।

भाजपा के प्रवेश शर्मा ने स्वीकारा चुनाव नतीजा

नई दिल्ली(वार्ता)। पश्चिम दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवेश वर्मा ने मंगलवार (11 फरवरी) को दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार को स्वीकार कर लिया। चुनाव प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण देने के लिए वर्मा पर चुनाव आयोग ने दो

प्रतिबंध लगाया था। इसके साथ ही प्रवेश वर्मा ने समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया पर भी तंज कसा। वर्मा ने कहा, मैं परिणाम स्वीकार करता हूं। हम मेहनत से काम करेंगे और अगले चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद वर्मा ने आप के उस दावे को खारिज किया, जिसमें कहा गया था कि नए सिरे से जनादेश अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले पांच साल में दिल्ली में किए गए कार्य को मान्यता है। खासतौर पर, राष्ट्रीय राजधानी में स्कूल और अस्पतालों को चलाने के लिए जो काम दिल्ली सरकार में किया गया।

आप की जीत पर एम के स्टालिन ने कहा- ये सांप्रदायिक राजनीति पर विकास की राजनीति की जीत

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार जीत की ओर बढ़ने पर द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बधाई देते

हुए मंगलवार को कहा कि यह विकास की राजनीति की जीत है। स्टालिन ने ट्विटर पर केजरीवाल को बधाई देते हुए कहा कि मैं अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को दिल्ली में फिर से भारी जनादेश के साथ सरकार बनाने के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट तौर पर सांप्रदायिक राजनीति पर विकास की राजनीति की जीत है। हमारे देश के हित में संघीय अधिकारों और क्षेत्रीय आकांक्षाओं को मजबूत होना चाहिए। चुनाव परिणामों के मुताबिक अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी स्पष्ट तौर पर दिल्ली में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है।

मॉडल टाउन में 'आप' उम्मीदवार से हारे कपिल

नई दिल्ली(ए.)। बीजेपी के मॉडल टाउन से उम्मीदवार कपिल मिश्रा ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी प्रत्याशी अखिलेश पति त्रिपाठी से हार स्वीकार कर ली है, हालांकि अपनी इस हार पर उन्होंने दुख व्यक्त किया है।

अरविंद केजरीवाल से सार्वजनिक तौर पर विवाद के बाद बीजेपी ज्वाइन करने वाले पूर्व आम आदमी पार्टी विधायक कपिल मिश्रा ने कहा- ÷हमें दिल्ली के जनता के पास वापस जाने की जरूरत है। हम एक मजबूत विपक्ष होंगे। मुझे जीत न हो पाने का दुख है। हम लोगों की अपेक्षा को नहीं समझ पाए। हार स्वीकार करते वक्त उन्होंने 'आप' के खिलाफ गुस्से को किनारे रखा। कपिल मिश्रा ने कहा- ÷यह दिन अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को बधाई देने का दिन है। उधर, मॉडल टाउन सीट जीतने वाले 'आप' उम्मीदवार अखिलेशपति त्रिपाठी ने उन पर विश्वास जताने के लिए केजरीवाल का धन्यवाद दिया।

शाहीन बाग ने आप और बीजेपी दोनों को पहुंचाया फायदा, कांग्रेस का हुआ बंटाधार

नई दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी दिल्ली में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। दो बजे तक के रुझानों में अरविंद केजरीवाल की पार्टी 50 से अधिक सीटों पर आगे चल रही है। पार्टी की इस जीत के पीछे कई वजहें हैं। राजनैतिक जानकारों के मुताबिक, भले ही बीजेपी के सुधरे प्रदर्शन की वजह सीएए के विरोध में शाहीन बाग के जारी प्रदर्शन हो लेकिन इसका फायदा आम आदमी पार्टी को भी मिला है। हालांकि, पूरे चुनाव प्रचार के दौरान दोनों दलों के मुकाबले कहीं नहीं दिखाई दी कांग्रेस का बंटाधार होता दिख रहा है। अब तक के रुझानों में कांग्रेस को किसी भी सीट पर जीत नहीं मिल रही है।

जानकारों की मानें तो बीजेपी ने जब आक्रामक चुनाव प्रचार में शाहीन बाग के मुद्दे को जोरशोर से उठाया तो उसके बाद से ही अल्पसंख्यक वोटर्स नहीं बंटे और एकजुट होकर वोट आम आदमी पार्टी को कर गए। आमूमन तौर पर अल्पसंख्यक वोट्स कांग्रेस को मिलते रहे हैं, लेकिन इस बार 'आप' ने इन वोटों में सेंध लगा दी। चुनाव आयोग के अनुसार, आम आदमी पार्टी को इस बार तकरीबन 54 फीसदी वोट मिल रहे हैं। हालांकि, पार्टी को कुछ सीटों का नुकसान जरूर हुआ है। पिछले 2015

विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए 67 सीटें जीती थीं। लेकिन अब वह 57 सीटों के आसपास है।

अब तक के बीजेपी के वोट प्रतिशत की बात करें तो लगभग 39त्न मत मिले हैं। पिछले चुनाव में बीजेपी को 33त्न वोट मिले थे।

डेढ़ महीने से ज्यादा समय से जारी है प्रदर्शन

दिल्ली के शाहीन बाग में पिछले डेढ़ महीने से ज्यादा समय से विरोध प्रदर्शन जारी है। यह प्रदर्शन संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफचल रहा है। प्रदर्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा था कि प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारी सड़कों को ब्लॉक करके लोगों के लिए असुविधा पैदा नहीं कर सकते। कोर्ट ने पुलिस, केंद्र और दिल्ली सरकार को भी नोटिस जारी किया है।

इस हिसाब से बीजेपी के वोट प्रतिशत में छह फीसदी वोट का इजाफा हुआ है। इस बढ़ोतरी के पीछे शाहीन बाग के मुद्दे को उठाना माना जा रहा है। पार्टी की सीटें भी पिछली बार तीन के मुकाबले बढ़कर 13 के आसपास हो रही हैं। कांग्रेस के वोट पिछली बार से और घट गए हैं। पिछली बार कांग्रेस को 9.65त्न मत मिले थे। इस बार घटकर 4त्न के आसपास आ गया है।

जानकारों की मानें तो चुनाव से कुछ लगभग लड़ाई से बाहर दिख रही बीजेपी ने आखिरी समय में शाहीन बाग के प्रदर्शन का मुद्दा उठाकर टक्कर लेने की कोशिश की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष मनोज तिवारी से लेकर पार्टी के तमाम नेताओं ने अपनी रैलियों में शाहीन बाग के प्रदर्शन का जिक्र किया। बीजेपी ने पूरे चुनाव के दौरान इसे अहम मुद्दा बनाया। इसका फायदा भी बीजेपी को हुआ। हालांकि, यह मुद्दा बीजेपी को इतना फायदा नहीं पहुंचा सका कि पार्टी सरकार बनाने की स्थिति में आ जाए। लेकिन यह जरूर है कि शुरुआती समय में पूरी तरह से एक तरफा जा रहा चुनाव आखिरी वक्त में टक्कर में आ गया।

■ न्यूज गैलरी

हॉस्पिटल के केयर टेकर 36 लाख लेकर हुआ फरार

रायपुर। पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र स्थित एक मेडिकल स्टोर में 36 लाख रुपये गबन का मामला आया है। शिवम हॉस्पिटल के संचालक ने केयर टेकर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिवम हॉस्पिटल के संचालक डॉ नवीन सिंह ने शिकायत में कहा है कि कुशालपुर चौक स्थित उनके हॉस्पिटल में मेडिकल स्टोर भी संचालित किया जाता है। मेडिकल स्टोर की देखरेख के लिए केयर टेकर के रूप में ईश्वर चेलक नाम के एक व्यक्ति को उन्होंने काम पर रखा था जो कि मेडिकल स्टोर का 36 लाख 36 हजार 257 रुपये लेकर फरार हो गया है। उन्होंने शिकायत में कहा है कि उनको इतनी बड़ी रकम के गबन किये जाने की जानकारी एकाउंट डिपार्टमेंट द्वारा कंप्यूटर में दर्ज हिसाब और चेलक द्वारा दिये गए पैसों के हिसाब से हुई। आरोपी केयर टेकर ने गड़बड़ी स्वीकार करते हुए मार्च 2020 तक पूरी रकम लौटाने का आश्वासन दिया था लेकिन 24 जनवरी से वह लापता है। इस मामले में पुरानी बस्ती पुलिस ने गबन का अपराध दर्ज कर अपनी जांच शुरु कर दी है।

एटीएम क्लोन से 1 लाख 2 हजार की धोखाधड़ी

रायपुर। एटीएम का क्लोन बनाकर शहर में धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों की संख्या में पिछले कुछ समय से लगातार इजाफा हो रहा है। खम्हारडीह थाना से मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्र प्रताप सिंह 35 पिता देवराज सिंह निवासी डी -3 कचना खम्हारडीह ने 6-7 फरवरी के दरम्यान उनके एसबीआई के एटीएम कार्ड का फर्जी क्लोन बनाकर दो बार 40 हजार रुपये की राशि का आहरण कर उनके साथ धोखाधड़ी की है। एक अन्य मामले में खूबचंद लहरे पिता विश्राम लहरे निवासी एसडीओपीडब्ल्यूडी कार्यालय तिल्दा-नेवरा ने नेवरा थाने में अज्ञात मोबाइल फोन धारक क्रमांक 96310 53612 द्वारा उनका एटीएम कार्ड ब्लाक होना बताकर आधार नंबर पूछकर उनके खाते से ऑनलाइन 62 हजार की राशि निकालकर धोखाधड़ी की है।

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

रायपुर। स्व.श्रीमती पिंकी साहू पति दानेश्वर साहू आयु 23 वर्ष निवासी ग्राम सुंदरकेरा गोबरानवापारा की अज्ञात आरोपी ने गंभीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की जानकारी पीएम रिपोर्ट मिलने पर ज्ञात हुआ कि मृतिका के शरीर में गंभीर हथियार से चोट पहुंचाई गई जिसके चलते सिर में एवं शरीर के मुख्य हिस्सों में हड्डियों में फ्रेक्चर पाया जाना अंकित किया गया है।

ट्रैफिक रूल्स ब्रेक: एक ही दिन में 2600 से 10 लाख वसूल

नव प्रदेश संवादाता

रायपुर। राजधानी रायपुर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं वाहन चालकों द्वारा लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने के परिणाम स्वरूप पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर आरिफ एच.शेख द्वारा यातायात प्रभारी अधिकारियों का बैठक लेकर शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया, जिसके परिपालन मे यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं नियमों का उल्लंघन कर्ताओ पर अधिक से अधिक कार्यवाही करने शहर के प्रमुख 10 चौक चौराहों को आदर्श चौक मानते हुए बेहतर से बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत शहर के 10 प्रमुख चौक- रेलवे स्टेशन चौक, फाफाडीह चौक, देवेंद्र नगर चौक, मरहीमाता चौक, शास्त्री चौक, खजाना चौक, भगत सिंह चौक, अनुपम नगर चौक, महासमुंद बैरियर एवं वीआईपी टर्निंग पर प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक लगातार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर विशेष अभियान कार्यवाही चलाया जा रहा है। इस अभियान कार्यवाही के तहत रेड सिग्नल होने पर वाहन चालक को स्टॉप लाइन का पालन कराना, रॉन्ग साइड चलने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही, बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना नंबर-गलत नंबर पर कार्यवाही, बिना कागजात के ऑटो संचालन ,इसके अतिरिक्त मुख्य मार्ग पर सवारी बैठाने पर कार्यवाही, चौंक के चारों ओर व्यवस्थित पार्किंग कराना एवं चौक पर लेफ्ट टर्न फ्री कराना, नो पार्किंग पर वाहन खड़ी करने वाले वाहन चालकों पर क्रेन कार्यवाही की जा रही है। यह अभियान कार्यवाही पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर आरिफ एच. शेख के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर एमआर मंडावी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है जिसमें उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतानंद सिंह विंध्यराज, कामता सिंह दीवान, सतीश कुमार ठाकुर 7 निरीक्षक, 1 उपनिरीक्षक, 9 सहायक उप निरीक्षक एवं 80 प्रधान आरक्षक /आरक्षक स्तर के अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं! इस विशेष अभियान कार्यवाही के तहत 10 फरवरी को संध्या 6:00 बजे तक 2600 से अधिक वाहन चालकों पर मोटर यान अधिनियम के तहत चलानी कार्यवाही कर 10 लाख से अधिक समन शुल्क वसूल किया गया।

अब ये कैसा तीन सवारी और नाबालिग भी इमका क्या करें... यातायात चालानी कार्यवाही का आज दूसरे दिन का हल कही टीम सवारी देख पुलिस दौड़ा तो कहीं पुलिस देख तीन सवारी भाग रहे कहीं पैदल भी हेलमेट में दिखे

हाईकोर्ट ने जांच के लिए बोला तो क्यों कतरा रही है सरकार : डॉ. रमन

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। एनजीओ घोटाले मामले में राज्य सरकार द्वारा हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन लगाने पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भूपेश बघेल को इसका जवाब देना चाहिए कि उनकी भूमिका क्या है? एक तरफ पिछली सरकार पर आरोप लगाते रहे हैं कि भ्रष्टाचार हुआ, अब जब हाईकोर्ट जांच के लिए आदेश दे रहा है, तो विरोध में खड़े होते हैं। कहना और करना क्या चाहते हैं, यह मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए।

आपको बता दे कि समाज कल्याण विभाग में कागजों पर फर्जी संस्था बनाकर 1 हजार करोड़ का घोटाला करने का मामला था. इस मामले में सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को 7 दिनों में एफआईआर करने का निर्देश दिए थे. इस मामले में हाईकोर्ट ने कई आईएएस अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच किये जाने का केन्द्र सरकार के कार्मिक मंत्रालय को आदेश भी दिया था. जिसके बाद मामले में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद आईएएस बीएल अग्रवाल और सतीश पाण्डेय ने कोर्ट में रिव्यू पीटिशन दाखिल किया था. हालांकि कोर्ट ने दोनों की रिव्यू पीटिशन को खारिज कर दिया था। दोनों नौकरशाहों के अलावा राज्य सरकार की तरफ से भी रिव्यू पीटिशन दाखिल किया गया।

सरकार द्वारा दायर पीटिशन में कहा गया था कि मामले की जांच सीबीआई की बजाय राज्य पुलिस को सौंपा जाए. राज्य पुलिस मामले की निष्पक्ष जांच करने में सक्षम है।

निगम ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की 52वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

■ महापौर, संस्कृति विभाग अध्यक्ष, पार्षद ने आदरांजलि दी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग द्वारा राजधानी शहर के तेलीबांधा रिंगरोड चौक के किनारे स्थित एकात्म मानववाद सिद्धांत के प्रणेता महामानव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष उनकी 52 वीं पुण्यतिथि पर उन्हे ससम्मान नमन करने आयोजन रखा। राजधानी के प्रथम नागरिक महापौर एजाज ढेबर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पुण्यतिथि पर नमन करते हुए सभी राजधानीवासियों की ओर से उन्हें आदरांजलि अर्पित की। निगम संस्कृति विभाग के संक्षिप्त व गरिमापूर्ण आयोजन में प्रमुख रूप से नगर निगम संस्कृति विभाग अध्यक्ष आकाष तिवारी, पार्षद मृत्युंजय दुबे, पूर्व पार्षद राधेष्याम विभार, सामाजिक कार्यकर्ता सच्चिदानंद उपासने, राजीव अग्रवाल सहित नगर के अनेक गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवको ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय को प्रतिमा स्थल पर उनकी पुण्यतिथि पर सम्मान नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

दिल्ली में ध्रुवीकरण का लाभ आम आदमी पार्टी को मिला

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों पर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ध्रुवीकरण का लाभ आम आदमी पार्टी को मिला है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में सांप्रदायिकता और नफरत की राजनीति को जनता ने सिरे से खारिज किया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा करेगी।

शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि 135 वर्ष के इतिहास में कांग्रेस पार्टी ने कई बार विपरीत परिस्थितियों का सामना किया है। हर विपरीत परिस्थिति से कांग्रेस पार्टी और मजबूत होकर उभरी है। कांग्रेस एक जीवंत पार्टी है। 1885 से लेकर आज तक 135 वर्ष के इतिहास में कांग्रेस ने अनेक चुनौतियों का सामना किया। दिल्ली की हार की पार्टी में समीक्षा की जाएगी। त्रिवेदी ने कहा कि आम लोगों ने भाजपा को हराने के लिए वोट किया, इसलिए आम आदमी पार्टी वहां बेहतर स्थिति में दिख रही है। उनकी सरकार थी इसलिए ध्रुवीकरण का लाभ आप को मिला। त्रिवेदी ने आरोप लगाया है कि सीएए और एनआरसी को भाजपा ने दिल्ली चुनाव में मुद्दा बनाया था। भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के लिये क्या-क्या नहीं किया। 30 जनवरी को राजघाट जा रहे जामिया मीडिया के प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलायी गई। दिल्ली में दूसरा गोली शाहीनबाग के प्रदर्शनकारियों पर हुआ। गोली चालन पुलिस ने नहीं किया। ये गोली चालन सांप्रदायिकता में अंधे हो चुके नौजवानों ने किया। इसी तरह सीएए के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली के गार्गी कॉलेज में घुसकर छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार किया।

भूपेश सरकार की शिक्षा में सुधार की योजना ला रही है बदलाव

सरकारी स्कूलों का नख्शा सुधारने बनी योजना

■ अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोलने शिक्षा विभाग तैयार कर रहा है प्रस्ताव

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। विगत वर्षों में सत्ताधारी कोई पार्टी शिक्षा, किसान, गांव की राजनीति किसी मुख्यमंत्री ने नहीं किया था। यहीं कारण है कि बेहतर शिक्षा के नाम पर छत्तीसगढ़ के प्रायः सभी निजी स्कूलों में काफी लूट का काम चल रहा है। हालांकि समय-समय पर इन पर लगाम कसने की मांग उठती भी रही है, लेकिन कुछ खास कोई सत्ताधारी नहीं कर पाया। पहली बार भूपेश बघेल की सरकार ने शिक्षा, किसान व गांव जैसे मुद्दों को गंभीरता से लिया और उन पर कार्य भी किया। इसकी बानगी यह देखने को मिला कि, उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों में अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोलने का जो निर्णय लिया है, जिस पर स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव तैयार करने का काम भी शुरू कर दिया है। इस प्रस्ताव को अमल में लाने के लिए भले ही समय लग सकता है, लेकिन अमल में आने के बाद निश्चित तौर पर प्रदेशभर के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। वर्तमान समय में शिक्षा लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है। सरकारी स्कूलों में लोग अपने बच्चों को भेजने में हिचकिचाते हैं। इसके पीछे भी ठोस वजह है, क्योंकि सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता के नाम पर स्कूलों का हाल बहुत बुरा है। अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को यदि सरकार संचालित करती है, तो जाहिर है कि धनवान परिवार के बच्चे भी इन स्कूलों में दाखिला लेंगे और शिक्षा के नाम पर मची लूट पर विराम लगेगा। इस मामले को जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव की तैयारियां शुरू कर दी है। इन अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती संविदा आधार पर होगी, जिससे माना जा रहा है कि शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर होगी। यह भी बताया जा रहा है कि इन स्कूलों में कक्षा एक से बारहवीं तक की शिक्षा दी जाएगी।

बता दें कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव में हुए 'आप' पार्टी को मिली भारी जीत की एक वजह वहां पर संचालित सरकारी स्कूल भी है। दिल्ली में नगर निगम द्वारा संचालित स्कूलों में न सिर्फ पढ़ाई, बल्कि अन्य भव्य सुविधाएं मिलती है, जिसकी वजह से दिल्ली में शिक्षा को लेकर कोई लूट जैसी स्थिति नहीं है। बल्कि वहां ज्यादातर धनवान या मध्यमवर्गीय पालक अपने बच्चों को निगम के स्कूलों में दाखिल करवाते हैं, जिसके लिए उन्हें इंतजार भी करना पड़ता है और निराश होने पर उन्हें निजी स्कूलों की तरफ रूख करना पड़ता हैं।

समीक्षा | प्राईमरी स्कूल की पाठ्य पुस्तकों में राज्य गीत लिखने पर विचार

संस्कृति संचालनालय में बनेगा फिल्म विकास निगम का सेल

■ कलाकारों का दर निर्धारण के लिए समिति गठन का प्रस्ताव

■ संस्कृति मंत्री ने की विभागीय कामकाज की समीक्षा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने अपने निवास कार्यालय में सोमवार को संस्कृति विभाग के कामकाज की समीक्षा की। श्री भगत ने संस्कृति संचालनालय में फिल्म विकास निगम का सेल गठित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

श्री भगत ने अधिकारियों को कहा कि सेल में प्रभारी अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही आवश्यक कम्प्यूटर आदि उपकरण की भी व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि पुरखौती मुक्तांगन के समीप लगभग 300 एकड़ क्षेत्र में फिल्म सीटी का निर्माण किया जाएगा। फिल्म नीति लगभग बन कर तैयार है और उसका परीक्षण किया जा रहा है। श्री भगत ने फिल्म बनाने के लिए अन्य राज्यों से आने वालों को सुविधा देने की भी बात कही है। फिल्म निर्माण के लिए जरूरी गायन, वादन, अभिनय, लाईट, साउण्ड, कैमरा आदि का प्रशिक्षण राज्य के कलाकारों को कौशल विकास योजनाओं से जोड़कर दिया जा सकता है। इसके लिए खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय और रायपुर के कमला देवी संगीत महाविद्यालय से भी सहयोग लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी फिल्म को बाजार मिले इसके लिए राज्य के जिन जिलों में सिनेमा घर नहीं है, वहां भी सिनेमा दिखाने की व्यवस्था होनी चाहिए। श्री भगत ने राज्य के प्राईमरी स्कूल के पाठ्य पुस्तकों में राष्ट्रगानः जन गण मन... के समान ही छत्तीसगढ़ की राज्यगीत अरपा पैरी के धार... को भी शमिल करने का प्रस्ताव बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। श्री भगत ने कहा कि राज्य के कलाकारों के लिए दर निर्धारण के लिए समिति गठित की जाए और समिति में राज्य के कलाकारों को भी शामिल किया जाना चाहिए। श्री भगत ने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में होने वाले आयोजनों की सूची तैयार करने कहा है। उन्होंने मैनपाट महोत्सव के लिए भी तैयारी करने कहा है।

श्री भगत ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए राज्य के रतनपुर, डोंगरगढ़, दंतेवाड़ा, भोरमदेव, राजिम, सिरपुर आदि महत्वपूर्ण धार्मिक स्थानों में पोस्टर आदि लगाने की बात कही। श्री भगत ने संस्कृति विभाग की बजट, निर्माण कार्य, पुरखौती मुक्तांगन में विकास कार्य आदि की समीक्षा की। बैठक में संस्कृति विभाग के सचिव अन्बलगन पी., संचालक अनिल कुमार साहू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

ग्रो निवेश को लेकर जागरुकता बढ़ाने इंडिया करेगा इन्वेस्ट- रायपुर चैप्टर' का आयोजन

■ ऑनलाइन प्लेटफार्म ने छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े शहर से रजिस्टर किए 50 हजार यूजर्स

रायपुर (नवप्रदेश)। निवेश को आसान और तेज बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए म्यूचुअल फंड में जीरो ङ्क कमीशन इन्वेस्ट करने की अनुमति देने वाला प्रमुख ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट प्लेटफार्म ग्रो 'अब इंडिया करेगा इन्वेस्ट- रायपुर चैप्टर' का आयोजन करने जा रहा है। यह निवेशकों का एक इंटरैक्टिव कार्यक्रम होगा जो रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित होगा।

निवेश के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को निवेश में सक्रिय रुचि लेने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अपनी तरह का पहला कार्यक्रम 14 फरवरी 2020 को होटल मयूरा रायपुर में शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक होगा। दो घंटे तक चलने वाले इस आयोजन में अनुभवी और नौ सिखिए निवेशकों की मौजूदगी की उम्मीद है जो म्यूचुअलफंड निवेश पर चर्चा करेंगे। ग्रो के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित केशरेने इस पर कहा, ÷ग्रो में हमारी पूरी कोशिश है कि युवाओं के बीच वित्तीय जागरुकता बढ़े और हम उन्हें निवेश के बारे में जानकारी देकर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमाने में मदद करें । हमारा यूजर ङ्क बेससिर्फटियर -1 शहरों में नहीं है बल्कि रायपुर जैसे टियर-2 शहरों में भी है। यह हमें एक मौका देता है कि शहर के उभरते महत्वाकांक्षी और अनुभवी निवेशकों को एक मंच पर ला सके। अब तक हमने जिन भी शहरों का दौरा किया है, वहां से बेहतरीन रेस्पांस मिला है और रायपुर से भी सफल कार्यक्रम की उम्मीद है। 'अब इंडिया करगा इन्वेस्ट' के रायपुर चैप्टर में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह संपत्ति बढ़ाने के लिए सबसे अच्छी निवेश रणनीतियों के बारे में अधिक से अधिक जानकारी जुटाना चाह रहे लोगों के लिए एक बहुत अच्छा अवसर है। यह इंडस्ट्री की कुछ नामी कंपनियों और इच्छुक निवेशकों के लिए एक नॉलेज-शेयरिंग प्लेटफार्म भी बनेगा। ग्रो ने पहले भी देशभर में इस तरह के और भी कार्यक्रमों की मेजबानी की है, जिनमें लखनऊ, जयपुर, इंदौर, भुबनेश्वर, पटना, कोचीन और लुधियाना जैसे शहर शामिल हैं।

संपादकीय

दिल्ली में फिर एक बार आप की सरकार

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों को लेकर जितने भी एक्जिट पोल हुए थे वे सही साबित हुए। दिल्ली में फिर एक बार प्रचंड बहुमत से आप की सरकार बन गई। ये चुनावी नतीजे पिछले विधानसभा चुनाव की तरह ही एक तरफा रहे। पिछले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को 70 सदस्यीय नई दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों में से 67 सीटों पर जीत मिली थी। इस बार भी आप ने 62 सीटें जीत ली है वहीं भाजपा अपनी पूरी ताकत लगाने के बाद भी डबल डिजिट पर नहीं पहुंच पाई, उसे सिर्फ 8 सीटों से संतोष करना पड़ा जो पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले पांच सीटें ज्यादा है। ये सभी पांच सीटें उसने आप से छीनी है। रहीं बात कांग्रेस की तो उसने भी पिछले विधानसभा चुनाव की तरह ही इस बार भी अंडा ही दिया है। कांग्रेस की हालत तो इतनी खराब रही कि 67 सीटों पर उसकी जमानत जब्त हो गई। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी ने भी सभी सीटों पर चुनाव लड़ा था और सभी सीटों पर उसकी जमानत भी जब्त हो गई। नई दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से यह स्पष्ट हो गया है कि वहां केजरीवाल को उनके काम के आधार पर वोट मिला है। भाजपा और कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के रूप में कोई चेहरा ही पेश नहीं किया था। इस तरह अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद के लिए नई की जनता की पहली पसंद बने रहे और इसका लाभ आम आदमी पार्टी को मिला। भाजपा ने राष्ट्रवाद को लेकर चुनाव लड़ा था लेकिन दिल्ली की जनता ने अपने राज्य के विकास को तरजीह दी और फिर एक बार केजरीवाल सरकार के प्रति अपना विश्वास जताया। भारतीय जनता पार्टी के लिए ये चुनावी नतीजे एक बड़ा सबक है भाजपा नेतृत्व को यह समझना होगा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चेहरा सामने रख कर वह सिर्फ राष्ट्रवाद के मुद्दे को उछाल कर राज्यों में चुनाव नहीं जीत सकती। कांग्रेस को भी यह चिंतन करना होगा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी होने के बावजूद वह लगातार शर्मनाक हार का सामना करने के लिए क्यों बाद्धय होती जा रही है।

विचार

ऑस्कर: पैरासाइट के जलवे

इस बार ऑस्कर अवॉर्ड को लेकर तमाम कयास गलत साबित हुए। दुनिया को चौंकाते हुए दक्षिण कोरियाई फिल्म 'पैरासाइट' ने बेस्ट पिक्चर का ऑस्कर अवॉर्ड जीत लिया। ऑस्कर जीतने वाली यह पहली गैर-अंग्रेजी फिल्म है। बड़ी बात यह कि यह सम्मान जर्मन, फ्रेंच, स्पैनिश, इटैलियन या रूसी के बजाय एक एशियाई जुबान के खाते में आया है। इसे कुल चार अवॉर्ड- बेस्ट फिल्म, बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले, बेस्ट डायरेक्टर और बेस्ट इंटरनेशनल फीचर कैटिगरी में मिले हैं। बेस्ट ऐक्टर का अवॉर्ड 'जोकर' के लिए वॉकिन फीनिक्स को और बेस्ट ऐक्ट्रेस का तमगा फिल्म 'जूडी' के लिए रिनी जैलवेगर को मिला। कॉफी हाउस में बैठकर लिखने वाले 'पैरासाइट' के डॉयरेक्टर बॉन्ग जून हो ने 25 साल के करियर में अब तक सिर्फ 7 फीचर फिल्मों का निर्देशन किया है। उन्हें 2003 में अपनी दूसरी फिल्म 'मेमोरीज ऑफ मर्डर' से जबर्दस्त ख्याति मिली। यह कोरियाई इतिहास में हुए सीरियल मर्डर्स के सबसे पहले मामले पर आधारित थी। पैरासाइट में उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था की विसंगतियों पर करारा प्रहार किया है। फिल्म के केंद्र में है- किम फैमिली। पिता किम की-तेक एक खुशमिजाज और फक्कड़ आदमी है। उसकी पत्नी चंग सुक दिन भर काम में लगी रहने वाली वर्कहॉलिक है। बेटी की-जुंग स्मार्ट और आर्टिस्टिक है और बेटा की-वू भी टैलेंटेड है। लेकिन सब के सब बेरोजगार हैं, पार्ट टाइम काम-धंधे करते हैं। गजब यह कि एक संयोग का फायदा उठाकर इस परिवार के सारे सदस्य एक अमीर परिवार के घर में पहचान बदल कर रहने लगते हैं और उसके साधनों से अपना जीवनयापन करते हैं। एक दिन उनका सामना उसी घर में रहने वाले अपने ही जैसे एक और परिवार से होता है। पैरासाइट का मतलब है परजीवी। फिल्म के ये पात्र कहने को पैरासाइट हैं लेकिन असल में ये अमीरों से कहीं ज्यादा योग्य हैं। बस, जिस व्यवस्था में वे रहते हैं, वह उन्हें अवसर नहीं दे रही। जाहिर है, यह सच सिर्फ साउथ कोरिया का नहीं, पूरी दुनिया का है। फिल्म

टेक - ज्ञान

वर्चुअल रिऐलिटी का कमाल

मृत बेटी से चार साल बाद 'मिली' मां

नई दिल्ली। शायद आप विश्वास न करें, लेकिन यह सच है कि टेक्नॉलजी की मदद से अब आप अपने मृत परिजनों से मिल सकते हैं, उन्हें छू सकते हैं और उनसे बातें कर सकते हैं। हाल में ऐसा वाकया कोरिया के एक टेलिविजन शो में देखने को मिला। 'मीटिंग यू' नाम के इस शो में एक मां को उनकी बेटी से मिलवाया गया, जिसकी मौत साल 2016 में ही हो चुकी थी। शो में मां को उनकी 7 साल की बेटी से मिलवाने के लिए वर्चुअल रिऐलिटी का इस्तेमाल किया गया। यह इस टेक्नॉलजी का ही कमाल है कि मौत के करीब 4 साल बाद भी एक मां ने अपनी बेटी को न सिर्फ छुआ, बल्कि उसके साथ बातें भी कीं। बातचीत के दौरान बेटी ने अपनी मां को भरोसा दिलाया कि अब वह किसी प्रकार का दर्द नहीं महसूस कर रही।

दिल्ली में भारत जीत गया और नफरत हार गई

उपेन्द्र प्रसाद

> केजरीवाल ने भी चुनाव अभियान के दौरान परिपक्वता दिखाई और भाजपा द्वारा फेंके गए जाल में नहीं फंसे। भाजपा के नफरत वाले एजेंडे को ही उन्होंने नजरअंदाज कर दिया और अपनी सरकार द्वारा किए गए काम के आधार पर ही लोगों से वोट मांगते रहे। उनके पास लोगों को दिखाने के लिए अपने काम थे, तो भारतीय जनता पार्टी के पास नफरत फैलाकर चुनाव जीतने की रणनीति। पिछले पांच सालों में अरविंद केजरीवाल ने वह काम कर दिखाया था, जो शायद ही आजतक देश के किसी भी राज्य की सरकार ने किया होगा। उन्होंने 20 हजार लीटर प्रति महीने पानी का उपभोग करने वाले परिवारों को पानी फ्री कर रखा है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी एक बार फिर विजयी हुई है। यह उसका कोई साधारण विजय नहीं है। एक मायने में यह 2015 वाली विजय से भी बड़ी है, क्योंकि उस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उतना जोर नहीं लगाया था, जितना इस बार लगा दिया। हां, यह सच है कि नरेन्द्र मोदी ने इस बार कम चुनावी रैलियां की। लेकिन इसका कारण यह था कि भारतीय जनता पार्टी नरेन्द्र मोदी की प्रतिष्ठा को दांव पर नहीं लगाना चाहती थी। उसे पहले ही दिन से पता था कि दिल्ली चुनाव की डगर उसके माकूल नहीं है, क्योंकि केजरीवाल सरकार का प्रदर्शन यहां बहुत ही शानदार रहा था। केजरीवाल का जादू चुनावी माहौल बनते ही लोगों के सिर पर चढ़ कर बोल रहा था कि शायद भाजपा को शून्य सीटों से ही संतोष करना पड़े। यही कारण है कि नरेन्द्र मोदी ने इस चुनाव में अपने आपको उस तरह नहीं झोंका, जिस तरह किसी भी विधानसभा चुनाव में अपने आपको झोंकने की उनकी आदत है।

नरेन्द्र मोदी ने भले अपने आपको इस चुनाव में नहीं झोंका हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने इस चुनाव को जीतने के लिए वे सारे उपाय आजमा लिए, जो उनके पास थे। उसे सभी राज्यों के अपने मुख्यमंत्रियों को दिल्ली के मोर्चे पर लगा रखा था। सहयोगी नीतीश कुमार को भी अपनी तरफ से दिल्ली में पेश कर दिया और उसे संभव बनाने के लिए उन्होंने उनके दल के लिए दो सीटें छोड़ दीं। नीतीश के दल के पास चुनाव लड़ने लायक उम्मीदवार ही नहीं थे, तो भाजपा ने अपने उम्मीदवार ही जदयू के टिकट से लड़वा दिए। नीतीश ही क्यों रामविलास पासवान की पार्टी के लिए एक सीट छोड़कर बिहारी वोटों को अपने प्रभाव में लाने की कोशिश भाजपा ने। केन्द्र सरकार के सारे मंत्री चुनाव प्रचार में लग गए। हद तो तब हो गई, जब भारतीय जनता पार्टी ने अपने 260 सांसदों को दिल्ली की झुग्गियां आबंटित कर दीं और कहा कि आप मतदान के पहले के तीन दिनों तक वहीं डेरा डाल दें और उनसे भाजपा का वोट मांगते हुए कहें कि जहां आपकी झुग्गियां हैं, वहीं आपको पक्का मकान बनाकर हमारी सरकार देगी।

यह तो हुआ अपने नेताओं को पूरी तरह झोंक देने की बात। इसके अलावा भाजपा ने चुनावी मुद्दों को घोर सांप्रदायिक करण किया। उसके मंत्री और सांसद गोली चलाने की बात भी करने लगे। अपने विरोधियों को गद्दार तो वे पहले से ही कहते रहे हैं। मंत्री द्वारा गोली चलाने के आह्वान के बाद जामिया मीलिया और शाहीन बाग में गोलियां भी चलीं और गोलीबारी के बाद दिल्ली के हिन्दुओं को मुसलमानों के खिलाफ ध्रुवीकृत करने की हर संभव कोशिश की गई। पूरे चुनाव को शाहीन बाग पर जनमत के रूप में पेश करने की कोशिश की गई। शाहीन बाग तो एक प्रतीक था। असली निशाना मुस्लिम थे और शाहीन बाग के बहाने पूरे चुनाव को मुसलमान बनाम हिन्दू बनाने की कोशिश की गई। नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ शाहीन बाग में महिलाएं दो महीने से धरने पर बैठी हुई हैं। यह सच है कि उसमें अधिकांश महिलाएं मुस्लिम हैं, लेकिन उस धरने में हिन्दुओं की भी भागीदारी है और इसके कारण उस मुद्दे पर देश में धार्मिक ध्रुवीकरण नहीं हो पा रहा है। लेकिन भाजपा ने ऐसा करने की भरसक कोशिश की। उसके प्रचार का मुख्य स्वर ही हिन्दू-मुस्लिम, भारत- पाकिस्तान और शाहीन बाग था। उनके रणनीतिकारों को लग रहा था कि दिल्ली की जनता को वे धार्मिक आधार पर बांटने में सफल हो जाएंगे और वहां के लोग केजरीवाल के रूप में एक अच्छी सरकार के बदले भारतीय जनता पार्टी की उस सरकार को पसंद करेंगे, जिसका चरित्र अनिश्चित हो।

केजरीवाल ने भी चुनाव अभियान के दौरान परिपक्वता दिखाई और भाजपा द्वारा फेंके गए जाल में नहीं फंसे। भाजपा के नफरत वाले एजेंडे को ही उन्होंने नजरअंदाज कर दिया और अपनी सरकार द्वारा किए गए काम के आधार पर ही लोगों से वोट मांगते रहे। उनके पास लोगों को दिखाने के लिए अपने काम थे, तो भारतीय जनता पार्टी के पास नफरत फैलाकर चुनाव जीतने की रणनीति। पिछले पांच सालों में अरविंद केजरीवाल ने वह काम कर दिखाया था, जो शायद ही आजतक देश के किसी भी राज्य की सरकार ने किया होगा। उन्होंने 20 हजार लीटर प्रति महीने पानी का उपभोग करने वाले परिवारों को पानी फ्री कर रखा है। लाखों की संख्या में जलबोर्ड के साथ लोगों के मुकदमे थे, क्योंकि केजरीवाल के पहले घरों में ज्यादातर पानी नहीं आता था, लेकिन बिल आ जाते थे। लोग बिलों का भुगतान नहीं करते थे। केजरीवाल ने उस सारे मुकदमो को वापस ले लिया और दशकों पुरान पानी बिल को माफकर दिया। दिल्ली के आधे इलाके में ही जल बोर्ड के पाइप बिछे हुए थे। अब करीब 93 फीसदी इलाकों में पाइप बिछ चुके हैं।

उसी तरह केजरीवाल सरकार 400 यूनिट प्रति महीने बिजली खपत पर पिछले 5 सालों से 50 फीसदी की सब्सिडी दे रही थी। 8 महीने पहले उसे 200 यूनिट बिजली फ्री कर दी। उससे भी बड़ी बात यह हुई कि 24 घंटे बिजली मिलने लगी और बिजली कंपनियों की मनमानी समाप्त हो गई। इसके अलावा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में भी क्रांतिकारी बदलाव हुए। दिल्ली की सरकारी शिक्षा और सरकारी स्वास्थ्य सेवा आज किसी भी अन्य राज्य से बेहतर है। इसका लाभ लोगों को हो रहा है। 3 लाख सीसीटीवी भी लगा दिए गए हैं, जिसके कारण अपराधियों को पकड़ना अब आसान हो गया है। उसके कारण दिल्ली में अपराध भी कम हो गए है। एक बड़ा काम केजरीवाल सरकार ने सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर कर दी है। करीब 80 फीसदी भ्रष्टाचार कम हो गए हैं, क्योंकि सरकारी सेवाएं अब घरों तक पहुंचाई जा रही है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी के लिए दिल्ली का किला फतह करना बहुत कठिन काम है। लेकिन भावनाएं भड़काकर, हिन्दुओं को मुसलमानों का झूठा डर दिखाकर लोगों के वोट लेने की कोशिश की गई। लेकिन लोग झांसे में नहीं और इस तरह नफरत हार गई और दिल्ली में न केवल आम आदमी पार्टी की जीत हुई है, बल्कि यहां भारत ही जीत गया है।

- (संवाद)

कैसा हो आपके सपनों का शहर यह बताना जरुरी है

आशीष मिश्रा

> भारत सरकार ने 2016 में जब स्मार्ट सिटी मिशन की शुरुआत की तो एक कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद रायपुर का नाम भी स्मार्ट सिटी में शामिल किया गया। योजनाओं व आशाओं के स्पंदन के बीच 2018 में नागरिकों से मिले फीडबैक में यह शहर देश के फ्टॉप-7फ्र शहरों में शुमार रहा। इस साल केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय जीवन सुगमता सूचकांक में शहर की रैंकिंग कर रहा है, इसके लिए केंद्र सरकार अपनी टीम शहरों में भेजने के अलावा आम नागरिकों से सीधे 24 सवाल कर जानना चाह रहा है कि उनकी नजर में उनका शहर कैसा है? क्या उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में सफल है या आपके नजरिए से इसमें सुधार व संशोधन की संभावनाएं हैं।

शहर मेरा है, तो मेरी आवाज की खनक भी दिखे यह अपेक्षा हर बाशिंदे की जरूर होती है। रोजमर्रा की जिंदगी में जब हम रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उम्मीद करते हैं, तो यह भी कोशिश होती है कि मेरे शहर में कम खर्च पर आने-जाने की सुविधा का मुकम्मल इंतजाम हो, बच्चों की पढ़ाई के लिए बेहतर स्कूल हो, यही नहीं पूरे जीवन लंबी भागदौड़ के बाद बुढ़ापे में मेरा शहर सुकून के पल गुजारने के लिए बेहतर अबो-हवा के बीच हरे-भरे ऐसे स्थान कम खर्च पर उपलब्ध कराए जिससे कि उम्र की ढलती शाम में भी बुजुर्ग अपनी मुस्कुराहटों से जिंदगी के अपने शानदार अनुभव साझा कर सकें।

सभी सरकारों चाहती हैं कि आशा, विश्वास व आम लोगों की जरूरत के हर स्पंदन को महसूस कर बुनियादी सोच के अनुरुप शहर को विकसित करने कार्यक्रम व योजनाओं की रूपरेखा बनाई जाए। शहर की तासीर के मुताबिक जब योजना व कार्यक्रमों को असली जामा पहनाया जाता है, तो पूरी कोशिश होती है कि आम लोगों की जरूरतों का प्रतिबिंब इसमें शामिल हो और जीवन के पड़ाव से गुजरते हर आदमी के सुकून के लिए उनका शहर सौ फीसदी खुद को बेहतर बना सके।

शहरीकरण की अपनी चुनौतियां होती है। आम नागरिकों को शुद्ध पानी मिले, खूबसूरत उद्यान व क्रीड़ा स्थल उनके शहर को सुंदर बनाएं, पानी से लबालब तालाब व जल स्त्रोत निस्तारी में उनका साथ निभाएं, बीमारों की सेवा के लिए बेहतर अस्पताल मिले और उनकी सुविधाओं व समस्याओं की परख के लिए एक ऐसा विकसित तंत्र हो, जो अपनी त्वरित सेवाओं से उन तक पहुंच सुनिष्चित करने हमेंशा मुस्तैद रहें। इन चुनौतियों को पार करने की सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि आम जरुरतों की समझ जमीनी स्तर से मिले और एक ऐसा आधारभूत तंत्र विकसित हो जो जन सेवा के हर मापदण्ड को दक्षता से पूर्ण करने अपना शत-प्रतिशत दे सकें। इस तंत्र की निगरानी के लिए सबसे जरूरी है कि आम आदमी सबसे पहले अपनी जरुरतों की जानकारी दें और फिर समूचा तंत्र इन्ही जरूरतों को हर घर तक पहुंचाने में योजनाबद्ध कार्यक्रमों का निर्धारण कर इसकी सुलभता की व्यवस्था करें। आम नागरिकों की यह जायज़ कोशिश होती है कि जेब में रखे पैसों के न्यूनतम उपयोग से उनकी हर जरूरतों की पूर्ति हो सके यह चुनौती हर शहर की होती है। कमोबेश हर नागरिक यह चाहता है कि कम खर्च में उनके बच्चों की जरूरतों को पूरा करने मिले। शहर के किसी भी घर में आने-जाने के लिए कम खर्चे में बड़ी आसानी के साधन मिले, बच्चे, महिलाएं सभी सुरक्षित, आत्मविश्वास भरे निश्चिंत भाव से शहर में चहल कदमी करें और खुद को सर्वश्रेष्ठ बनाने में अपनी पूरी शक्ति के साथ प्रतिस्पर्धा के दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकें।

अपेक्षाओं की इस दौड़ में वे जरूरतों को पूरा करने की जुगत तो पूरी करते हैं, लेकिन अधिकांश लोग अपनी जरूरतों को जाहिर करने में हमेशा पीछे रहते हैं, इसलिए जब समग्र योजनाएं एक दूरदर्शी सोच के साथ आगे बढ़ती है, तो उन्हें लगता है कि उनकी मूल जरूरतों की प्राथमिकताएं इनमें शामिल नहीं है। अपनी जरुरतों पर प्रतिक्रिया न देने का आलस्य और निष्क्रियता ही तो उनके माथे पर चिंता की लकीरें खींचती है और अनमने भाव से जीने की मजबूरी का कारण बनती हैं, और अपने एजेंडे में हर वर्ग की जरूरतों को पूरा करने की भरपूर कोशिश करती सरकारें चाहकर भी आम जरूरतों की आवाज़ को लिपिबद्ध नहीं कर पाती है। ऐसे में नागरिकों को अपनी जरूरतों को नीति नियंताओं तक पहुंचाने की जरूरत है और प्रतिक्रिया देने में निष्क्रिय वर्ग की आवाज को जागृत करने गहन आत्ममंथन कर सबकी भागीदारी की दिशा में तेज कदम बढ़ाने की जरुरत है।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर जो आम लोगों के स्नेह व विश्वास के प्रतीक के रूप में ÷मोर रायपुर÷ के नाम से जुबां पर है। मोर रायपुर एक छोटे से मोहल्ले से स्मार्ट सिटी तक की लंबी साहसिक यात्रा में विश्वास व विकास की कई मापदंड स्थापित किए हैं। देश के सात श्रेष्ठ शहरों में शुमार रायपुर व्यापार, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी जरूरतों का केंद्र है। यहां की आबो-हवा समृद्ध विरासत व शांत सौम्य जीवनशैली अन्य प्रांत के लोगों के लिए भी अपना बसेरा बनाने के लिए हमेशा से प्रेरित करता आ रहा है। सभी धर्म, संप्रदाय, वर्ग व समाज की सतरंगी दृश्य के बीच अपने स्वाभिमान के साथ तेजी से विकसित होते शहर के रूप में मोर रायपुर का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। ऐसे में हर नागरिक के सपनों के अनुरूप खुद को गढ़ने में रायपुर को भी महसूस होता है कि शहरवासी अपनी जरूरतों के मुताबिक आगे की राह चुनने में अपनी बात खुल कर रखें।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

है' इतना जोश दिल में

है' इतना जोश दिल में जो लगा दें आग पानी में खड़े हैं शान से हम देख ले दुनिया जवानी में बढ़ा सकता नहीं दुश्मन कभी अपना कदम आगे तिरंगा शान से लहरा रहा है अपनी रवानी में

- संजय कुमार गिरि

सुबह अगर जल्दी जागूं

स ु ब ह अगर जल्दी जागूँ सासू को सुंदर लागूँ देरी हो जाए जिस दिन बिस्तर से उठकर भागूँ नित्यकर्म से होकर निवृत काम रसोई में लागूँ सेवा-धर्म ही होता जीवन देती जाऊँ, ना मांगूं आसाँ नहीं है औरत बनना बनकर औरत ही जानूँ सास-ससुर की सेवा को ही अपना करम-धरम मानूँ।

- जे डी कुदाल

खास पाती

बड़े ही प्यार से उसे गढ़ा

बड़े ही प्यार से उसे गढ़ा गया! चेहरा, आंखें, नाक, कान फिर उसके हाथ और पाँव, फिर बारीकी से उसे संगेमरमर की तरह ... तरासा गया! निश्चित दिन, तय समय पर सजा धजा कर वेदी पर आसीन किया गया! वो कुछ नहीं बोली, फिर उसे बहुत कुछ खिलाया गया! वो बस चुप थी बिल्कुल आशीर्वाद वाली मुद्रा में ... अगली ही शाम फिर ढोल- नगाड़े के संग नदी में विसर्जित किया गया! लेकिन तभी वो जोरों से रोने लगी और किसी ने ये न सुना! क्योंकि हमें मूक चीजें ही पंसद हैं न! यदि वो बोलती, कभी पूजी न जाती!**-सरिता खोवाला**

एक साथ दो एहसास देखा हमने

एक साथ दो एहसास देखा हमने बार बार.. खुशी गम प्यार नफरत ममता कठोरता ईन्सानियत अबहेला बलिदान बेपड़वा सहनशीलता बैचनता आशा निराशा क्रोध क्षमा नकरात्मकता सकारत्मकता दोस्ती दुशमनी एहसास अविश्वास ईश्वर दानव जीवन मृत्यु जो मिला पूर्वजन्म से बाकि रहा जो कुछ,पूर्नजन्म में ।। अनंत काल सिर्फ मेरी ÷अंश÷ रहेगी मेरे साथ में??

- मितु घोष

मिला है जन्म मुझको भारत की माटी मे

मिला है जन्म मुझको भारत की माटी मे पुण्य कर्म है मेरे भोलेनाथ का प्रसाद है न सियासत से बगावत से खिलाफत से शहीदो की शहादत से मुल्क भी आबाद है वतन के वास्ते भी काम न आउ अगर तो बेकार है जवानी और जिंदगी बर्बाद है तोड़ रहे मुल्क जो वो कान खोल कर सुने ये मुल्क जिंदाबाद था ये मुल्क जिंदाबाद है। **- नरेन्द्र गुप्ता कवि**

हर मौसम लगे पतझड़ अब बसंत

हर मौसम लगे पतझड़ अब बसंत सा अब बहार कहाँ पेड़ पौधों की बात करे जो अब वैसी सरकार कहाँ वर्षो तपस्या प्रेम में करते अब वैसा मनुहार कहाँ बरस कर भागे बदरा चुपके से वर्षा की घन्टो फुहार कहाँ नालंदा पे करे अभिमान ज्ञान का ऐसा अब बिहार कहाँ बोनस ने धरा रूप पर्व का गांवों में तब से तिहार कहाँ चैटिंग वीडियो कॉलिंग जमाने मे खत से अब अभिसार कहाँ आते जाते तकते नयन में पनघट में वैसा निहार कहाँ।- **संत आर थवाईत**

बहुत सोच कर बनाया हमने खुदको

बहुत सोच कर बनाया हमने खुदको पत्थर का मिट्टी का बनाया होता तो कोई भी रंग भर लेता हममे। कभी रहा नही संशय खुद को गढ़ने का मुरत खास गढ़े हम गढ़ते थे जो वक्त के हथौड़े से जुड़ जाते थे तोड़े जाने से पहले धुंए से बने थे टूटना हि नही आया हमें बने थे औरों के लिए तो टूटते कैसे? **- प्रीती श्रीवास्तव**

न वो चाँद है न तुम तुम हो

न वो चाँद है न तुम तुम हो न ही हम हम हैं न अब आती हैं चाकलेटी शाम क्यूंकि मेरे कमरे में कोई खिड़की नहीं है और दरवाजे अक्सर बंद रखती हूँ बस एक रौशनदान है जो तुम्हारी याद दिलाता है। **- प्रतिमा शर्मा**

ए देश के वीर शहीदों हाथ जोड़ कर तुम्हे नमन

ए देश के वीर शहीदों हाथ जोड़ कर तुम्हे नमन। तुम्हे समर्पित हर गुलाब हो औ माथे रोली चंदन। व्याकुलता संग कौतूहलता मिल छाई रहती चित पर- शौर्य गाथा के आगे तेरे कर जोड़ तुमको वन्दन। **- रानी इन्दु**

लघु कथा- मंजिल पर पहुंचने के लिए सही राह आवश्यक

मोहिनी साधारण सी लड़की, जो यह भी नहीं जानती कि बाहरी दुनिया में लड़कियों के प्रति सोच कैसी है वह तो सिर्फ यही चाहती थी कि पिताजी के बताए मार्ग पर चलते हुए अपना अध्ययन समाप्त कर अपने पैरों पर खड़ी हो सके, बड़ी बेटी जो थी। उसका एक ही सपना था कि पिताजी के शासकीय नौकरी से सेवानिवृत्ति से पूर्व स्वयं का मकान बने। बस इसीलिए वह दिन-रात एक कर अपनी उच्च स्तर की पढ़ाई पूर्ण करने में लगी थी । उसकी छोटी बहन संजना 12वीं कक्षा में पढ़ रही थी और माँ घर की देखभाल करती। पिताजी ने दोनों ही बेटियों का पालन-पोषण बहुत प्यार दुलार से किया, बेटा नहीं होने का अफसोस कभी नहीं किया। सरल ङ्क सहज स्वभाव के माता-पिता बस नौकरी, घर के काम-काज, खाने-पीने की चीज़ें बनाना एवं अतिथियों का स्वागत करना, इन्हीं सब उधेड़बुन में इनकी ज़िंदगी सिमटी थी। उन्हें बाहरी दुनिया के दांव-पेंचों का बिल्कुल भी अंदाज़ा नहीं था, जो वे अपनी बेटियों को दे पाते। इसी बाहरी ज्ञान से वंचित होने पर भी मोहिनी अपनी राह चल पड़ी थी, एक की कमाई में कॉलेज की पढ़ाई के लिए नवीन पुस्तकें खरीदना संभव नहीं होने के कारण वह हमेशा सेकेण्डहेंड पुस्तकों की तलाश में रहती और सफलता भी मिलती। पुराने साथी इस कार्य में सदा सहायता करते हैं, पर उसे यह नहीं पता था कि पुस्तकों की सहायता भी कोई अपने मतलब के लिए कर सकता है भला अपनी ही कॉलोनी में रहने वाले दिलीप भैया, जिन्होंने नई कोचिंग शुरू की थी, वे उसके साथ इस तरह का मतलबी व्यवहार करेंगे । उन्होंने मोहिनी को बी.कॉम. की पुरानी उपयोगी पुस्तकें तो दिलवाई परंतु उसके बदले शर्त रख दी कि रोज़ाना सुबह उनकी कोचिंग में कॉमर्स के विषयों को विद्यार्थियों को अध्ययन करवाए।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1742 - मराठा राजनीतिज्ञ बालाजी जनार्दन भानु उर्फ नाना फड़णवीस का जन्म। 1762 - ब्रिटिश नौसेना ने कैरेबियाई द्वीप मार्टिनिक पर कब्जा किया। 1771 - गुस्ताव तृतीय स्वीडन के राजा बने। 1809 - अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन का जन्म। 1818 - दक्षिण अमेरिकी देश चिली को स्पेन से स्वतंत्रता मिली। 1855 - अमेरिका में मिशीगन विश्वविद्यालय की स्थापना। 1871 - ईसाई मिशनरी, शिक्षाविद एवं भारत में समाज सुधार का काम करने वाले चार्ल्स एफ एंड्रयूज का इंग्लैंड में जन्म। 1912 - चीन ने ग्रेगोरियन कैलेंडर को अपनाया। 1922 - राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कांग्रेस कार्यकारिणी समिति को असहयोग आन्दोलन समाप्त करने के लिए मनाया।

न्यूज गैलरी

नवजात शिशु का मिला शव

दुर्ग। शनिचरी बाजार चौक से लगे सरदार पटेल सरकारी स्कूल के पास सुबह एक नवजात शिशु के शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। यह नवजात शिशु बालिका है। फिलहाल शिशु के वारिसानों का कुछ पता नहीं चल पाया है। लावारिश अवस्था में पड़े शिशु के पास सुअरों का झुंड झूमते देख एक सामाजिक कार्यकर्त्ता द्वारा घटना की कोतवाली पुलिस में सूचना दी। पुलिस ने शव को बरामद कर स्थानीय मरर्च्युरी भिजवाया। फिलहाल पुलिस घटना को अवैध संबंध की परिणिति मानकर चल रही है। पुलिस घटना की गंभीरता से जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि नवजात शिशु के वारिसानों का पता लगाने क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरा के फुटेज खंगाले जाएंगे, साथ ही आसपास के लोगों से पूछताज की जाएगी।

इंदिरा मार्केट में फिर चलेगी मुहिम

दुर्ग। कलेक्टर अंकित आनंद ने निगम आयुक्तों को सख्त लहजे में निर्देशित किया है कि निगम क्षेत्रो में अवैध कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ सघन मुहिम चलाकर कार्रवाई करें। शहर के व्यस्तम एवं महत्वपूर्ण क्षेत्र इंदिरा मार्केट मार्ग पर अवैध रूप से व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए है। इस मार्ग पर अतिक्रमण पर कार्रवाई करने के लिए एक बार फिर से मुहिम चलाया जाएगा। अतिक्रमण करने वाले व्यवसायियों को धारा 133 के तहत नोटिस तामिल कर वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

फोरम ने वसूला 38 लाख हर्जाना

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला उपभोक्ता फोरम सदस्य राजेन्द्र पाध्ये व लता चंद्राकर ने महानदी एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड बैंगलोर पर तीन अलग-अलग मामलों में 37.97 लाख हर्जाना लगाया। महानदी एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड के खिलाफपति भोलेश्वर साहू और पत्नी सत्यभामा साहू ने 3 अलग-अलग शिकायतें जिला उपभोक्ता फोरम में पेश की थी।

चिटफंड कंपनी ने परिवादी साहू दंपत्ति से मंथली इनकम प्लान के तहत पृथक पृथक रकम 1302000 रुपये, 1080000 और 387440 रुपये कुल मिलाकर 2769440 रुपये जमा करवाया, जिसके एवज में कंपनी द्वारा 05 साल तक हर महीने निश्चित ब्याज का भुगतान परिवादियों को किया जाना था और 05 साल पूरे होने पर जमा राशि 2769440 रुपये वापस लौटाई जानी थी लेकिन चिटफंड कंपनी ने कुछ महीने तक ही ब्याज का भुगतान किया, इसके बाद ब्याज भुगतान करना बंद कर दिया और परिवादियों को उनकी जमा मूल रकम भी वापस नहीं की। तीनों प्रकरणों में अनावेदक कंपनी की ओर से अधिवक्ता उपस्थित हुए परंतु कोई जवाब पेश नहीं किया गया। जिला उपभोक्ता फोरम ने प्रकरण में पेश दस्तावेजों के आधार पर यह प्रमाणित पाया कि अनावेदक कंपनी ने परिवादियों से राशि प्राप्त की और उन्हे नियमित रूप से ब्याज अदा नहीं किया। और फोरम ने कहा कि अनावेदक कंपनी के कृत्यों के कारण जमा योजना पर अविश्वास होने की स्थिति में ग्राहक अगर अपनी जमा राशि की वापसी की मांग करें तो अविलंब उसकी राशि वापस की जानी चाहिए परंतु अनावेदक कंपनी द्वारा ऐसा नहीं किया जाना व्यवसायिक दुराचरण और सेवा में निम्नता की श्रेणी में आता है। फोरम ने अनावेदक कंपनी महानदी एडवाइजरी सर्विसेज लिमिटेड बैंगलोर पर तीनों मामलों को मिलाकर कुल 3797648 रुपये हर्जाना लगाया, जिसमे दोनों परिवादियों की जमा कुल राशि रु. 2769440, मासिक ब्याज की बकाया राशि 915208, मानसिक वेदना की क्षतिपूर्ति स्वरूप 110000 एवं वाद व्यय हेतु 3000 भुगतान करने का आदेश दिया।

अवैध प्लाटिंग पर नपा की कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका क्षेत्र में पालिका प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग पर ताबड़ तोड़ कार्यवाही प्रारंभ कर दिया है वार्ड 1, 17 व 20 में अवैध रूप से जमीन खरीदी विक्री करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज तक करवाने की तैयारी की जा रही है। नपा प्रशासन के कार्यवाही के दौरान कोई भी जमीन मालिक सामने उपस्थित नहीं हुए कार्यवाही सुबह से लेकर शाम तक चलता रहा मुख्य नपा अधिकारी राजेश तिवारी ने 1 दिन पूर्व ही सभी अवैध प्लाटिंग का स्वयं निरीक्षण किया था एवं टीम बनाकर निर्देशित किया था। वार्ड क्रमांक 20 मे 3 एकड़, वार्ड 17 में 20 एकड़ एवं वार्ड 1 में 15 एकड़ में अवैध प्लाटिंग के ऊपर कार्यवाही किया गया सीएमओ राजेश तिवारी ने बताया कि कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। किसी प्रकार के व्यवधान उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी संभावित है। आज सुबह से ही उपअभियंता एके लोहिया, प्रभारी गण प्रकाश दास मानिकपुरी सहित पूरे अमले के साथ दिनभर अवैध प्लाटिंग पर कार्यवाही पर लगे रहे।

खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। खेलो इंडिया में वाइल्ड कार्ड एंट्री पाने वाले साइकिलिस्टों का महापौर व विधायक देवेन्द्र यादव ने अपने सेक्टर 5 स्थित निवास पर सम्मान किया। साइकिलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावर ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा खेलो इंडिया नेशनल यूथ गेम्स 2020 का आयोजन 10 से 22 जनवरी 2020 तक गुवाहाटी असम में किया गया था। वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को भी नामांकित किया गया। इसके तहत साइकिलिंग में भाग लेने के लिए छग के तीन साइकिलिस्ट कुमारी लक्ष्मी निर्मलकर, प्रतीक सिंह तथा विवेक साहू को वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली। छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद राज्य के साइकिलिस्ट को प्रथम बार वाइल्ड कार्ड एंट्री मिली है। इस उपलब्धि के लिए हिमांशु द्विवेदी अध्यक्ष साइकिलिंग एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ तथा महासचिव विनायक चन्नावार तथा पदाधिकारियों ने बधाइयां तथा शुभकामनाएं दी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
500/अ-2 /2019-20	श्रीमती शाबिया खातून	202001100400158

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती शाबिया खातून पति मो. किताबुद्दीन निवासी सेक्टर 01 क्वा.नं. 2 ए एवेन्यु बी भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं.1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम जामुल प.ह.न. 13/18 तह.व जिला दुर्ग	358/79	0.020 हें 2100 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

महाशिवरात्रि पर 20 से महोत्सव

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। मानव मात्र के आध्यात्मिक और मानवीय मूल्यों की पुनः स्थापना के लिए विगत 84 वर्षो से अथक कार्यरत अन्तराष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 15 दिवसीय महोत्सव का वो परम पिता मेरा ही पिता है थीम पर भव्य आयोजन किया। सर्वशक्तिमान सर्वोच्च शक्ति प्रकाश स्वरुप को सभी धर्मो ने स्वीकार किया है द्य हम सब एक है इसलिए कहा गया है कि हिन्दू, मुस्लिम, सिख, इसाई हम सब है भाई भाई क्न्योकी हम सब एक परम पिता की संतान है द्य इसी उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए इस्पात नगरी और शिक्षा नगरी के नाम से प्रसिद्ध मिनी इंडिया भिलाई में प्रथम बार अभूतपूर्व भव्य झांकी का विशाल आयोजन 20 से 27 फरवरी तक सर्व के दर्शनार्थ पूर्णतः निशुल्क रहेगी। महोत्सव में विशेष ब्रह्माकुमारीज एवं राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के युवा प्रभाग द्वारा सर्वधर्म सम्भाव युवा सायकल यात्रा 16 और 17 फरवरी को रहेगी। सर्वधर्म सम्भाव सायकल यात्रा में 100 से भी अधिक सम्पूर्ण निर्व्यसनी, नियमित राजयोग के अभ्यास विभिन्न धार्मिक स्थानों से गुजरते हुए आपसी एकता, प्रेम सद्भाव और वसुधैव कुटुम्ब हम सब एक है और एक के है का अतिशय सुन्दर सन्देश की मनोहारी सुगंध से भिलाई की बगिया को महकायेंगे।

लगाया जुर्माना

भिलाई। निगम की उड़नदस्ता टीम ने आज वार्ड 1 जुनवानी, वार्ड 2, वार्ड 6 व वार्ड 12 कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी, जीई रोड, शांति नगर, सेक्टर 1 सहित निगम के विभिन्न क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले व्यवसायियों से प्रतिबंधित डिस्पोजल गिलास का विक्रय, बिना अनुज्ञप्ति लाइसेंस व्यवसाय तथा बाजार क्षेत्र में गंदगी फैलाने वालों का निरीक्षण कर कार्यवाही करते हुए 10 हजार अर्थदण्ड वसूला।

लाइकेन थैलोफाइटा प्रकार की वनस्पति है : साधना

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी के सूक्ष्म जीव विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया जिसका शीर्षक लाइकेन था। यह व्याख्यान डॉ साधना जायसवाल, सहायक अध्यापक, नागार्जुन साइंस पोस्ट ग्रैजुएट कॉलेज रायपुर द्वारा दिया गया। डॉ जायसवाल ने बताया कि लाइकेन थैलोफाइटा प्रकार की वनस्पति है जो कवक तथा शैवाल दोनों से मिलकर बनती है इसमें कवक तथा शैवालों का संबंध परस्पर सहजीवी जैसा होता है कवक जल, खनिज-लवण, विटामिंस आदि शैवाल को देता है और शैवाल प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा कार्बोहाइड्रेट का निर्माण कर कवक को देता है। कवक तथा शैवाल के बीच इस तरह के सहजीवी संबंध को हेलोटिस्म कहते हैं। महाविद्यालय के निर्देशक एवं प्राचार्य डॉ रक्षा सिंह एवं जे. दुर्गा प्रसाद राव ने इस कार्यक्रम की सराहना की।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शांती भूषण आ. शिवनंदन प्रसाद साकिन मैत्री कुंज रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 84/1/17 रकबा 0.002 हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से सुदर्शन कुमार पाहवा आ. आर.एस. पाहवा से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर/ दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.02.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./546/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आभादास पति स्व. जुगलू किशोर दास निवासी ग्राम मोतीपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 52/172, 58/53, 59/55, 60/53, 62/128, 63/137 रकबा कुल 0.029 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जुगल किशोर दास आ. आर. के. दास की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./76/अ-20(1) वर्ष 2019-20

आवेदक गणेशराम साहू पिता स्व. उपेन्द्र साहू निवासी सिकोला बस्ती द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग में स्थित मोहल्ला नजूल शीट क्रमांक 71 ए भूंखड क्र 12/2 क्षेत्रफल 86 वर्गमीटर आवासीय/ व्यवसायिक भूखण्ड स्थाई नजूल पट्टे पर उन्हे प्राप्त है, जिसकी पट्टा अवधि 2032 है। छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 04-07/7-1/2019 दिनांक 11.09.2019 एवं 26.10.2019 में जारी निर्देशों के अनुक्रम में धारक/ पट्टेदार द्वारा शासन की शर्तो के अनुरुप उक्त भूखण्ड का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.02.2020 या इसके पुर्व इस न्यायालय में स्वतःया किसी अधिकृत व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भूखण्ड संबंधी जानकारी हो प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। इसके पश्चात् प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया ।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तह. धमधा जिला (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एम श्रीनिवासलु आ. स्व. पिच्चैया एवं अन्य 02 निवासी सेक्टर 07 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम जंजगिरी प.ह.न. 49 रा.नि.मं. कुम्हारी तह धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न. 601/19 रकबा 0.011 हे. भूमि भूधारक एम महालक्ष्मी पति एम पिच्चैया साकिन जंजगिरी के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त खातेदार का मृत्यु दिनांक 06.09.2019 को हो जाने के कारण विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र के आधार पर दावा/आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 09.03.2020 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार अहिवारा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./576/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400068

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मिथलेश मिश्रा आ. श्री बेनी मिश्रा निवासी बभुवा बाजार गोपालगंज बिहार द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 197/22 रकबा 0.010 हें/ 1080 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक महादेव कार्स प्रा. लि. डायरेक्टर प्रताप मध्यानी आ. टेउमल मध्यानी निवासी मालवीय नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम सिकोला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 175/85, 175/12 एवं 175/82 रकबा 0.105, 0.029, 0.047 हें/ वर्गफीट भूमि के औद्योगिक प्रयोजन हेतु आवेदन पत्र अपर कलेक्टर के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था जो जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिधारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.01.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./571/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400063

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री इन्द्रजीत सिंह आ. श्री दलबीर सिंह निवासी बी/25 फेस 2 सूर्या विहार जुनवानी वार्ड नं. 01 द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 482/6 रकबा 0.109 हें/ 11710 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./570/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400062

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती अमनदीप कौर पति श्री इन्द्रजीत सिंह निवासी आर्य नगर सिरसा रोड कोहका भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 21 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 482/9 रकबा 0.014 हें/ 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./577/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400069

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती प्रीती साव पति श्री रोशन कुमार साव निवासी एमआईजी 05 वार्ड 08 हाऊसिंग बोर्ड भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 197/16 रकबा 0.008 हें/ 840 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./575/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400067

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री प्रदुमन मिश्रा आ. श्री बेनी मिश्रा निवासी बभुवा बाजार गोपालगंज बिहार द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 197/21 रकबा 0.010 हें/ 1080 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./598/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400090

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री मृत्युंजय पांडे आ. श्री पारसनाथ पांडे निवासी सेक्टर 06 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम खपरी प.ह.न. 11/58 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 160/2 रकबा 0.1080 हें/ ... वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./535/अ-2/2019-20
पंजी. नं. 202002100400025

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री कमलकिशोर साहू आ. श्री भुवनलाल साहू निवासी आशीष नगर वेस्ट रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की ग्राम पाऊवारा प.ह.न. 44 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 536, 537 रकबा 0.22, 0.23 हें/ 48450 वर्गफीट के औद्योगिक प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 03.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अल्का पारथी पति इन्द्र कुमार निवासी दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 826/182 रकबा 0.009 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार सीमा त्रिपाठी पति गौर मोहन से दिनांक 27.01.2020 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.02.2020 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका हंसा कुमारी साकिन विजय नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग अपने स्वयं हंसा कुमारी आ. हीरालाल की जन्म दिनांक 05.09.1969 को हो चुकी है। उक्त संबंध में जन्म प्रमाण पत्र चाहा गया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 15.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 01.02.2020 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक एम कुमार आ. स्व. रामेश्वर दास साकिन रिसाली द्वारा ग्राम रिसाली प.ह.न. रा.नि.मं. दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 415/4 रकबा 0.01 हे. जो उसके स्व. रामेश्वर दास के नाम पर दर्ज है कि फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर/ दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.02.2020 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र./176/अ-2/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक बी.व्ही. एस राव आ. बी.एन. राव साकिन उत्तर वसुंधरा नगर भिलाई तहसील पाटन व जिला दुर्ग के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 03 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 53/69, 71/69, 53/77, 71/36 रकबा 0.015, 0.015 हें. अर्थात 3000 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 17.02.2020 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01.02.2020 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./112/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पूजा शर्मा पति मोहनलाल शर्मा निवासी ग्राम सिरसाकला तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिरसाकला प.ह.न 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 181 रकबा 0.2600 वर्गफुट भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 0.2600 वर्गफुट हे. भूमि जो कि आवेदिका के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका के द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर द्वितीय ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 27.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 10.02.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./490/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक डी. सांई गोपाल शर्मा पिता स्व. डी. बबलू निवासी ग्राम तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 15/32, 15/33, 15/13 रकबा 0.022 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार डी. बबलू आ. डी.एम. एन. शर्मा की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./494/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद रफीक खान पिता गुलाम रसुल खान निवासी ग्राम तकियापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 767/157 रकबा 0.005 हें भूमि को विक्रेता मोहम्मद एजाज नाथानी पिता अब्दुल उसमान निवासी ग्राम शिव मंदिर के पास सुभाष नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.01.2020 को क्रय किया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.02.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.01.2020 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै AORAN PANJWANI W/O JASHAN MAL PANJWANI, निवासी 499, वार्ड नं. 26, संतराबाड़ी दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि विवाह पूर्व मेरी नाम AORAN BAI D/o NANDU MAL BATRA थी। विवाह पश्चात् मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम AORAN PANJWANI W/O JASHAN MAL PANJWANI रख ली हूं। मै अपना पासपोर्ट नं. एफ 9160036 मे अपना नाम AORAN PANJWANI W/O JASHAN MAL PANJWANI सुधार करवाना चाहती हूं।

अतः पासपोर्ट मे नाम सुधार कराने के समर्थन मे यह प्रकाशन किया जा रहा है।

न्यूज गैलरी

इलाज के दौरान वृद्ध की मौत

महासमुंद। बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम मोंगरापाली निवासी डेरहाराम सिन्हा पिता तिलकराम सिन्हा(65) का उपचार के दौरान रायपुर मेकाहारा में मौत हो गई। जहर खुरानी के बाद उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार

महासमुंद। बसना पुलिस ने रविवार को सट्टा खिलाते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया। जानकारी के मुताबिक श्रीदास पिता सुकरूदास (40) सिंघनपुर तालाब के पास सट्टा खिलाते हुए मिला जिसके पास से पुलिस ने 14 सौ रूपए जब्त किया। इसी तरह गांव के ही खार में अनंत साहू पिता विजय साहू (40) को भी सट्टा खिलाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने अनंत के पास से कुल 3730 रूपए और सट्टा-पट्टी जब्त कर 4 क जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

अस्पताल स्टॉफ से अभ्रद व्यवहार

महासमुंद। पिथौरा सीएचसी में एक युवक द्वारा नशे की हालत में अभ्रद व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। अस्पताल स्टॉफ की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफजुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। डॉ एमएस कंवर ने पुलिस को बताया कि पिथौरा निवासी किशन साहू पिता मयाराम और लोकेश साहू ने शनिवार को नशे की हालत में प्रसव कक्ष में प्रवेश कर स्टॉफसे अभद्र व्यवहार कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ 294, 506, 34,186 के तहत मामला दर्ज किया है।

सरपंच सहित पंचों ने किया कांग्रेस प्रवेश

महासमुंद। ग्राम पंचायत मुढ़ेना के नवनिर्वाचित सरपंच सहित पंचों ने विधायक निवास पहुंचकर विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। सोमवार को राजेंद्र चंद्राकर व यशवंत राव खापर्डे के नेतृत्व में ग्राम पंचायत मुढ़ेना के सरपंच गोवर्धन बांधे, पंच नरोत्तम सिन्हा, दर्शन, गजेंद्र साहू, टीकम विश्वकर्मा, उर्वशी योगेश सिन्हा, लक्षवंतीन कोसले, पिंकी निषाद, गीता निषाद, संतोषी निषाद, देवनाथ सोनवानी, अमृत सोनवानी, गोमती साहू सहित शत्रुघन निषाद, नारायण देवदास, राधे कोसले, पुनाराम मिरी, रोहित गजेंद्र आदि विधायक निवास पहुंचे। जहां विधायक श्री चंद्राकर के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। इस दौरान विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि गांव में विकास कार्य मिलजुल कर करेंगे। वैसे भी प्रदेश में काबिज कांग्रेस सरकार गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधायक प्रतिनिधि दाउलाल चंद्राकर, वीरेंद्र चंद्राकर आदि मौजूद थे।

नवविवाहिता की मौत, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

महासमुंद। ग्राम बटकी की एक नव विवाहिता की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। एक ओर जहां उसके ससुराल पक्ष ने डॉक्टर के गलत इलाज के कारण मौत होने का आरोप लगाया है, वहीं मायके पक्ष वालों ने उनके दामाद द्वारा प्रताड़ित करने और उसे कोई जहरीली चीज देकर मार देने का आरोप लगाया है। पुलिस मृतिका के परिजनों द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक पति हेमचंद और सुभाषिनी की 1 माह पूर्व विवाह हुआ था और उसकी पत्नी की तबीयत ठीक न होने से इलाज के दौरान मौत होने की बात कही जा रही है, वहीं भगत सरायपाली निवासी मृतका के पिता परसराम ग्वाल ने अपने दामाद हेमचंद पर आरोप लगाया है कि उसके दामाद का किसी अन्य के साथ अफेयर चल रहा था। विवाह के बाद उनका दामाद 10-15 दिन ही गांव में रूका और उसकी पुत्री को ससुराल में छोड़कर अकेले रायपुर चला गया। वह उनकी पुत्री को पसंद नहीं करता था, इसलिए उनकी पुत्री हमेशा अपने ससुर के साथ आना-जाना करती थी।

पीठासीन एवं मतदान अधिकारी निलंबित

महासमुंद। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन में लापरवाही बरतने वाले एक पीठासीन अधिकारी एवं चार मतदान अधिकारी को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार जैन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग महासमुन्द के उप अभियंता जगदीश प्रसाद को बागबाहरा के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया था। उनको 02 फरवरी 2020 को मतदान दलों को सामाग्री वितरण किए जाने के लिए सवेंरे 7 बजे जनपद पंचायत बागबाहरा में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनके द्वारा बिना कोई सूचना के कर्तव्य पर अनुपस्थित थे। इस कारण उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) बागबाहरा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में प्रसाद को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इसी प्रकार पीएचई महासमुंद के हेण्डपम्प तकनीकी सहायक महेन्द्र नाविक, ग्रामोद्योग विभाग के भृत्य पुरूषोत्तम बरिहा को मतदान अधिकारी क्रमांक-3 के लिए नियुक्त किया गया था। इसी प्रकार शासकीय प्राथमिक शाला रामाडबरी के सहायक शिक्षक एलबी सुरेन्द्र भाठिया एवं शासकीय प्राथमिक शाला बम्बूरडीह के सहायक शिक्षक एलबी अशोक कुमार ठाकुर को मतदान अधिकारी क्रमांक-2 नियुक्त किया था।

किसानों को क्रेडिट कार्ड देने विशेष अभियान चलाएगा जिला प्रशासन

- **सभी सम्मान निधि पाने वाले किसानों को मिलेगा केसीसी**

महासमुंद। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभान्वित किसानों को शत-प्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड दिए जाने की योजना है। जिसके तहत जिले में अभियान चलाकर किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए जाने की तैयारी है।

इस संबंध में सोमवार को कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने पत्रकारों की बैठक लेकर योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कलेक्टर जैन ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत एक लाख पांच हजार 675 किसान लाभान्वित हुए हैं, जिनमें 93 हजार 330 किसान केसीसी धारक हैं और शेष 12 हजार 345 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदान किया जाना है। उन्होंने बताया कि सभी पात्र एवं 12 हजार 345 किसानों को केसीसी प्रदान करने के लिए 15 दिन का विशेष अभियान चलाया जाएगा।

जैन ने बताया कि आईबीए द्वारा बैंकों को तीन लाख रूपए तक के केसीसी ऋणों के लिए सभी बैंक प्रभार, अर्थात प्रसंस्करण, प्रलेखन, निरीक्षण और लेजर फोलियों शुल्क और अन्य सेवा शुल्क में छूट दिया जाएगा। किसानों से पूर्ण आवेदन प्राप्त होने के 14 दिनों के भीतर बैंक केसीसी जारी करेंगे। भूमि रिकॉर्ड की एक प्रति और बोई गई फसलों का विवरण जमाकर केसीसी का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए एक पेज का फॉर्म आईबीए द्वारा तैयार कर सभी सहकारी वाणिज्यिक बैंकों और पीएम-किसान पोर्टल की वेबसाईटों में अपलोड की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभान्वित किसान उस बैंक शाखा में जाकर, जहां उनका पीएम-किसान खाता है केसीसी का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

अमावस हत्याकांड, अवैध संबंध की थी परिणति

- **24 घंटे के अंदर हत्या का आरोपी गिरफ्तार**

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। तुमगांव थाना अंतर्गत ग्राम अमावस स्थित हैचरीज प्लांट के समीप रविवार सुबह मिली रोहित ध्रुव की लाश की गुत्थी सुलझा ली है। सोमवार को कंट्रोल रूम में तुमगांव पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि अमावस में रोहित ध्रुव (42) पुत्र हरिश्चंद्र की लाश संदेहास्पद स्थिति में मिली थीं। मामले में डाग स्क्वॉड की मदद लेकर सभी पहलुओं की जांच की गई। आरोपित ईश्वर साहू पुत्र डाहरू राम साहू निवासी बेलटुकरी को हत्या के आरोप में

पुलिस ने 15 घंटे में हिरासत में लिया और पूछताछ की। 24 घंटे में मामले का खुलासा हो गया।

एसडीओपी नारद सूर्यवंशी ने बताया कि तुमगांव पुलिस ने लोगों से इस मामले की पूछताछ की तो पता चला कि आरोपित के घर मृतक रोहित का आना-जाना था। रोहित, आरोपित की मां पर बुरी नजर रखता था। आठ फरवरी को आरोपित के घर रात साढ़े 10 बजे जाकर दरवाजा को चुपचाप खोलने लगा। दरवाजा खोलने की आवाज सुनकर ईश्वर जाग गया। दोनों में लड़ाई हुई। आरोपपित ने मृतक के गले में रखे गमछा से गले को दबाकर मार डाला। उसके बाद उसकी लाश को मोटर साइकिल में रखकर अमावस तालाब के पास ले जाकर फेंक दिया। मृतक के मृत्यु को आत्महत्या का रूप देने के लिए कीटनाशक दवाई को उसके मुंह में डालकर डब्बे को मौके छोड़ कर चला गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप मिंज, सहायक उपनिरीक्षक रमनलाल टांडेकर, आरक्षक शाखाराम ध्रुव, अनिल बंजारे, नवल प्रधान, उत्तम साहू, हेमदास का योगदान रहा।

जल संसाधन विभाग के कर्मचारी ने अपने कपड़े में सुसाइट नोट लिखकर, घर के म्यांर में लगाई फांसी

नव प्रदेश संवाददाता

लवन। लवन पुलिस चैकी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम खम्हारडीह में एक व्यक्ति ने अपने ही घर के म्यांर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। फांसी लगाने के पूर्व मृतक व्यक्ति ने अपने कपड़े व सुसाइड नोट में मेरा अपसेन्ट क्यों और किसने किया लिखा हुआ था जिसे ने जप्त किया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

लवन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खम्हारडीह निवासी हेतराम पैकरा पिता स्व. सुधाराम पैकरा उम्र 40 वर्ष जल संसाधन विभाग उप संभार क्र. 06 में माली का कर्मचारी था। हेतराम पैकरा का आमने-सामने घर है जिसमें एक घर में 10 फरवरी को दोपहर 1 बजे शराब पीकर घर के म्यांर में फांसी लगा ली। जिस समय मृतक ने फांसी लगाई उस समय घर में

कोई नहीं था। सुनेपन का फायदा उठाकर ही उसने आत्म हत्या कर ली। बताया गया कि मृतक शराब का आदि था चुनाव के पूर्व कुछ दिनों से अपने कार्य पर नहीं जा रहे थे। हेतराम पैकरा के फांसी लगाए जाने की जानकारी मृतक के चाचा संतराम पैकरा के द्वारा लवन पुलिस चैकी पहुंचकर दी गई। जानकारी मिलते ही लवन पुलिस के स्टाफ प्र0आर0 मन्नूलाल ध्रुव, आर0 गोवर्धन राय के द्वारा घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर नीचे उतारा गया। मृतक शासकीय ड्रेस में था जिसमें सामने के कपड़े में काम पर जाने के बाद भी अपसेन्ट क्यों और किस लिए और किसने किया मेरे परिवार की जिम्मेदारी उठाना होगा जैसे बातों का उल्लेख पेन के माध्यम से कपड़े व कागज में लिखा हुआ था। लिखे गए सुसाइट नोट से यह स्पष्ट है कि मृतक काफी दिनों से प्रताड़ित था, जिसकी वजह से ही यह ठोस कदम उठाया। फिलहाल लवन पुलिस चैकी के द्वारा विवेचना में लिया गया।

78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास अभा हॉकी प्रतियोगिता की बैठक संपन्न

- **हॉकी नर्सरी की गरिमा के अनुरूप होगा आयोजन**

राजनांदगांव। आगामी 16 से 24 फरवरी तक आयोजित 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में देश की 20 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता की तैयारियों के संबंध में कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा की गई। नगर की खेल प्रेमी जनता की

अपेक्षाओं और गरिमा के अनुरूप प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बैठक में राजनांदगांव नगर निगम की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, राजगामी संपदा के अध्यक्ष विवेक वासनिक, नगर निगम के सभापति हरिनारायण धकेता, पूर्व महापौर मधुसूदन यादव, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि लीलाराम भोजवानी, अपर कलेक्टर ओंकार यदु, अपर कलेक्टर हरि कृष्ण शर्मा, नगर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक सहित आयोजन समिति के सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बैठक में सबसे पहले महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने इस वर्ष आयोजित होने वाली 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए नगर के खेल प्रेमी जनता और आयोजन समिति के सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि पूर्व वर्षों के भाति ही प्रतियोगिता सफलता पूर्वक आयोजन किया जाना है। बैठक में एस्ट्रोटर्फ की साफ-सफाई के संबंध में चर्चा हुई। नगर निगम के पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने 51 हजार रूपए एस्ट्रोटर्फ की सफाई के लिए देने की घोषणा की।

कमला कॉलेज की छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

राजनांदगांव। शासकीय कमलादेवी राठी स्नाकोत्तर महिला महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु सहायक प्राध्यापक डॉ. लाली शर्मा एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. प्रज्ञा मिश्रा के सानिध्य में साई प्लास्टिक इंडस्ट्रीज ममता नगर ले जाया गया। संस्था के कर्मचारी रवि साहू व श्री देवांगन द्वारा छात्राओं को प्लास्टिक बोतल, कैन, प्लास्टिक टंकी एवं पाईप निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री, प्रक्रिया, फैक्ट्री प्रारंभ करने हेतु जिला उद्योग विभाग से औपचारिकताओं के संबंध में उन्होंने छात्राओं को कारखाना निरीक्षण के दौरान मशीनों के संबंध यथा मशीन की सेटिंग्स मशीन की डाई, उत्पादित माल की मात्रा में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं की जिज्ञासा एवं पूछे गए प्रश्नों के संबंध में विस्तार जानकारी दी।

राजनाँदगाँव जनपद उपाध्यक्ष के लिए ओमप्रकाश की प्रबल दावेदारी

राजनांदगांव। जनपद में नये चुनाव के बाद बैठने वाले उपाध्यक्ष पद को लेकर राजनीति चरम पर पहुँच रही है। कोई अपनी जीत को बड़ी बताते हुए दावे कर रहा है तो कोई किसी बड़े ओहदेदार को हराने के कारण खुद को उपाध्यक्ष का दावेदार मान रहा है। इन सारे अनुमान के बीच जनपद उपाध्यक्ष पद पर काबिज होने के लिए बड़े जोर शोर से ओमप्रकाश साहू की दावेदारी भी सामने आ रही है। चुनावों की संपन्नता के बाद बात करें तो ओमप्रकाश अपने सामने खड़े दो प्रबल प्रत्याशियों को हराकर जनपद सदस्य के रूप में विजय प्राप्त की है। सूत्रों की माने तो ओमप्रकाश साहू का नाम भले ही राजनीति के आकाश में नया हो सकता है, किंतु उनके जानकारों का मानना है कि श्री साहू के साथ विधायक सहित कांग्रेस के अध्यक्ष का आशीर्वाद भी बना हुआ है। उपाध्यक्ष पद पर अपनी ताजपोशी के लिए ओमप्रकाश साहू को कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का भी समर्थन प्राप्त हो रहा है।

गरवा कार्यक्रम में पशुधन विकास विभाग द्वारा कार्य प्रगति पर

महासमुंद। शासन की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के अंतर्गत गरूवा, घुरूवा कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत, वन, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के सहयोग से पशुपालन विभाग द्वारा पशु संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। पशु चिकित्सा एवं सेवाएं के उप संचालक ने बताया कि गरूवा संवर्धन के लिए जिले में स्वीकृत 225 गौठानों में 76 गौठानों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं 102 गौठानों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन गौठानों में औसत 6 हजार 70 पशुधन आते हैं। इन पशुओं से उत्सर्जित गोबर से 103 मिट्रिक टन खाद का उत्पादन हुआ है। वहीं 33 गौठानों में 10 हजार 501 किलोग्राम वर्मी खाद का उत्पादन हुआ है। इन गौठानों में 426 पशु स्वास्थ्य रक्षा शिविर संपन्न किए गए हैं। 61 हजार 687 पशुओं में गलघोंटू, एकटंगिया एवं खुरहा-चपका रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण किया गया है। वहीं 6 हजार 719 पशुओं का सामान्य रोग उपचार किया गया है। जिले के 80 गौठानों में हरा चारा उत्पादन के लिए लगभग साढ़े तीन सौ हेक्टेयर क्षेत्र निर्धारित किया गया है। जिनमें 55 चारागाह विकसित किए जा चुके हैं। इन चारागाहों में 1 लाख 95 हजार बहुवर्षीय नेपीयर रूट्स रोपे गये हैं तथा 200 किलोग्राम ज्वार चरी की बोवाई भी की गई है। सुराजी गांव योजनांतर्गत पैरादान योजना प्रगति पर है। सूखे चारे के रूप में अब तक 42 हजार 520 क्विंटल पैरा एकत्र किया गया है। पशुनस्ल सुधार के लिए 1580 कृत्रिम गर्भाधान तथा 2 हजार 756 नाटे बछड़ों का बधियाकरण किया गया है। बम्हनी गौठान ग्राम में 11 बैकयार्ड कुक्कुट इकाई वितरित कर 11 अनुसूचित जनजाति के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है।

जिम सामग्री और पेयजल व्यवस्था कराने की मांग

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। तुमगांव रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित जय हनुमान जिम के सदस्यों ने सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर से मुलाकात की। भाऊराम साहू के नेतृत्व युवा सदस्यों ने पालिका अध्यक्ष चंद्राकर का पुष्पगुच्छ भेंट की। जिम के सदस्यों ने पालिका अध्यक्ष चंद्राकर को एक मांग पत्र सौंपे। सदस्यों ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जिम में कोई भी नई सामग्री नहीं लगाया गया है और रखरखाव भी ठीक से नहीं किया गया। इसके अभाव में बहुत से सामग्री टूट गई है। सफाई की व्यवस्था भी नहीं है। सदस्यों ने उपकरण के साथ जिम में पेयजल व्यवस्था की मांग की। इस पर पालिका अध्यक्ष चंद्राकर ने कहा कि जल्द ही जिम के लिए नए उपकरण का क्रय किया जाएगा। पालिका अध्यक्ष ने जिम की सफाई, और पेयजल की व्यवस्था भी की जाएगी। इस अवसर पर सभापति राजेन्द्र चंद्राकर, पार्षद अमन चंद्राकर, सदस्य पुरूषोत्तम ठाकुर, दीप कुमार, मोनू राजपूत, राजेश साहू, अमित साहू, आकाश यादव, सुर्या मरकाम, सज्जू कुरैशी, अकरम खान, धीरज लोखंडे, विश्व जीत सागर, रिंकू दीवान, इमरान, मुस्तकी अली, नशीम, भरत साहू आदि उपस्थित थे।

महंत राजा सर्वेश्वरदास अभा हॉकी प्रतियोगिता कलेक्टर ने स्टेडियम का किया निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में 16 फरवरी से शुरू हो रही 78वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वहां पर एस्ट्रोटर्फ की साफ-सफाई कार्य का अवलोकन किया। श्री मौर्य ने साफ-सफाई कार्य में तेजी लाने के लिए वेक्यूम कुलर मशीन और गनफोर्स मशीन तत्काल खरीदने के निर्देश दिए।

राज्य स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 16 को

राजनांदगांव। जिला सतनामी समाज सेवा समिति द्वारा राज्य स्तरीय विवाह योग्य युवकज्युवती परिचय सम्मेलन वर्ष 2/2020 का आयोजन आगामी 16 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे होना प्रस्तावित किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर राजनांदगांव स्थित सतनामी भवन में बैठक रखी गई। बताया जा रहा है कि वर्तमान समय के अनुसार सही उम्र में शादी करने सही योग्य वर-वधु के चयन को लेकर जो समय व पैसे का नुकसान होता है, उसे बचाने और पढे-लिखे, नौकरी पेशा सहित व्यवस्थता के कारण कई बार शादी का योग्य समय निकल जाता है।

बढ़ी सुविधा — विधायक और सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखा कर दो को किया रवाना

जिले को मिली तीन नई 108 एम्बुलेंस

नव प्रदेश संवाददाता

महासमुंद। अब, चाहे मौसम खराब हो या गड्ढ़ों भरी सड़कें, नई संजीवनी 108 बिना देर किए मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाएगी। दरअसल, घायल व बीमारों को निःशुल्क अस्पताल पहुंचाने वाली आपातकालीन इस निशुल्क वाहन सेवा में तीन नई एम्बुलेंस शामिल की गई है। जो विकासखंड सरायपाली और बागबाहरा सहित पटेवा क्षेत्र में सुगम सेवायें उपलब्ध कराएगी। हाल ही में सरायपाली के लिए शुरू की गई नई 108 एम्बुलेंस के बाद सोमवार 10 फरवरी को विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एसपी वारे ने दो

और नई संजीवनी 108 को हरी झंडी दिखा कर गंतव्य की ओर रवाना किया।

बता दें कि जिले में कुल 06 संजीवनी 108 एम्बुलेंस दिन और रात चौबीसों घंटे मरीजों को अस्पताल लाने के कार्य में लगी हुई हैं। सरकार के साथ हुए करार के अनुसार जिले में जय अम्बे इमरजेंसी सर्विस के द्वारा संजीवनी 108 की आपातकालीन एम्बुलेंस सेवाएं संचालित हैं। संस्थागत अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक प्रथम चरण में जिले में तीन नये वाहन पहुंचे चुके हैं।

नए वाहन में मिलेगी बेहतर सुविधा

संजीवनी एम्बुलेंस 108 में शॉक मशीन, रक्तचाप मापने का उपकरण, वातानुकूलित सिस्टम यानी एसी, संक्रमण से सुरक्षा के लिये जरूरी निडिल डिस्ट्रॉयर सहित ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था होती है। साथ ही अनुभवी पायलट के साथ इसमें इमरजेंसी मैनेजमेंट तकनीशियन की सेवाएं मिलती हैं। जिनका सीधा संपर्क राजधानी स्थित कॉल सेंटर से होता है। आपातकाल की स्थिति में आप 108 या फिर 112 के टोल फ्री दूरभाष नंबर पर कॉल कर इसकी निशुल्क सेवायें ले सकते हैं।

खाट के नीचे रखी थी गोरसी, लगी आग,मौत

■ हादसे में वृद्ध महिला और खाट आग की चपेट में हुई स्वाहा

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। मगरलोड 10 फरवरी द्य ग्राम डाभा निवासी स्वर्गीय फिरतु राम सिन्हा की 82वर्षिय धर्म पत्नी पवन बाई सिन्हा की आचानक आग के चपेट में आने से खाट में ही मृत्यु हो गयी।पूरा घटना दिन सोमवार सुबह 10 बजे की बताया जा रहा है।ज्ञात हो की मृतिका के पोता नोबल की पत्नी जीना बाई सिन्हा द्वारा सुबह 9-30बजे मृतिका पवन बाई सिन्हा को खाना दिया गया और मृतिका खाना खा कर खाट पर आराम कर रही थी ।वही खाट के पास बुजुर्ग मृतिका महिला को ठंड से बचाने के लिए एक मिट्टी का पात्र में सुलगती हुई आग रखा हुआ था।बता दे की मृतिका पवन बाई सिन्हा की पोता नोबल सिन्हा अपने धर्म पत्नी जीना सिन्हा के साथ खेत मे काम करने के लिए गया हुआ था।बुजुर्ग महिला की आग लग जाने की खबर तब पता चला जब कीटनाशक छिड़काव करने का उपकरण.स्प्रियर की नोजल खराब हो जाने के कारण मृतिका के पोता नोबल सिन्हा और उसके पत्नी घर वापस घर आया तो देखा की ठंड से बचने के लिए रखे मिट्टी के पात्र में रखे सुलगती आग से अपनी बुजुर्ग दादी को खाट में लेटे.लेटे आग से जला हुआ मृत पाया गया।उसके बाद पोता नोबल सिन्हा ने इस घटना की जानकारी मगरलोड थाना में दिया गया और घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही घटना स्थल ग्राम डाभा पहुँचा ।पुलिस विभाग द्वारा विवेचना कर शव को पोस्टमार्डम के लिए मगरलोड भेज दिया गया ।विवेचक प्रधान आरक्षक मेघराज निषाद एंव आरक्षक महेश साहू गाँधीराम सोनकर हरिशंकर डहरिया उपस्थित रहे।

फेसबुक में सीएम के खिलाफ लिखने वाला आरोपी गिरफ्तार

धमतरी। कुरूद में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर अश्लील टिप्पणी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद साहू ने रविवार को कुरूद पुलिस में लिखित शिकायत की थी कि नगर के दिवाकर चंद्राकर ने 6 फरवरी को रात 8-00 से 9-00 के बीच फेसबुक आईडी पर भूपेश बघेल मुख्यमंत्री को अश्लील गाली गलौज दी थी जिसमें कुछ लोगों ने इसे लाइक भी किया था जिससे जन आक्रोश है ।पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी दिवाकर चंद्राकर को आईपीसी की धारा 505 ;2 और 34 के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

मेला घूमने आए युवक पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर, रायपुर रिफर

■ नाबालिग गिरफ्तार

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। भखारा थाना क्षेत्र के सिलौटी गांव में आयोजित कोदोरास मेले में मामूली विवाद में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। नाबालिग युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर दिया जिसे गंभीर हालत में रायपुर रिफर कर दिया गया है।दोस्तो की शिकायत पर पुलिस ने नाबालिग आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ग्राम जुगदेही निवासी चंद्रकांत साहू ने भखारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि रविवार को अपने साथी जगदीश्वर और जलेंद्र ध्रुवा डीगेश्वर के साथ कोदोरास मेला घूमने सिलौटी गया था।इसी बीच मेला में भीड़भाड़ के चलते एक युवक के साथ टकरा गया जिससे मामूली विवाद हुआ और वह चले गए। थोड़ी देर बाद लगभग रात 8-20 बजे वह युवक निषाद मंदिर के पास पहुंचा और विवाद करने लगा और जान से मार दूंगा कहते हुए चाकू निकालकर जुगदेही निवासी जगदीशवर उर्फ जैलेंद्र पर हमला कर दिया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने आरोपी युवक को धर दबोचा ।इधर जलेंद्र को गंभीर अवस्था में रात को जिला अस्पताल लाया गया ।जहां स्थिति गंभीर होने पर उसे रायपुर रिफर कर दिया गया। भखारा पुलिस ने धमतरी निवासी नाबालिग आरोपी के खिलाफ धारा 307 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे रिमांड पर जेल भेज दिया है।

छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को घेराबंदी कर किया गया गिरफ्तार

■ सिटी कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। 11 फरवरी को प्रार्थिया थाना सिटी कोतवाली धमतरी आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज प्रातः 8-00 बजे वह नहाने के लिए तलाब जा रही थी उसी समय मकेश्वर वार्ड में रहने वाला शंकर यादव उसके पास आकर अश्लील बात कहते हुए बेइज्जत करने के नियत से उसका हाथ बांह पकड़ कर छेड़खानी करने लगा। जिस पर प्रार्थिया बीच बचाव करने लगी तो उसका बाल पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर जमीन में पटककर भाग गया उक्त रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अपराध क्रमांक 72-20 धारा 354, 294, 323, 506 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त गंभीर अपराध की सूचना पुलिस अधीक्षक महोदय श्री बी.पी.राजभानु को मिलने पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली को त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली श्री भावेश गौतम के द्वारा तत्काल सहायक उपनिरीक्षक संतोषी नेताम एवं पेट्रोलिंग पार्टी के साथ आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने रवाना हुए जो मकेश्वर वार्ड पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी शंकर यादव पिता सीताराम यादव उम्र 37 वर्ष साकिन मकेश्वर वार्ड बनिया तालाब धमतरी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसके द्वारा अपराध घटित करना स्वीकारने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

दहेज प्रताड़ना का मामला आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

धमतरी। दहेज प्रताड़ना के चलते कुरूद में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी वही मामले की जांच पड़ताल के बाद कुरूद थाना पुलिस ने दहेज प्रताड़ना मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है कुरूद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद एकराबुद्दीन पिता मोहम्मद यसीम और खुशबू अंसारी की शादी साल 2018 में हुई थी शादी के बाद से ही पति मोहम्मद एकराबुद्दीन पत्नी खुशबू अंसारी को जमीन और गाड़ी खरीदने के नाम से मायके से पैसा लाने के लिए मानसिक और शारिरिक रूप से प्रताड़ित कर रहा थाण्जिससे तंग आकर मृतिका खुशबू अंसारी ने 24 अक्टूबर 2019 को अपने घर मे फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी ण्वही घटना के बाद मायके पक्ष वालो ने पति पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था जिस पर पुलिस ने मोहम्मद एकराबुद्दीन के खिलाफधारा 304बी के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

भाजपा के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की कांग्रेसियों ने की आलोचना

नवप्रदेश संवाददाता

देवकर/साजा। बेमेतरा जिले के नगर पंचायत देवकर में मुख्यमंत्री की वार्ता लोकवाणी कार्यक्रम 9 फरवरी को कार्यालय सभागार कक्ष में आयोजित किया गया था। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों ने हिस्सा नहीं लिया। जिससे कांग्रेसियों ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए निंदा और आलोचना की। राज्य शासन की पहल पर पूरे प्रदेश में रेडियो वार्ता लोकवाणी कार्यक्रम का वाचन संदेश प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा आम जनों के लिए मन की बात कह कर वार्ता करते हैं। यह कार्यक्रम पूरी तरह से शासकीय कार्यक्रम है। नगर के जनप्रतिनिधि सहित आमजन, अधिकारी, कर्मचारी सभी लोग कार्यक्रम सुनते हैं। यह पहली मर्तबा है कि नगर पंचायत देवकर में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष बनी है और लोकवाणी कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लेने से नगर में तरह-तरह का चर्चा हो रहा है। वही इस मसले पर अपनी प्रतिक्रिया नगर पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष राधे ढीमर एवं एल्डरमैन रोशन अग्रवाल ने कहा कि यहां पर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष भाजपा पार्टी के बने है। राज्य सरकार की योजनाओं का इस प्रकार अनदेखा करना अशोभनीय हैं। जिम्मेदारों का इस तरह का कार्य उनकी राजनीतिक छवि व चरित्र को दर्शाता है।

मोटर ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए आवेदन 29 तक आमंत्रित

धमतरी। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र कुरूद में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईट मोटर व्हीकल ड्राइवर लेवल.3;मोटर ड्राइविंग का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आठवीं पास इच्छुक युवाओं से आगामी 29 फरवरी तक आवेदन मंगाए गए हैं। आधार कार्ड श्रम कार्ड की छायाप्रति ओर दो पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ आवेदन आई टी.आई. आई कुरूद के सीएसएसडी शाखा में नियत तिथि तक जमा किया जा सकता है।

नव-निर्वाचित सरपंचों ने आज से संभाला कामकाज

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। जनपद पंचायत अधीन सभी पंचायतो में हुए प्रथम सम्मेलन में नव निर्वाचित सरपंचो ने अपना कार्यभार संभाल लिया, इसके अलावाआज जिला के नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का प्रथम सम्मेंलन सम्पन्न हुआ। इस प्रथम सम्मेंलन में पंचायत प्रतिनिधियों ने शपथ ग्रहण कर आज से ग्राम पंचायतों का कामकाज संभाल लिया हैं।जिले के कुल 6 सौ चालीस ग्राम पंचायतों में बड़े उत्साह के साथ

पंचायत प्रतिनिधियों ने शपथ ग्रहण किया। इन कार्यक्रमों में ना केवल पंचायत प्रतिनिधि बल्कि ग्राम पंचायतों के निवासियों ने उनका उत्साह वर्धन किया। पूर्व पंचायतों का कार्यकाल कल 10 फरवरी 2020 तक का था जो कल मध्य रात्रि से खत्म हो गया। आज से अब नए पंचायत प्रतिनिधि अस्तित्व में आ गया है। जिनके नेतृत्व में यह ग्राम पंचायतों का संचालन होगा। आगामी 24 फरवरी को ग्राम पंचायत के उपसरपंच का चुनाव सम्पन्न होगा।जिसमें समस्त पंच अपने अपने मतों का प्रयोग करतें हुए उपसरपंच का निर्वाचन करेंगे।

भागवत कथा सुनने पहुंच रहे श्रद्धालु

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा। नयापारा वार्ड में जारी श्री श्रीमद भागवत महापुराण को सुनने मंडप पर अच्छी खाशी भीड़ उमड़ रही है, 18 तारीख तक चलने वाले इस कथा का रसा स्वादन आचार्य पंडित सरस्वती नंदन के व्दारा किया जा रहा है ।

श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सत्संग समागम में कथा व्यास महाराज आचार्य आचार्य पंडित सरस्वती नंदन नं परीक्षित जन्म सुखदेव आगमन की कथा सविस्तार सुनाई महाराज जी ने बताया पांडवो के पुत्र अर्जुन ,अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु ,अभिमन्यु की पत्नि उत्तरा जो राजा विराट की पुत्री थी वह अभिमन्यु को ब्याही गई थी युद्ध में गुरूद्रोण के मारे जाने से क्रोधित होकर उनके पुत्र अश्वत्थामा ने क्रोधित होकर पांच पांडवो को मारने के लिये ब्रम्हास्त्र चलाया लेकिन वे पांडव ना होकर द्रोपदी के पांच पुत्र थे जानबूझकर चलाये गये इस अस्त्र से उन्होने उत्तरा को अपना निशाना बनाया । अभिमन्यु की पत्नि उत्तरा उस समय गर्भवती थी । महाराज जी ने आगे बताया कि बाण लगने से उत्तरा का गभर्पात हुआ और गर्भपात होन से परीक्षित का जन्म हुआ । परीक्षित जब बडे हुये नाती पोतो से भरा पूरा परिवार था । सुख वैभव से समृद्ध राज्य था वे जब 60 वें वर्ष के थे एक दिन क्रमिक मुनी से मिलने उनके आश्रम गये उन्होने उन्हें आवाज लगाई लेकिन तप मे लीन होने के कारण मुनी ने प्रति उत्तर नही दिया राजा परीक्षित स्वयं का अपमान मानकर निकट मृत पडे सर्प को क्रमिक मुनि के गले में डाल दिया ।

क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेताओं को कलेक्टर ने प्रदाय किया शील्ड

धमतरी। आज की समय सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री रजत बंसल ने जिले में आयोजित धनहा धमतरी क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम को बधाई दी। उन्होंने विजेता रही टीम जिला शिक्षा विभाग और उप विजेता टीम जल संसाधन को शील्ड प्रदान कर उन्हें बधाई दी। इस मौके पर सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता गांधीए अपर कलेक्टर श्री दिलीप अग्रवाल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे ।

शिक्षिका डॉ तुलेश्वरी धुरंधर को तीसरी बार कलमकार सम्मान

नवप्रदेश संवाददाता

भाटापारा । सामाजिक सांस्कृतिक व साहित्य क्षेत्र की अग्रणी वक्ता मंच पिछले 25 वर्षों से अपने दायित्वों का सफ्लतापूर्वक निर्वहन करती आ रही है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में शनिवार को पुस्तक विमोचन में छत्तीसगढ़ के रचनाकार साहित्यकारों का सम्मान किया गया सामाजिक सांस्कृतिक व साहित्यिक क्षेत्र की अग्रणी वक्ता मंच द्वारा दिया जाता है इसी तारतम्य में संस्था वक्ता मंच द्वारा वृंदावन सभागार सिविल लाइन में वर्ष 2020 के इस सम्मान समारोह में अर्जुनी के साहित्यकार कवियीत्री शिक्षिका डॉ तूलेश्वरी धुरंधर का तीसरी बार

कलमकार सम्मान से सम्मानित किया गया ।डॉ तुलेश्वरी हिंदी साहित्य की सेवा पिछले कई वर्षों से समर्पित भाव से कर रही हैं वह कई रचनाओं को अनेकों मंच द्वारा साझा किया है उनके इन्हीं सेवा का परिणाम विभिन्न संस्थाओं द्वारा लगातार सम्मानित होते आ रही हैं।

ट्रेनों में टिकट चेकिंग बढ़ी

भाटापारा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा समय-समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । जिससे यात्रियों को टिकट लेने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है, साथ ही यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे उचित टिकट लेकर सही कोच में बैठे एवं अपनी सुखद यात्रा करें। टिकट चेकिंग अभियान में दिनांक 09 फरवरी, 2020 को चलाया गया जिसमें बिना टिकट यात्रा करने वाले लगभग 339 मामलों से 2,47,585 रूपये राजस्व प्राप्त हुआ, वही अनियमित टिकट के 232 मामलों से 1,05,545 रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, अन बुकड़ लगेज के 244 मामलों से 24,950 रूपये कुल 815 मामलों से रायपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा 3,78,080 रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया, इस टिकट चेकिंग अभियान में 31 टीटीई, 01 मुख्य वाणिज्य निरीक्षक ,02 रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा 08 लोकल एवं लगभग 26 एक्सप्रेस ट्रेनों में जांच की गई ।

15 तारीख को नि शुल्क मिरगी रोग शिविर

भाटापारा। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा भाटापारा व्दारा आयोजित निःशुल्क मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 15 फरवरी 2020 दिन शनिवार को श्री सर्वेश्वरी समूह औघड भगवान राम आश्रम शाखा धौराभाठा सिद्धबाबा भाटापारा में किया गया है । इस शिविर में फ्कीरी एवं आयुर्वेदिक पद्धति से मिर्गी रोग का ईलाज किया जावेगा तथा दवाई खिलाने का समय मध्य रात्रि से सूर्योदय तक दवा खिलाई जावेगी ।

आयोजन | गांव के पूर्व पंच सहित गांव के विकास पुरुषों को सम्मानित कर लिया शपथ

शीघ्र बनेगी पूरे दुर्ग ग्रामीण में टू लेन रोड: ताम्रध्वज साहू

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। आज पंचायत प्रतिनिधियो के ग्राम सभा विभिन्न गांव के सरपंचों ने शपथ लेकर विकास कार्य के लिए छतीसगढ के धरती की कसम व संविधान द्वारा अधिकार अनुसार काम करने की शपथ भी ,सरपंच के साथ पंचों ने भी शपथ लिए। विभिन्न जगहों पर क्षेत्रीय विद्यालय व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने शिरकत किये ,उन्होंने कहा कि पूरे दुर्ग ग्रामीण विधानसभा की सड़कें होगी टू लेन,साथ ही सभी सरपंचों को बधाई देते हुए ,ग्राम पंचायतों की

समस्याओं को जल्द ही पूरा करने की आश्वासन दिए ।विभिन्न ग्रामो में सरपंच सहित पंचो के साथ लिए सरपंच पाउवारा- यहां पर सरपंच वामन साहू के साथ 21 पंचों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ,यहां भी मन्त्री ताम्रध्वज साहू ,ने अपनी उपस्थिति प्रदान की। पुरई- महिला सरपंच ने। उमा रिगरी पौधारोपन कर पर्यावरण को शुद्ध रखने सभी पंचो के साथ लिया शपथ। पतोरा- ग्राम के सरपंच अंजिता गोपेश साहू के साथ समस्त पंचों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ,यहां पर नगर पंचायत के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी,पत्रकार पवन बंजारे उपस्थित हुए ,इस कार्यक्रम में गांव के विभिन्न क्षेत्रो में कार्यरत साथियों का सम्मान भी किया गया।और पूर्व जनपद सदस्य सहित पूर्व पंच व सरपंच का भी सम्मान किया गया। एक साथ एक कलर का पेंट शर्ट व महिला पंच के लिए एक रंग की साड़ी के साथ विकास की शपथ लिए । पूरे गांव के हजारों लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दिल्ली में चली...
कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अपने परिवार की मेहनत को भी सलाम किया। केजरीवाल ने कहा, 'मैं सभी कार्यकर्ताओं को शुक्रिया अदा करता हूं। कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत की। मेरे परिवार ने भी खूब सपॉर्ट किया। आज मेरी वाइफका भी जन्मदिन है।' उनके इतना कहते ही कार्यकर्ता जोश में तालियां बजाने लगे।

आप को बधाई...
मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस हार से पार्टी नेता तथा कार्यकर्ता हताश नहीं हैं। पार्टी नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने चुनाव के दौरान पूरा परिश्रम किया है लेकिन शायद लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में असफल रहे इसलिए चुनाव नतीजे अनुकूल नहीं रहे। श्री चाको ने कहा कि पार्टी को मिली हार से सीख लेंगे और पार्टी को मजबूत करेंगे लेकिन इस चुनाव में दिल्ली की जनता ने ध्रुवीकरण की राजनीति करने तथा करंट लगाओ और गोली मारने की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी को जिस तरह से खारिज किया है और विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृहमंत्री अमित शाह को करारी शिकस्त दी है वह उसका स्वागत करते हैं।

बीजेपी ने हार...
वहीं, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी मंगलवार शाम को जब मीडिया के सामने आए तो उनके चेहरे पर मायूसी साफझलक रही थी। आपको बता दें कि तिवारी के लिए यह नतीजे बड़ा झटका है। वह एग्जिट पोल के समय भी काफी आश्वस्त दिखे थे। उन्होंने यहां तक कह दिया था कि सभी सर्वे फेल होंगे, उनका ट्वीट संभाल कर रख लीजिएगा। हालांकि आधिकारिक नतीजे एग्जिट पोल की तरह ही आए।

मनोज तिवारी बोले- हम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए- उधर, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने हार को स्वीकार करते हुए कहा कि हम इस नतीजे का विश्लेषण करेंगे। उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'कार्यकर्ताओं ने जो कठिन परिश्रम किया है, उन्हें उनकी मेहनत के लिए साधुवाद देता हूं। दिल्ली की जनता का जनादेश सिर माथे पर रखते हुए मैं अरविंद केजरीवाल जी को बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वह दिल्ली की आकांक्षाओं के अनुरूप दिल्ली सरकार में अच्छा करते हुए राजधानी की अपेक्षाओं की पूर्ति करेंगे।'

शहादत की ऐसी...
1 नक्सली को मार गिराया था. वहीं गोलीबारी में 2 जवान शहीद हो गए जबकि डिप्टी कमांडर सहित 6 जवान घायल हो गए थे. घायल जवानों को इलाज के लिए कल रात एयर लिफ्ट कर राजधानी रायपुर लाया गया था. मंगलवार सुबह माना स्थित चौथी बटालियन में दोनों शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को उनके गृहग्राम के लिए रवाना किया गया।

सीएम और अफसर..
पश्चात वे शाम 6.30 बजे हावर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा उनके स्वागत में होटल चार्ल्स में आयोजित भोज में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री 16 फरवरी को नोबेल पुरस्कार प्राप्त अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी से सुबह 9 बजे एम.आई.टी. में मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात वे दोपहर 1.40 बजे ट्रेन द्वारा न्यूयार्क के लिए रवाना होंगे। अगले दिन 17 फरवरी को सुबह 10 बजे वे संयुक्त राष्ट्र संघ के जनरल एसेम्बली जाएंगे और दोपहर 12.15 बजे से दोहपर 2.30 बजे तक वहां राजदूत तथा अन्य राजनायिकों से मुलाकात कर संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यप्रणाली पर भारत के स्थायी मिशन में चर्चा करेंगे। श्री बघेल शाम 5.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक एन.ए.सी.एच.ए. कम्यूनिटी के साथ चर्चा में शामिल होंगे। श्री बघेल 18 फरवरी को न्यूयार्क स्थित वाणिज्य दूतावास में दोपहर 12.30 बजे बिजनेस और इनवेस्टमेंट राउंड टेबल में शामिल होंगे। अगले दिन 19 फरवरी को रात्रि 11 बजे वे न्यूयार्क से रवाना होकर 20 फरवरी को दुबई होते हुए 21 फरवरी को सुबह 2.40 बजे नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

चार चिन्हारी तो है नहीं किसका करेंगे अमेरिका में प्रेजेंटशन: रमन सिंह
रायपुर। सीएम भूपेश बघेल अधिकारियों और सलाहकार प्रदीप शर्मा के साथ दस दिवसीय अमेरिका के दौरे पर हैं। सीएम के इस दौरे पर डाक्टर रमन सिंह ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका में नरवा, घुरवा, गरवा और बाड़ी तो है नहीं। पता नहीं इसका प्रजेंटेशन कैसा होगा। देश के अन्य राज्यों में होता तो बेहतर होता। उन्होंने कहा कि यूएसए में वह अपनी बात रखेंगे यह ठीक है, लेकिन ज्यादातर फोकस निवेश के संबंध में चर्चा होगी तो ज्यादा सार्थक होगा। मुख्यमंत्री हैं, प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हैं, नीतियों के बारे में अपनी बात रखें अच्छी बात है। मुझसे पूछा जाता तो जरूर बताता। काम नही हो रहा इसलिए कार्यकर्ताओं के बीच ही एंजॉय कर रहे। कांग्रेस भवन में मंत्रियों के बैठने को लेकर मनाए गए जश्न पर रमन सिंह ने कहा कि काम तो कुछ हो नहीं रहा, लोग जाते भी नहीं, कार्यकर्ताओं के बीच ही एंजाय कर रहे हैं। इससे ज्यादा काम कहां बचा है।

अर्थव्यवस्था में दिखने...
में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत विकास दर 7.4 प्रतिशत तथा औसत खुदरा महँगाई दर 4.5 प्रतिशत रही है। मार्च 2019 में केंद्र सरकार की देनदारी घटकर जीडीपी के 49.4 प्रतिशत पर आ गयी।

पीएम ने दी बधाई...
विधानसभा चुनाव में जीत के लिए आप और अरविंद केजरीवाल को बधाइयां। उन्हें दिल्ली के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए शुभकामनाएं।' जवाब में अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री को शुक्रिया कहा। उन्होंने ट्वीट किया, 'बहुत-बहुत धन्यवाद सर। हमारे कैपिटल सिटी को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए मैं केंद्र के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद करता हूं।'

आप को दूसरी बार मिला प्रचंड बहुमत
बता दें कि 70 विधानसभा सीटों वाली दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी ने लगातार दूसरी बार प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। पिछली बार की तरह बीजेपी इस बार भी दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंचती दिख रही। सबसे बुरी स्थिति कांग्रेस की रही जो इस बार भी खाता नहीं खोल पाई और पिछली बार के मुकाबले उसका वोटशेयर भी।

क्षत्रिय महासभा युवा की प्रदेश स्तरीय बैठक में हुआ संगठन का विस्तार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा छत्तीसगढ़ इकाई की प्रदेश स्तरीय बैठक में संगठन का विस्तार किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव कौशलेंद्र सिंह एवं संरक्षक रविंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा सामाजिक सशक्तिकरण में युवा सदैव अग्रणी भूमिका में रहे हैं आगे भी युवाओं को राष्ट्र की सेवा में अपने दायित्व के प्रति सजग होकर कार्य करते रहना हैं, छत्तीसगढ़ बारहवी परीक्षा 2018 के टॉपर रहे आदित्य सिंह को सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन बढ़ाया गया। वही शिक्षा,रोज़गार आदि क्षेत्रों में युवाओं की जो वर्तमान चुनौतिया है इस पर भी प्रकाश डालकर उचित पहल करने की आवश्यकता हैं। आगे संगठन का विस्तार करते हुए रायगढ़ से धनविजय सिंह को प्रदेश महासचिव,संतोष सिंह प्रदेश सचिव,सुमन सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष,राणा आनन्द सिंह प्रदेश सचिव,वसु ठाकुर प्रदेश मंत्री,ऋषभ सिंह जिला उपाध्यक्ष,विनीत सिंह जिला संगठन मंत्री,मनीष सिंह जिला उपाध्यक्ष, धनजी सिंह उपाध्यक्ष रौनक सिंह को बेमेतरा प्रभारी,विवेक प्रताप सिंह सूरजपुर प्रभारी रमेश सिंह को कार्यसमिति सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

उक्त बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक सरोज सिंह, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष निशान्त सिंह ठाकुर,प्रभारी अजीत सिंह,संगठन मंत्री राज सिंह हाड़ा, महामंत्री सुनील सिंह,उपाध्यक्ष विवेक परमार,कोषाध्यक्ष सुमित सिंह प्रमुख सचिव रोहित सिंह तिरंगा,राज चौहान,,मनोज सिंह सहित भारी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग सम्मिलित हुए।

राजिम पून्नी मेला को तम्बाखू मुक्त बनाने की अभिनव पहल

गरियाबंद। जिले के पवित्र धार्मिक नगरी राजिम में 9 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित राजिम माघी पुन्नी मेला को तम्बाकू मुक्त बनाने का अभिनव पहल स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.आर. नवरत्न ने बताया कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राजिम माघी पुन्नी मेला को सम्पूर्ण तम्बाकू मुक्त पुन्नी मेला बनाने मेला क्षेत्र के सम्पूर्ण तम्बाकू ब्रिकी केन्द्र पान ठेला, किराना दुकान आदि पर कोटपा एक्ट 2003 के तहत चलानी कार्यवाही की जा रही है। मेला क्षेत्र में तम्बाकू विक्रेताओं पर धारा 4 एवं 6 के तहत कुल 20 चालानी कार्यवाही कर लोगों में तम्बाकू निषेध के प्रति जागरूकता लाने हेतु जन जागरूकता रैली भी निकाली गई।

आईसीआरजी पर कार्यशाला आयोजित : बैकुण्ठपुर। जिले में जलवायु परिवर्तन के अनुसार कराए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा और उसके आगामी परिणामों पर विस्तृत चर्चा के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 12 फरवरी को किया जाएगा।

अधिकारी विभागीय समन्वय के साथ कार्य करें : कलेक्टर

गरियाबंद। कलेक्टर श्याम धावड़े ने आज अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों व राजिम पुन्नी मेला में व्यवस्था और धान खरीदी की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लोक सेवा गारंटी अंतर्गत विभागो में लंबित प्रकरण और मुख्यमंत्री जनचैपाल के लंबित प्रकरण को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने राजिम माघी पुन्नी मेला में व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों के अबतक के कार्यो पर संतोष व्यक्त करते हुए आगामी 21 फरवरी तक विभागीय समन्वय के साथ मेला में व्यवस्था के कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर विभागों द्वारा विविध आयोजन किये जा रहे है। उक्त आयोजन में विभागीय मंत्रीगण भी शिरकत कर रहे हैं। ऐसे आयोजन में समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी विभागीय योजनाओं की जानकारी के साथ अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। मेला में उक्त आयोजन के माध्यम से सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचायी जाए। कलेक्टर ने कहा कि मेला के दौरान जिस विभाग को जो कार्य सौंपा गया है, अधिकारी पूरी सतर्कता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें। धान खरीदी की समीक्षा के दौरान खाद्य अधिकारी ने बताया कि 27 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुका है। धान खरीदी कार्य 20 फरवरी तक चलेगा। कलेक्टर श्री धावड़े ने अधिकारियों को धान खरीदी के अंतिम समय में संबंधित खरीदी केन्द्र का लगातार निरीक्षण करने निर्देशित किया। ताकि धान खरीदी के अंतिम समय में आवांक्षित व्यक्ति अपना धान खरीदी केन्द्र में न बेच पाये। उन्होंने जिले में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत अधिकारियों को कुपोषण मुक्त जिला बनाने हेतु कुपोषित व गंभीर कुपोषित बच्चों को गोद लेने कहा है। इसी प्रकार गम्भीर एनेमिक महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र. 60234 निविदा सूचना क्र. 20/व.ले.लि./ई-प्रोक्यूरमेंट/2019-20 दि. 10.02.2020 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **27.02.2020** 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
कार्य का नाम - गाड़ाघाट (बोहा) नाला पर स्टाप डेम सह पुलिया का निर्माण कार्य।
अनुमानित लागत - रु. 232.73 लाख
अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.02.2020 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोज किए जा सकते हैं।
नोट :- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
जी-76772/7
कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला- जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

कार्यालय उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जिला-रायपुर (छ.ग.)
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक- उमनि/वपुअ/राय/रनि/652/2020 रायपुर, दिनांक 06/02/2020
निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-26/2019-20
छत्तीसगढ़ राज्यपाल की ओर से उपनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला रायपुर के द्वारा जिला रायपुर के अंतर्गत पुलिस लाईन परिसर स्थित वॉलीबॉल ग्राउण्ड में नया एल.ई.डी. लाईट लगवाए जाने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित राशि 6,43,424=00 (छः लाख तिरालिस हजार चार सौ चौबीस) रुपए है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र (आयकर चुकता प्रमाण पत्र सहित) के साथ निविदा प्रपत्र के मूल्य राशि 500=00 (पांच सौ) रुपए का कोषालय/ राष्ट्रीयकृत/ अधिकृत बैंकों से उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर के नाम से लेखा शीर्ष 0055 पुलिस शीर्ष 800 अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत जमा कर चालान की मूल प्रति रक्षित आरक्षी केन्द्र रायपुर को प्रस्तुत कर प्राप्त किए जा सकते हैं।

1	निविदा फार्म विक्रय व जमा करने का स्थल	कार्यालय रक्षित आरक्षी केन्द्र, रायपुर
2	निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि एवं समय	28.02.2020 समय 17.00 बजे तक।
3	निविदा फार्म जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय	05.03.2020 समय 15.00 बजे तक।
4	टेक्निकल बिड खोलने का तिथि एवं समय	05.03.2020 समय 16.00 बजे तक।
5	फायनेंशियल बिड खोलने का समय	पृथक से अवगत कराया जावेगा।

नोट :- निविदा की नियम व शर्तें टेण्डर फार्म के साथ कार्यालयीन समय में रक्षित आरक्षी केन्द्र कार्यालय रायपुर से प्राप्त किए जा सकते हैं।
जी-76780/3
उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जिला- रायपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, रायपुर
// बिजली बंद की सूचना //
समस्त सम्मानीय उच्चदाव एवं निम्नदाब उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि माना उपसंभाग के अंतर्गत शारदा विहार कालोनी टेमरी में (आई.पी.डी.एस. योजना के तहत) अतिरिक्त एम.ई.डी.पी. निर्माण कार्य हेतु **दिनांक 13.02.2020 को सुबह 11.00 से दोपहर 02.00 बजे तक** किया जावेगा, जिसके कारण उपकेन्द्र से निकलने वाले समस्त फीडर एवं दर्शित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अवरूद्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। **असुविधा के लिए खेद है**

क्र.	उपकेन्द्र का नाम	फीडर का नाम	प्रभावित क्षेत्र
1	33/11 के.व्ही. माना केम्प उपकेन्द्र	11 के.व्ही. धरमपुरा फीडर	टेमरी, नकटी, ओमधाम कालोनी, धरमपुरा बस्ती एवं सी.बी.आई. ऑफिस धरमपुरा।

''विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध है कृपया इससे बचें''
''स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाइए''
'' विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेंटर के फोन नं. 1912 पर दर्ज कराएं।''
सं.-24420/2
(एस.के. गुप्ता) कर्म संख्या 9510850
कार्यपालन यंत्री (संचा./संधा) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लि. अटल नगर नवा रायपुर

एक्सिस बैंक लिमि.
एसी मार्केट,चतुर्थ तल,1, शेक्यपियर सरनी कोलकाता-700071
स्वर्ण आभूषणों के रूप में गिरवी रखी गई परिसम्पत्तियों की नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना
एतद् द्वारा यह सार्वजनिक सूचना दी जाती है कि स्वर्ण आभूषणों (यहां के बाद परिसम्पत्तियों के रूप में वर्णित) की जैसा है जहां है आधार पर बिक्री की जायेगी। यह स्वर्ण आभूषण उक्त आभूषण मदों की गिरवी के प्रति प्राप्त की गई ऋण सुविधा के सिलसिले में नीचे वर्णित ऋण धारक/कतिपय गारंटरों द्वारा बैंक के पास गिरवी रखी गई है।

शाखा का नाम तथा पता	नाम/पता/ऋण खाता संख्या/कुल बकाया- अ-प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों, शुल्कों तथा क्षतियों को छोड़कर	स्वर्ण-आभूषण (परिसम्पत्तियों) शुद्ध वजन ग्राम में
चाम्पा (सिटी) : अनुपम प्लाजा स्टेशन रोड, चाम्पा, चाम्पा छत्तीसगढ़ 495671 22.2.2020 11 बजे से 2 बजे	हेमन्त कुमार साहू , पिता मयाराम साहू, छेपरा डोकरीडीह, आनंद पारा, भटगांव बलौदाबाजार छत्तीसगढ़ 493222, ऋण खाता नं. 918060060861373, कुल बकाया 59327 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), चाम्पा (सिटी)	शुद्ध वजन 31.2 ग्राम
धमतरी (सिटी) : जगदलपुर रोड के पास कोठारी पार्क धमतरी छत्तीसगढ़ 493773 22.02.2020, 11 बजे से 2 बजे	जवेन्द कुमार साहू, पिता त्रिलोकी राम साहू, एन परसुली, खुमनदानी, गुरूर, बालोद छत्तीसगढ़ 491227, ऋण खाता नं. 918060070347016, कुल बकाया 114834 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), धमतरी (सिटी)	शुद्ध वजन 51.58 ग्राम
जगदलपुर (सिटी) : आकाशवाणी रोड नयापारा, पी.एस. परपा जगदलपुर छत्तीसगढ़ 494001 22.02.2020 11 बजे से 2 बजे	गोल्डी सोलंकी, बाबा रामदेव मंदिर गली 02, पोल फैक्ट्री के पीछे, संतोषी वार्ड, जगदलपुर बस्तर छत्तीसगढ़ 494001, ऋण खाता नं. 918060053702719, कुल बकाया 143066 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), जगदलपुर (सिटी)	शुद्ध वजन 67 ग्राम
जगदलपुर (सिटी) : आकाशवाणी रोड नयापारा, पी.एस. परपा जगदलपुर छत्तीसगढ़ 494001, 11 बजे से 2 बजे	कैलाशचंद उमरवैश्य, तोंगपाल सुकमा, जगदलपुर छत्तीसगढ़ 494115, ऋण खाता नं. 918060066556950, कुल बकाया 44886 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), जगदलपुर (सिटी)	शुद्ध वजन 25.5 ग्राम
जगदलपुर (सिटी) : आकाशवाणी रोड नयापारा, पी.एस. परपा जगदलपुर छत्तीसगढ़ 494001, 22.02.2020 11 बजे से 2 बजे	मनोरंजन साहू, पिता प्रफुल्ल चन्द्र साहू , मकान नं. 11/2 सेठियापुरा, ग्राम बेनिधा राउर, पुना किराना दुकान के पास जगदलपुर छत्तीसगढ़ 494001, ऋण खाता नं. 918060063448447, कुल बकाया 38091 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), जगदलपुर (सिटी)	शुद्ध वजन 20 ग्राम
झलमला (सिटी): ग्राम एवं पो. झलमला तहसील बालोद, पी.एस.-बालोद, झलमला छत्तीसगढ़-431226, 22.02.2020 11 बजे से 2 बजे	निशांत कुमार चन्द्राकर, ग्राम- इरागुड़ा, तहसील- गुण्डरदेही बालोद छत्तीसगढ़ 491222, ऋण खाता नं. 917060071454761, कुल बकाया 53820 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), झलमला (सिटी)	शुद्ध वजन 24.19 ग्राम
मुंगेली एमजीई (सिटी): भू एवं प्रथम तल जानकी भवन, रामगोपाल तिवारी वार्ड मुंगेली छत्तीसगढ़- 495334 22.02.2020, 11 बजे से 2 बजे	सरोज कुमार बैरागी, पिता कन्हैयादास बैरागी, सरदार पटेल वार्ड, वार्ड नं. 02, मुंगेली छत्तीसगढ़ 495334, ऋण खाता नं. 918060019059662, कुल बकाया 80423 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), मुंगेली एमजीई (सिटी)	शुद्ध वजन 37.8 ग्राम
नेहरू नगर चौक भिलाई (सिटी) : 19 प्रियदर्शिनी परिसर, ग्रेस प्लाजा नेहरू चौक भिलाई छत्तीसगढ़ 490020 22.02.2020 11 बजे से 2 बजे	अर्जुन नागवानी स्टेशन पारा वार्ड नं.-08, शिव मंदिर के पास राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441, ऋण खाता नं. 919060035145959, कुल बकाया 1327144.94 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), नेहरू नगर चौक, भिलाई (सिटी)	शुद्ध वजन 649.6 ग्राम
नेहरू नगर चौक भिलाई (सिटी) : 19 प्रियदर्शिनी परिसर, ग्रेस प्लाजा नेहरू चौक भिलाई छत्तीसगढ़ 490020 22.02.2020 11 बजे से 2 बजे	अर्जुन नागवानी स्टेशन पारा वार्ड नं.-08, शिव मंदिर के पास राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441, ऋण खाता नं. 919060034517234, कुल बकाया 324873 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), नेहरू नगर चौक, भिलाई (सिटी)	शुद्ध वजन 154.5 ग्राम
नेहरू नगर चौक भिलाई (सिटी) : 19 प्रियदर्शिनी परिसर, ग्रेस प्लाजा नेहरू चौक भिलाई छत्तीसगढ़ 490020 22.02.2020 11 बजे से 2 बजे	निशांत झा, मकान नं. एम.डी./1031, वार्ड नं. 19, आदित्य नगर, दुर्ग, छत्तीसगढ़ 491001, ऋण खाता नं. 919060071857164, कुल बकाया 178928.89, (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), नेहरू नगर चौक, भिलाई (सिटी)	शुद्ध वजन 76.2 ग्राम
नेहरू नगर चौक भिलाई (सिटी) : 19 प्रियदर्शिनी परिसर, ग्रेस प्लाजा नेहरू चौक भिलाई छत्तीसगढ़ 490020 22.02.2020 11 बजे से 2 बजे	रोहित नागवानी, मकान नं. 683, वार्ड नं. 06, खैरागढ़ रोड चिखली राजनांदगांव, जिला- राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441, ऋण खाता नं. 919060032752967, कुल बकाया 141650, (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), नेहरू नगर चौक, भिलाई (सिटी)	शुद्ध वजन 61 ग्राम
नेहरू नगर चौक भिलाई (सिटी) : 19 प्रियदर्शिनी परिसर, ग्रेस प्लाजा नेहरू चौक भिलाई छत्तीसगढ़ 490020 22.02.2020 11 बजे से 2 बजे	कौशिक भट्टाचार्या, सुभाष पल्ली (प्रांतीक) उनसानी, सुभाष पल्ली स्कूल, हावड़ा पश्चिम बंगाल 711302, ऋण खाता नं. 917060061613129, कुल बकाया 109898.72, (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), नेहरू नगर चौक, भिलाई (सिटी)	शुद्ध वजन 58.9 ग्राम
रायपुर (सिटी) : नया बस स्टैण्ड के सामने, जीवन बीमा मार्ग पंडरी रायपुर छ.ग. 492002, 22.02.2020, 11 से 2 बजे	लेखू गोवानी, 953 गुरूद्वारा के पीछे, लाखे नगर रायपुर छत्तीसगढ़ 492001, ऋण खाता नं. 918060079089661, कुल बकाया 205296.06, (अ-प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), रायपुर (सिटी)	शुद्ध वजन 112 ग्राम
राजनांदगांव (सिटी) : कौरिनभाटा, स्टेडियम चौक, सहदेव नगर, जी.ई. रोड राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441 22.02.2020, 11 बजे से 2 बजे	धीरेन कुमार पंडा, मकान नं. 204, ब्लॉक-ए, प्रिंसेस प्राइड, हरिओम नगर राजनांदगांव, रॉयल इनफिल्ड शोरूम के पीछे राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441 ऋण खाता नं. 918060058393912, कुल बकाया 180714.21, (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), राजनांदगांव (सिटी)	शुद्ध वजन 95.6 ग्राम
राजनांदगांव (सिटी) : कौरिनभाटा, स्टेडियम चौक, सहदेव नगर, जी.ई. रोड राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441 22.02.2020, 11 बजे से 2 बजे	जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी, पिता राधेश्याम माहेश्वरी, मकान नं. 113, वार्ड नं. 24, गंज लाइन राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441 ऋण खाता नं. 918060049751875, कुल बकाया 118056, (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), राजनांदगांव (सिटी)	शुद्ध वजन 59.5 ग्राम
राजनांदगांव (सिटी) : कौरिनभाटा, स्टेडियम चौक, सहदेव नगर, जी.ई. रोड राजनांदगांव, छत्तीसगढ़-491441 22.02.2020, 11 बजे से 2 बजे	जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी, पिता राधेश्याम माहेश्वरी, मकान नं. 113, वार्ड नं. 24, गंज लाइन राजनांदगांव छत्तीसगढ़ 491441 ऋण खाता नं. 918060057531816, कुल बकाया 93174, (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), राजनांदगांव (सिटी)	शुद्ध वजन 48.1 ग्राम
सराईपाली, महामसुंद (सिटी) : भूतल, पुलिस स्टेशन के सामने सरसींवा रोड, महासमुंद, छत्तीसगढ़-493558 22.02.2020, 11 बजे से 2 बजे	नीरज कुमार अग्रवाल पिता- सत्य नारायण अग्रवाल, 229 बोड़ेसरा, प्राथमिक शाला बोड़ेसरा के पास, नवागढ़ सरायपाली, महासमुंद छत्तीसगढ़ 493558, ऋण खाता नं. 918060016864230, कुल बकाया 92334 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), सरायपाली महासमुंद (सिटी)	शुद्ध वजन 47.5 ग्राम
सराईपाली, महामसुंद (सिटी) : भूतल, पुलिस स्टेशन के सामने सरसींवा रोड, महासमुंद, छत्तीसगढ़-493558 22.02.2020, 11 बजे से 2 बजे	चुलेश्वर उत्तर पटेल, सिंघोड़ा, सरायपाली महासमुंद 493558, ऋण खाता नं. 918060015803636, कुल बकाया 49174 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), सरायपाली महासमुंद (सिटी)	शुद्ध वजन 22 ग्राम
सराईपाली, महामसुंद (सिटी) : भूतल, पुलिस स्टेशन के सामने सरसींवा रोड, महासमुंद, छत्तीसगढ़-493558 22.02.2020, 11 बजे से 2 बजे	आलोक कुमार साहू, ग्राम- रसोदा, बसना महासमुंद छत्तीसगढ़ 493554, ऋण खाता नं. 918060029255070, कुल बकाया 41294.84 (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), सरायपाली महासमुंद (सिटी)	शुद्ध वजन 26.5 ग्राम
व्यापार विहार, बिलासपुर (सिटी) : गुरूकृपा टावर्स, व्यापार विहार रोड, पी.एस. सिविल लाईंस, बिलासपुर छ.ग. 495001 22.02.2020 11 बजे से 2 बजे	अनुराग चिंचोलकर, द्वारा संजीव चिंचोलकर क्वा. नं. 545/1 केन्द्रीय स्कूल के पास, आरटीएस कॉलोनी बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495004, ऋण खाता नं. 919060048905373, कुल बकाया 25330.42, (अ- प्रयुक्त ब्याज तथा अन्य वित्तीय प्रभारों तथा क्षतियों को छोड़कर), व्यापार विहार, बिलासपुर (सिटी)	शुद्ध वजन 12.8 ग्राम

निविदा के नियम एवं शर्तें
उपरोक्त बेस मूल्य अंतिम मूल्य नहीं है। निविदाकारों को नीलामी दिवस/ तिथि को वास्तविक बेस मूल्य दिया जायेगा जिस पर नीलामी पर विचार किया जायेगा। **केवल निर्धारित निविदा दस्तावेज अर्थात इस दस्तावेज में प्रस्ताव पर ही विचार किया जायेगा।**
विधिवत रूप से पूर्ण किए गए इस निविदा दस्तावेज को एक लिफाफे में रख कर उसे मुहरबंद किया जाएगा तथा उसके ऊपर स्वर्ण आभूषणों की खरीदी के लिए श्री/ सुश्री /मै .... से प्रस्ताव शीर्षांकित कर उक्त लिफाफे को तिथि- माह- वर्ष को या उससे पूर्व किसी भी कार्य दिवस के दौरान संबंधित शाखा अधिकारी को सुपुर्द किया जायेगा। नियत तिथि एवं समय के बाद प्राप्त की गई निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
उक्त संपत्तियां **''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'', ''जो कुछ भी वहां है'' तथा ''उपचार रहित''** आधार पर बिक्री के लिए प्रस्तावित है। उक्त सम्पत्ति के संदर्भ में उसके मानक, शुद्धता एवं/अथवा किसी अन्य बकायों, करों, यदि कोई से, के लिए बैंक कोई उत्तरदायित्व नहीं लेता है, बैंक द्वारा इन निविदाओं को नीलामी की तिथि को कथित रूप में उस दिन तथा समय पर वहां उपस्थित रहने के इच्छुक निविदाकारों के समक्ष में खोला जायेगा। जहां अन्य विषयों के अलावे वे संबंधित प्रस्तावों में वृद्धि/सुधार कर सकते हैं। बैंक को अपनी स्वेच्छा पर प्रस्ताव को निरस्त अथवा स्वीकार करने का अधिकार प्राप्त है। बिक्री के लिए प्रस्तावित उक्त संपत्ति की बिक्री के कारण उत्तन्न कोई भी विवाद/ मत-भिन्नता केवल मुम्बई में न्यायलय अधिकरणों के एकाकी अधिकार क्षेत्र के अधीन होगी।
तिथि : 12.02.020, स्थान : कोलकाता **प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लिमि.**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com
//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //
नामांतरण प्र.क्र. 409/19-20
वार्ड का नाम- कालीमाता-30
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कालीमाता-30 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 30/743, गांधी नगर जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती किरण तांडी w/o स्व. कार्तिक तांडी के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती क्रांति सागर पिता श्री कुंदरू जगत रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
दिनांक 06/02/2020 **जोन आयुक्त जोन क्रमांक-3 नगर पालिक निगम, रायपुर**

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2019-20
ग्राम- भाटापारा प.ह.नं. 10
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि जबकि आवेदक नीलकंठ वर्मा पिता कन्हैयालाल वर्मा निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) द्वारा अपने पिता कन्हैयालाल वर्मा की मृत्यु दिनांक 01/01/2011 पिता हरिलाल वर्मा माता श्रीमती रामबती वर्मा का मृत्यु स्थान बलभद्र वार्ड भाटापारा के मृत्यु पंजीयन हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पार्षद का प्रमाण पत्र के प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 22/02/2020 को सुनवाई हेतु नियत है।
उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा- आपत्ति नियत पेशी तारीख 22/02/2020 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि पश्चात किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।
अतः आज दिनांक 06/02/2020 को न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया।
सील **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2019-20
ग्राम- भाटापारा प.ह.नं. 10
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार के द्वारा सूचित किया जाता है कि जबकि आवेदक नीलकंठ वर्मा पिता कन्हैयालाल वर्मा निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) द्वारा अपने माता जेठिया बाई वर्मा की मृत्यु दिनांक 20/11/2009 पति कन्हैयालाल वर्मा [illegible] श्रीमती पार्वती वर्मा का मृत्यु स्थान बलभद्र वार्ड भाटापारा के मृत्यु पंजीयन हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु को जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत निर्देश देने हेतु शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पार्षद का प्रमाण पत्र के प्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है, तथा दिनांक 22/02/2020 को सुनवाई हेतु नियत है।
उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा-आपत्ति नियत पेशी तारीख 20/02/2020 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि पश्चात किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।
अतः आज दिनांक 06/02/2020 को न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया।
सील **कार्यपालन दण्डाधिकारी भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि [illegible]
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कालोनी सेजबहार, [illegible]
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-5, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

शादी के 12 साल: मान्यता को सालगिरह विश कर संजय दत्त ने लिखा, 'मैं नहीं जानता...'

वर्कफ्रंट की बात करें तो संजय दत्त महेश भट्ट की फिल्म 'सड़क-2' में दिखने जा रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ पूजा भट्ट और आलिया भट्ट होंगी। इसके अलावा फिल्म में आदित्य रॉय कपूर भी होंगे। इसके बाद वह अजय देवगन के साथ 'भुजः द प्राइड ऑफइंडिया' में दिखेंगे। बॉलिवुड में 'संजू बाबा' के नाम से मशहूर संजय दत्त आज शादी की सालगिरह मना रहे हैं। 12 साल पहले 11 फरवरी को ही मान्यता दत्त से उन्होंने शादी की थी। 12 साल का यह प्यार अभी भी ठीक वैसा ही है, जैसा संजय और मान्यता ने शुरू किया था। यही वजह है कि इस खास दिन पर अपनी पत्नी मान्यता को विश करते हुए संजय ने एक विडियो कोलाज शेयर किया है। इसके साथ ही एक इमोशनल कैप्शन भी लिखा है। संजू बाबा को यूं तो लोग देखकर गंभीर ही मानेंगे। पर, उनके दिल में एक बच्चा रहता है। यह उनका अजीज दोस्त जानता है। जिसको मानते हैं, उसे टूटकर चाहते हैं संजय दत्त।

सलमान के साथ जोड़ी जमायेंगी पूजा हेगड़े

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान और पूजा हेगड़े की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर साथ नजर आ सकती है।

पिछले दिनों सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म 'कभी ईद कभी दिवाली' की घोषणा की थी। इस फिल्म को लेकर सलमान के फैन्स काफी उत्साहित हैं। साजिद नाडियाडवाला इस फिल्म को प्रोड्यूस करने के साथ ही इसकी स्क्रिप्ट भी लिख रहे हैं। साजिद नाडियाडवाला ने बताया कि ऋतिक रोशन के ऑपोजिट 'मोहनजोदाड़ो' से बॉलीवुड में डेब्यू करने वालीं पूजा हेगड़े पहली बार सलमान खान के साथ दिखाई देंगी। साजिद ने कहा, हाल में 'हाउसफुल 4' में पूजा के साथ काम करने के बाद हमें महसूस हुआ कि इस फिल्म के लिए वह परफेक्ट हैं। उनका स्क्रीन प्रजेंस गजब का है और सलमान के साथ उनकी जोड़ी अच्छी लगेगी। यह जोड़ी कहानी में फ्रेशनेस लाएगी। बताया जा रहा है कि यह एक फैमिली ड्रामा फिल्म होगी जिसका निर्देशन फरहाद सामजी करेंगे और यह ईद 2021 पर रिलीज होगी। साजिद ने कहा, पहली बार सलमान की 'जुड़वा' ईद पर रिलीज हुई थी। यहां तक कि मेरे डायरेक्शन में बनी 'किक' भी ईद पर ही रिलीज हुई थी।

सलमान को एफर्टलेस परफॉर्मर मानते हैं प्रभुदेवा

मुंबई (वार्ता) बॉलीवुड के जाने-माने कोरियोग्राफर-निर्देशक प्रभुदेवा दबंग स्टार सलमान खान को एफर्टलेस परफॉर्मर मानते हैं।

प्रभुदेवा को बॉलीवुड के बेहतरीन डांसरों में से एक माना जाता है। 'वॉन्टेड' और 'दबंग 3' के बाद सलमान और प्रभुदेवा अब 'राधे' में साथ काम कर रहे हैं। प्रभुदेवा से पूछा गया कि वह सलमान के डांसिंग टैलेंट को लेकर क्या सोचते हैं। इस पर उन्होंने कहा कि सलमान एफर्टलेस परफॉर्मर हैं। प्रभुदेवा ने सलमान से जुड़ा एक इंट्रेस्टिंग फैक्ट बताते हुए कहा, वह 16 से 18 रीटेक करते हैं जबकि उसकी जरूरत भी नहीं होती है। सलमान पर्फेक्शन का खास ध्यान रखते हैं और अपने निर्देशकों को थोड़ा भी असंतुष्ट नहीं छोड़ना चाहते हैं। प्रभुदेवा ने कहा, यह डायरेक्टर्स के ऊपर है कि वह कैसे सलमान को बेस्ट रूप में कैप्चर कर सकते हैं क्योंकि उनका यूनीक स्टाइल और ऐटिट्यूड है। डायरेक्टर्स और कोरियोग्रॉफर्स को सलमान से चीजें नहीं करानी चाहिए। उन्हें सलमान को वह करने देना चाहिए जो वह सबसे अच्छा करते हैं।

QUIZ TIME

1) निम्न अखबारों में कौन-सा मुख्यतः उदारवादियों की नीतियों का प्रचारक था?
(क) न्यू इंडिया (ख) लीडर (ग) यंग इंडिया (घ) फ्री प्रेस जर्नल
2) नागरिक सेवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली को सिद्धांततः स्वीकार किया गया- (1833 / 1853)
3) 'प्रेम पचीसी' के लेखक कौन है?
4) सैडलर आयोग का संबंध न्याय से था। (सही / गलत)
5) राष्ट्रवादी लेखक, पत्रकार और संपादक का नाम बताए जिन्होंने 'स्वदेशभीमनी' का संपादन किया था?

Ramaquiz

उत्तरमाला: (1) लीडर (2) 1853 (3) प्रेमचंद (4) गलत, शिक्षा (5) के. रामकृष्ण पिल्लई

राज निदिमोरू और कृष्णा डीके की फिल्म में काम करेंगे शाहरुख

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान निर्देशक राज निदिमोरू और कृष्णा डीके की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। शाहरुख खान लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं। उन्हें आखिरी बार आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'जीरो' में देखा गया था। 'जीरो' बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही थी। चर्चा है कि शाहरुख निर्देशक राज निदिमोरू और कृष्णा डीके के साथ एक फिल्म कर सकते हैं। इस फिल्म को लेकर चर्चा काफी लंबे समय से हो रही थी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की स्क्रिप्ट देखते ही शाहरुख खान ने इस प्रोजेक्ट के साथ जुड़ने के लिए हां बोल दिया था।

एक ही स्टूडियो में शूटिंग, लेकिन मिलने से बच रहे हैं आलिया-रणबीर

आलिया भट्ट और रणबीर कपूर अब 'ब्रह्मास्त्र' की शूटिंग के बाद अपनी-अपनी दूसरी फिल्मों की शूटिंग में बिजी हो गए हैं। आलिया इस समय संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की शूटिंग कर रहे हैं जबकि रणबीर कपूर अब अपनी एक ऐक्शन फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर अब 'ब्रह्मास्त्र' की शूटिंग के बाद अपनी-अपनी दूसरी फिल्मों की शूटिंग में बिजी हो गए हैं। आलिया इस समय संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' की शूटिंग कर रहे हैं जबकि रणबीर कपूर अब अपनी एक ऐक्शन फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। हालांकि हालिया खबरों की मानें तो दोनों की शूटिंग एक ही फिल्म स्टूडियो में चल रही है लेकिन दोनों एक-दूसरे से मिलने में बच रहे हैं। जबकि पिछले काफी समय से आलिया-रणबीर के अफेयर की खबरें चल रही हैं ऐसे में इनका एक-दूसरे से मिलने से बचने पर लोग ताज्जुब कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो ऐसा इसलिए है क्योंकि दोनों अपना बिहेवियर थोड़ा प्रफेशनल रखना चाहते हैं और दोनों अलग-अलग प्रॉडक्शन हाउस की फिल्में कर रहे हैं। करीना कपूर की क्रिसमस पार्टी और उसके बाद अरमान जैन की शादी में यह कपल एक-साथ दिखाई दिया था। हाल में कुछ ऐसी खबरें भी आई थीं कि इसी साल दिसंबर में रणबीर और आलिया अपनी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के रिलीज होने के तुरंत बाद शादी भी कर सकते हैं। इससे पहले ऋषि कपूर की तबीयत खराब होने पर दिल्ली के एक स्कूल में उनके भर्ती होने पर रणबीर-आलिया दोनों दिल्ली भी आए थे।

कोल इंडिया की कहानी, हर साल जितने रिटायरमेंट, उसकी 25% ही हायरिंग

- **अगले 5 सालों में कंपनी में कुल 40 हजार कर्मचारी कम हो जाएंगे, जबकि इसके मुकाबले हायरिंग 10 से 15 हजार की ही होगी। एंप्लॉयीज की कम हायरिंग से बचने वाले पैसे का इस्तेमाल कंपनी बेहतर इक्विमेंट खरीदने में करेगी, ताकि प्राइवेट सेक्टर से टक्कर ले सके।**

कोलकाता। कोल इंडिया के खर्चे काफी कम होने वाले हैं। अगले 5 सालों में कंपनी में कुल 40 हजार कर्मचारी कम हो जाएंगे, जबकि इसके मुकाबले हायरिंग 10 से 15 हजार की ही होगी। एंप्लॉयीज की कम हायरिंग से बचने वाले पैसे का इस्तेमाल कंपनी बेहतर इक्विमेंट खरीदने में करेगी, ताकि प्राइवेट सेक्टर से टक्कर ले सके।

हर साल कंपनी से 8 हजार से 10000 एंप्लॉयी रिटायर हो रहे हैं, जबकि हायरिंग की बात करें तो वह इसकी करीब 25 फीसदी ही हो रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी सिर्फ जरूरी पोस्ट्स पर ही भर्तियां करेगी। जॉब पाने वाले लोगों में ऐसे परिवार भीशामिल होंगे जिन्होंने नई खदानों के लिए अपनी जमीन खोई है। एग्जिक्यूटिव ने बताया, 'हमारे अनुमान के मुताबिक, अगले साल से सालाना नियुक्तियों की संख्या 3000 से ऊपर नहीं जाएगी।' साल 2015 से 1 जनवरी 2020 के बीच कोल इंडिया में एम्प्लॉयी संख्या 57000 कम हो गई है। अब कंपनी में 276000 कर्मचारी हैं। 2015 से 2024 तक यह संख्या 57000 से बढ़कर 97000 तक पहुंच जाएगी, और उस वक्त तक कंपनी का प्रॉडक्शन 1 अरब टन तक पहुंचने का अनुमान है।

वित्त वर्ष 2017-18 तक कंपनी की उत्पादन लागत में 55 फीसदी वेतन पर खर्च होता था। तब से वर्कफोर्स में 23000 की कमी आई है, जिससे वेतन पर होने वाला खर्च घटकर 49.5 पर्सेंट पर आ गया है। एग्जिक्यूटिव ने कहा, 'मैनपावर में और कमी और हाई कपैसिटी इक्विपमेंट का इस्तेमाल बढ़ने से लागत में सैलरी खर्च और कम होगा।' इसके उलट, माइन कॉन्ट्रैक्टर की कॉस्ट में वेतन पर 22 फीसदी हिस्सा खर्च होता है। प्राइवेट माइन कॉन्ट्रैक्टर जहां वर्करों को 15000-25000 महीने की सैलरी देते हैं वहीं कोल इंडिया कम से कम 80 हजार रुपये की सैलरी के साथ-साथ परिवार का मेडिकल खर्च, एजुकेशन, हाउसिंग आदि बेनिफिट्स भी देती है।

राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान का नाम अरूण जेटली के नाम पर

नयी दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एनआईएफएम), फरीदाबाद का नाम बदलकर पूर्व वित्त मंत्री अरूण जेटली के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। अब यह संस्थान अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एजेएनआईएफएम) हो जायेगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार श्री जेटली के दृष्टिकोण और योगदान के बल पर भविष्य में इस संस्थान के सपने और आकांक्षाओं के बीच तालमेल कायम करते हुए, सरकार ने एनआईएफएम का नाम उनके नाम पर रखने का निर्णय लिया है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से भर्ती होने वाले विभिन्न वित्त एवं लेखा सेवाओं के अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय व्यय लेखा सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के साथ केन्द्रीय वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के तहत एक पंजीकृत संस्था के रूप में 1993 में एनआईएफएम, फरीदाबाद की स्थापना की गई थी। केंद्रीय वित्त मंत्री एनआईएफएम समिति के अध्यक्ष हैं। यह संस्थान सार्वजनिक नीति, वित्तीय प्रबंधन, सार्वजनिक खरीद और अन्य प्रशासन के मुद्दों पर क्षेत्र में व्यवसायिक दक्षता तथा परंपरा के उच्चतम मापदंड को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक प्रमुख संसाधन केंद्र बन गया है। एनआईएफएम राज्य सरकारों, रक्षा प्रतिष्ठानों, बैंकों, अन्य वित्तीय संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों को भी सुविधा प्रदान करता है।

लक्ष्मी विलास बैंक में निवेश के लिए RBI को आया अमेरिकी फंड का कॉल

- **न्यूयॉर्क हेडक्वॉर्टर वाले फंड के एक एग्जिक्यूटिव और LVB के मैनेजमेंट के सीनियर मेंबर्स ने हाल ही में RBI के अधिकारियों से बात की है**

मुंबई। अमेरिकी फंड हाउस टिल्डन पार्क कैपिटल मैनेजमेंट ने लक्ष्मी विलास बैंक (LVB) में बड़ी हिस्सेदारी खरीदने के मकसद से RBI से संपर्क किया है। प्राइवेट सेक्टर का यह पुराना बैंक पूंजी जुटाने के लिए निवेशकों की तलाश में जुटा हुआ है। न्यूयॉर्क हेडक्वॉर्टर वाले ऐसेट मैनेजर के एक एग्जिक्यूटिव और LVB के मैनेजमेंट के सीनियर मेंबर्स ने संभावना तलाशने के लिए हाल ही में RBI के अधिकारियों से बात की है। टिल्डन का संपर्क LVB से न्यूयॉर्क की फाइनैंशल सर्विसेज फर्म कैंटर फिट्ज़ेराल्ड ने कराया है। डोएचे बैंक के फॉर्मर को-सीईओ अंशु जैन फिट्ज़ेराल्ड की टॉप लीडरशिप टीम का हिस्सा हैं।

'कंट्रोल ट्रांजैक्शन' के जिन मामलों में इन्वेस्टर बड़ा शेयर (भले ही मेजॉरिटी स्टेक न हो) खरीदने का मंसूबा रखता है उनमें रेगुलेटर और टारगेट बैंक को इन्वेस्टर की पृष्ठभूमि की विस्तृत जांच और उसकी साख की पड़ताल करनी होती है। ऐसे मामलों में आरबीआई विदेशी निवेशक के यहां के रेगुलेटर से संपर्क भी कर सकता है। प्राइवेट बैंक में 5% या उससे ज्यादा स्टेक खरीदने से पहले उसके लिए RBI की इजाजत लेना जरूरी होता है। स्ट्रैटिजिक इन्वेस्टर्स को प्राइवेट बैंक में खरीदारी की इजाजत इस शर्त पर दी जाती है कि उन्हें लॉक इन पीरियड के बाद अपनी होल्डिंग को घटाकर 15% पर लाना होगा।

रेगुलेटरी सर्कल के मुताबिक इंडियाबुल्स हाउसिंग के साथ अपने विलय को इजाजत देने से मना किए जाने के बाद अब LVB यह पक्का करना चाहता है कि निवेशक को रेगुलेटर की मंजूरी मिल जाए। माना जा रहा है कि टिल्डन के साथ बैंक की बातचीत शुरुआती दौर में है और प्राइसिंग या फंडिंग जैसे अहम मुद्दों पर बातचीत अभी नहीं हुई है। फिलहाल RBI के प्रॉम्प्ट करेक्टिव ऐक्शन (PCA) के तहत सख्त पाबंदियों के बीच LVB का कारोबार चल रहा है।

लगभग 31,500 करोड़ रुपये के ऐसेट साइज वाले लक्ष्मी विलास बैंक को तुरंत कम-से-कम 1000 1500 करोड़ रुपये के फंड की जरूरत है। सितंबर के अंत में इसका कैपिटल ऐडिक्वेसी रेश्यो (CAR) सिर्फ 5.56% जबकि बैंकों को RBI के नॉर्म्स के मुताबिक यह कम-से-कम 8% होना चाहिए। बैंक को 30 सितंबर को खत्म क्वॉर्टर में बैड लोन के लिए 312 करोड़ रुपये की प्रोविजनिंग करने के चलते 357 करोड़ रुपये का लॉस हुआ था।

LVB के लिए टिल्डन का ऑफर तब सामने आया है जब सिंगापुर का डीबीएस इंडिया में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की कोशिश में लगा है।

टपरवेयर ने भिलाई में शुरू किया अपना पहला एक्सक्लूसिव ब्रांड ऑउटलेट

- **आउटलेट की संख्या को 49 तक पहुंचाया**

भिलाई। अमेरिका के ओरलैंडो से शुरू हुए वैश्विक प्रीमियम होमवेयर ब्रांड टपरवेयर ने अपने व्यापार का छत्तीसगढ़ में विस्तार करते हुए भिलाई में अपने पहले विशेष ब्रांड आउटलेट को शुरू किया। इस लॉन्च के साथ देश भर में टपरवेयर के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स की संख्या 49 के उल्लेखनीय आंकड़े तक पहुंच गई है। टपरवेयर ने ग्राहकों की अव्यक्त मांग को पूरा करने के लिए डायरेक्ट सेलिंग ब्रांड से बिक्री के कई चैनलों वाले ब्रांड बनने के अपने निर्णय के तहत इस नए आउटलेट को शुरू किया है। एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट लॉन्च करने के अलावा, टपरवेयर इंडिया ने अगस्त 2019 में ई-टेल बाजार में भी प्रवेश किया और अपने उत्पादों को अमेजॅन, फ्लिपकार्ट और पेटीएम जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध करवाना शुरू किया है। ये परिवर्तन दर्शाते हैं कि टपरवेयर बदलते सामाजिक परिवेश और उपभोक्ताओं के खरीददारी करने के बदलते तरीकों के अनुसार स्वयं में परिवर्तन ला रहा है।

सोना 150 रुपये लुढ़का, चाँदी मजबूत



नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में पीली धातु में रही नरमी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना मंगलवार को 150 रुपये लुढ़ककर 41,870 रुपये प्रति दस ग्राम रह गया। लगातार तीन दिन मजबूत होने के बाद सोने में गिरावट देखी गयी है। विदेशों में सफेद धातु में रही तेजी के दम पर स्थानीय बाजार में भी चाँदी 300 रुपये चमककर 47,750 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 2.05 डॉलर की गिरावट के साथ 1,569.60 डॉलर प्रति औंस रह गया।

पेट्रोल-डीजल लगातार छठे दिन सस्ता

नयी दिल्ली (वार्ता)। पेट्रोल-डीजल के दाम में मंगलवार को लगातार छठे दिन गिरावट दर्ज की गयी और राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डीजल सात महीने से अधिक के तथा पेट्रोल पाँच महीने के निचले स्तर पर आ गया।

देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल आज 16 पैसे सस्ता होकर 71.94 रुपये प्रति लीटर बिका जो 13 सितंबर 2019 के बाद का निचला स्तर है। यहाँ डीजल की कीमत भी 20 पैसे घटकर 64.87 रुपये प्रति लीटर रह गयी। यह पिछले साल 05 जुलाई के बाद का निचला स्तर है। उल्लेखनीय है कि 05 जुलाई 2019 को बजट में पेट्रोल-डीजल पर कर दो-दो रुपया बढ़ाने से अगले दिन इसके दाम अचानक चढ़े थे।

कोलकाता और मुंबई में भी पेट्रोल आज 16-16 पैसे सस्ता होकर क्रमशः 74.58 रुपये और 77.60 रुपये प्रति लीटर बिका। चेन्नई में पेट्रोल 17 पैसे सस्ता होकर 74.73 रुपये प्रति लीटर रह गया। डीजल की कीमत कोलकाता में 20 पैसे घटकर 67.19 रुपये प्रति लीटर रह गयी। मुंबई में यह 21 पैसे और चेन्नई में 22 पैसे सस्ता हुआ। एक लीटर डीजल मुंबई में 67.98 रुपये और चेन्नई में 68.50 रुपये का बिका।

न्यूज गैलरी

प्रभात फेरी मन्दिर में जीर्णोद्धार पूजा आज से

खरोरा। ग्राम केसला में कई वर्षों पहले प्रभातफेरी द्वारा बनाये गए श्रीहनुमान मन्दिर के जीर्ण हो जाने पर केसला के नवयुवक गणेशोत्सव व दुर्गोत्सव समिति ने जीर्णोद्धार समिति बना कर उस मंदिर का जीर्णोद्धार कर हनूमान जी की पुनर्प्रतिष्ठा आयोजन किया है। प्रतिष्ठाचार्य श्रीबाला जी दरबार के पुजारी पण्डित धनंजय शर्मा ने बताया कि 12 फरवरी को प्रातः 10 बजे मंगल कलश यात्रा निकलेगी जो केसला के मुख्य मार्गो से होते हुए तालाब से पूजन कर जल लाएगी ।12 बजे से वेदी पूजन प्रारम्भ होगा फिर जलाधिवास का कर्यक्रम है ।संध्या 6बजे आरती के साथ प्रथम दिवस का विराम होगा।13 फरवरी को प्रातः 9बजे पूजा 11 बजे पुष्पाधिवास 1 बजे अन्ना धिवास सन्ध्या 4 बजे हवन व 6 बजे शैय्याधिवास के साथ द्वितीय दिवस का विराम होगा।14 फरवरी प्रातः 9 बजे पूजा 10 बजे नगर भरमण 12 बजे भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी ।

मैराथन दौड़ प्रतियोगिता संपन्न

खरोरा। तिल्दा ब्लॉक मैराथन दौड़ खरोरा में हुआ सम्पन्न ,मैराथन दौड़ को हरी झंडी श्रीअरविद देवांगन शाला विकास समिति अध्यक्ष हाई स्कूल खरोरा ,श्री ईश्वरी प्रसाद देवांगन ,उपप्राचार्य श्री हरीश देवांगन ,सुश्री शाहिना परवीन, श्री डी यादव द्वारा धावकों को रवाना किया गया ,दौड़ के बाद मंच पे आसीन नगर पंचायत अध्यक्ष श्री अनिल सोनी ,श्रीअरविंद देवांगन,श्रीभरत कुंभकार,श्री नीलेश गोयल,श्री श्याम अग्रवाल , श्री पंच राम यादव,श्री यशवंत वर्मा ,श्री संतोष साह ,श्री संतोष साहू ,मोहित वर्मा ,श्रीअमीर खान ,श्रीभूपेंद्र , श्री अश्वनी निषाद श्री रिकू गुप्ता ,प्रवीण वर्मा मनीष यादव संस्कार यादव ,केतन गिलहरे सुरेश निषाद द्वारा ईनाम वितरण किया गया।

ग्राम पंचायत तिल्दाडीह में नवनिर्वाचित सरपंच व पंच का शपथ ग्रहण समारोह

खरोरा। आज दिनांक 11.02.2020 को ग्राम पंचायत भवन तिल्दाडीह में नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमति रजन पारधी एवं नवनिर्वाचित विभिन्न वार्डो के पंचों का शपत ग्रहण कार्यक्रम शासन के नियमानुसार आयोजित किया गया । शपत ग्रहण ,पदभार, कार्यक्रम समय 11 बजे प्रारंभ किया गया । कार्यक्रम में सबसे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के छायाचित्र पर फूल ,माला अर्पित कर शुभारंभ किया गया । सचिव ग्राम पंचायत तिल्दाडीह श्री कोमल प्रसाद साहू द्वारा सरपंच श्री मति रजन पारधी को सरपंच पद शपत दिलाया गया ,उसके बाद एक एक करके सभी पंचों को शपत दिलाया गया। शपत ग्रहण कार्यक्रम के बाद नवनिर्वाचित सरपंच श्री मति रजन पारधी को बहिर्गामी सरपंच श्री दिलीप कुमार बांधे द्वारा सरपंच पद का प्रभार दिया गया ।

ओड़िया सगरवंशी समाज की बैठक 16 को

खरोरा। ओड़िया सगरवंशी समाज रायपुर ग्रामीण (खरोरा सिरपुर क्षेत्र) क्षेत्रीय बैठक नगर पंचायत मे खरोरा के विधायक भवन में दिन रविवार को 16 फरवरी को रखा गया है। यह बैठक रविवार को रात्रि कालीन जिसमें सभी सामाजिक भाइयों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर अपनी गरिमा का उपस्थिति देकर सभा का गौरव बढ़ाये। जिसकी तैयारी में अध्यक्ष नेतराम सगरवंशी खरोरा , उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार सगरवंशी गिधपुरी ,सचिव झुमुक लाल सगरवशी नगरगांव , कोषाध्यक्ष लेख राम सगरवंशी भरवाड़ीह जुटे हुए हैं । संयोजक समस्त सगरवंशी समाज खरोरा सिरपुर रायपुर ग्रामीण क्षेत्र।

भव्य कलश यात्रा निकाली गई

खरोरा। ग्राम आलेसुर में दिनांक 10 फरवरी को भागवत कथा प्रारंभ हुए जिसमे पूरे गांव में कलश यात्रा निकाली गई भारी संख्या में भक्त गण मौजूद रहे व कथा वाचक श्री अशोक बिहारी पांडेय जी ने कहा जीवन तो हर कोई व्यतीत करता है लेकिन भागवत गीता ने जीवन जीने की कला बदल दी।

पांचवी विधानसभा की छठवीं सत्र 24 फरवरी से 1 अप्रैल तक

कवर्धा। छत्तीसगढ़ की पांचवी विधानसभा का षठवीं सत्र 24 फरवरी से प्रारंभ होकर एक अप्रैल 2020 तक चलेगा। विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त विधानसभा प्रश्नों की जानकारी तत्काल फैक्स एवं विशेष वाहन से भेजनी पड़ती है। सत्र के दौरान तत्काल कार्यवाही के लिए जिला कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किए है। विधानसभा सत्र के दौरान कोई भी अधिकारी या कर्मचारी बिना कलेक्टर की पूर्व अनुमति के किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे। विधानसभा प्रश्नों के उत्तर, जानकारी प्रेषित करने हेतु अपने अपने कार्यालय में नोडल अधिकारी नियुक्त करें।

चुनाव हुआ सम्पन्न अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर दंगल शुरू

नवप्रदेश संवाददाता

बोड़ला। चुनाव तो सम्पन्न हो गया लेकिन अब अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद को लेकर फिर से दंगल की स्थिति निर्मित हो रही है। दंगल इसलिए कि जनता ने तो मतदान कर दिया है किंतु दोनो ही पार्टी अब उस सीट पर कब्जा जमाने उठापटक करने लगे है। सीधे तौर पर चुनावी दंगल तब तक चलता रहेगा जब तक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए घोषणा न हो जाए। ज्ञात हो कि जनपद पंचायत परिणाम की घोषणा के साथ ही अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद हथियाने राजनीतिक उठापटक तेज हो गई है। 25 सदस्यीय जनपद में कांग्रेस एंव भाजपा दोनो अपने बहुमत का दावा कर रहे है। उसी के अनुरूप जोड-तोड प्रारंभ हो गई है। दोनो दलो द्वारा अपने समर्थक जनपद सदस्यों को सुरक्षा के लिए बाहर घुमाने फिरोन भेज दिया गया है।

25 सदस्यीय जनपद मे परिणामो की घोषणा पष्चात क्षेत्र क्रमांक 01 से नरबदिया बाई मेरावी ने रामबती को 100 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 02 से रजवंतीन धुर्वे ने चंद्रिका मरकाम को 694 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 03 में

राजेष कुमार मेरावी ने लक्ष्मण मेरावी को 357 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 04 से पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुमारी बाई उइके ने दौलतराम मेरावी को 273 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 05 से राजकुमारी वर्मा ने द्रोपती पटेल को 316 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 06 से पूर्व सरपंच बजरहा पटेल ने पूर्व जनपद सदस्य पंडितराम पटेल को 767 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 07 मे बिसतन मेरावी ने सुखबाई धुर्वे को 288 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 08 से अर्चना चंद्रवंषी ने सुमित्रा चंद्रवंषी को 152 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 09 से नेरष कुमार चन्द्रवंषी ने विवेकानंद चन्द्रवंषी को 1153 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 10 से दुलौरिन साहू ने षेखा चन्द्रवंषी को 923 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 11 में विजय सिंह ने ओमप्रकाष वर्मा को 435 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 12 में जयचंद वर्मा ने बिहारी राम पटेल को 279 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 13 में राजकुमार मेरावी ने समलसिंह धुर्वे को 316 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 14 में हीरालाल कोसले ने राजकुमार चतुर्वेदी को 65 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 15 में अमरौतिन लहरे ने गोदावरी झारिया को 267 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 16 में जनपद सभापति चिरेखा साहू ने लक्ष्मी मानिकपुरी को 830 मतो से हराकर पुनः जनपद सदस्य बनी है, क्षेत्र क्रमांक 17 में दुरपत बाई पटेल ने चित्ररेखा को 1089 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 18 में ष्षोपकुंवर साहू ने अंजूबाई मानिकपुरी को 341 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 19 में जनपद सभापति चोवा उर्फ सुरेष साहू द्वारा अपने विरोधी मोहित साहू को 2322 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 20 में अमिता मरकाम ने वतन मेरावी को 1661 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 21 में भगेल सिंह मेरावी ने नेकलाल मेरावी को 157 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 22 से रामबती मेरावी ने सतवंतीन बाई को 241 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 23 से इंद्रो पंचेष्वर ने फुलवाबाई साहू को 501 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 24 से दुखिया बाई ने उर्मिला मेरावी को 40 मतो से, क्षेत्र क्रमांक 25 से सनत जायसवाल ने पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राकेष षर्मा को कडे मुकाबले में मात्र 20 मतो से हराया है।

भोरमदेव शक्कर कारखाना के कर्मचारी मांगों को लेकर हड़ताल पर

- मांगे जल्द पुरी नही हुई तो किसान और कारखाने को होगा नुकसान

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के नियमित कर्मचारियों का लगातार चैथे दिन हड़ताल जारी रहा, जिससे भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा में गन्ना खरीदी, गन्ना पेराई, शक्कर उत्पादन एवं शक्कर विक्रय पूर्ण रूप से ठप पड़ा है, गन्ना खरीदी कारखाना में नहीं हो पाने के कारखाना में पहुंचे किसान लगातार चैथे दिन भी कारखाना प्रारंभ होने का इंतजार कर रहें है।

विदित हो कि भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के 110 नियमित कर्मचारियों के द्वारा मंहगाई भत्ता में 56 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी करने तथा 10 वर्ष की

सेवा पूर्ण कर चुके कर्मचारियों को क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ सेवा नियम के अनुसार प्रदान करने हेतु पूर्व पेराई सीजन 2018-19 में हड़ताल किया गया था। कारखाना प्रबंधन द्वारा नियमित कर्मचारियों की मांग को पूर्ण करते हुए मंहगाई भत्ता में 56 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी का लाभ देने तथा 10 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके नियमित कर्मचारियों को क्रमोन्नत वेतनमान लाभ का देने हेतु प्रस्ताव पंजीयक कार्यालय की प्रेषित किया गया है। लगभग 13 माह बीत जाने के बाद भी पंजीयक कार्यालय के द्वारा मंहगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी का लाभ देने तथा क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ देने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन नहीं किया गया, जिसके चलते कारखाना के नियमित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा पुनः पेराई सीजन 2019-20 में विधिवत 03 सूचना प्रदान करते हुए दिनांक 07-02-2020 से मंहगाई भत्ता एवं क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ एरियर्स सहित प्रदान करने हेतु अनिश्चित कालीन हड़ताल में चले गये है।

विदित हो कि राज्य स्तरीय कार्यालय द्वारा कारखाना को लाभ की स्थिति में नही होने के हवाला देते हुए प्रस्ताव को अनुमोदन नहीं किया जाता है, जबकि कारखाना प्रबंधन द्वारा बारंबार यह हवाला देते हुए शासन की पी.डी.एस. में शक्कर खरीदे जाने वाली प्रक्रिया के कारखाना 14.36 करोड़ में हुए हानि के कारण हुए घाटा का उल्लेख किया गया है, कारखाना प्रबंधन द्वारा राज्य शासन को प्रस्ताव में अवगत भी कराया गया कि उक्त राशि प्राप्त करने हेतु शासन को विधिवत प्रस्ताव भी प्रेषित किया जा चुका है। इसके बाद भी वरिष्ठ कार्यालय द्वारा मंहगाई भत्ता एवं क्रमोन्नत वेतन का लाभ देने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन नहीं किया गया है, जिससे नियमित अधिकारीध्कर्मचारियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाया है तथा हड़ताल की नौबत आई है।

पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया

कवर्धा। जनसंघ व भाजपा के प्रेरणाश्रोत पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जिला भाजपा कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की तैलय चित्र पर माल्यर्पण कर श्रधांजलि अर्पित की । वहीं इसके बाद जिला भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाने के लिए अंशदान करने का संकल्प लिया । इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा पं. दीनदयाल उपाध्याय महान चिंतक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जन संघ के अध्यक्ष भी रहे । उन्होंने भारत के सनातन विचारधारा को प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद जैसी प्रगतिशील विचारधारा दी । भारतीय जनसंघ के इतिहास में यह ऐतिहासिक घटना 1965 के विजयवाड़ा अधिवेशन में हुई। इस अधिवेशन में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने करतल ध्वनि से एकात्म मानव दर्शन को स्वीकार किया। इसकी तुलना साम्यवाद, समाजवाद, पूंजीवाद से नहीं की जा सकती। एकात्म मानववाद को किसी वाद के रूप में देखना भी नहीं चाहिए। इसे हम एकात्म मानव दर्शन कहें तो ज्यादा उचित होगा, किन्तु आधुनिक पद के चलते यह एकात्म मानववाद के रूप में प्रचलित है। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी बेहद सरल और सौम्य स्वाभाव के व्यक्तित्व के धनी थे । राजनीति के अलावा साहित्य में भी उनकी गहरी रुचि थी । आज हम जिस स्थिति में है यह उनके द्वारा रखे नीव का परिणाम है। पार्टी के नीव रखने वाले ऐसे महानपुरसो का जीवन हम सब के लिए प्रेरणास्पद व आत्मसात करने वाला है ।

दशरंगपुर पंचायत प्रतिनिधियों ने लिया शपथ

दशरंगपुर। ग्राम पंचायत दशरंगपुर के नव निर्वाचित सरपंच सहित 20 वार्डो के पंचो ने शासन द्वारा निर्धारित समय सारणी अनुसार मंगलवार को शपथग्रहण किया । समारोह का आयोजन पंचायत भवन के प्रांगण में किया गया सर्वप्रथम सरपंच चाँदखान उर्फ राजू भाई ने शपथ लिया तत पश्चात 20 वार्डो के पंच ने कमशः रामजी जयसवाल,कौशिल्या साहू, शैलेन्द्र केशरी, मनभर चंद्राकर, सलमान खान, फुलेश्वरी साहू, दीपा केशरी, प्रदीप साहू, रामावतार पाल, पार्वती निर्मलकर, मंत्रीलाल चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, राजेश साहू, शिवकुमार गुप्ता, चम्पी श्रीवास्तव, गौरी चंद्राकर, गीता चंद्राकर, पुनउ धुर्वे, संतोषी धुर्वे तथा गंगोत्री चंद्राकर को विहित अधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया ।

स्वच्छता को लेकर दिलाया गया शपथ

ढोंगईटोला। शासकीय प्राथमिक विद्यालय ढोंगईटोला में माह फरवरी के दुसरे सप्ताह के प्रथम दिवस को स्वच्छता के शपथ के पश्चात 'मौलिक अधिकार' के सम्बध में शाला के प्रधान पाठक वोकेश नाथ योगी ने बताया कि यह हमारे संविधान के भाग 3 में वर्णित किया गया है जो हम भारतीयों को प्रदान किये गए अधिकार है ,जिसका सर्वोच्च न्यायालय प्रहरी होता है ,उन्होंने बताया कि वर्तमान में हमारे संविधान में छः मौलिक अधिकार प्राप्त है,जो संविधान के अनुछेद 12 से 35 में वर्णित है जैसे - समानता,स्वतंत्रता, धर्म,संस्कृति एंव शिक्षा ,संविधानिक उपचारों और शोषण के विरुद्ध अधिकारों के रूप में प्राप्त है । अधिकारों के वाचन में श्वेता दुबे,सती मरकाम और भुनेश्वर धुर्वे ने अधिकारो पर विचार प्रगट किये ।

सुरेश चंद्रवंशी एक वर्ष के लिए जिलाबदर हुए

कवर्धा। जिला दण्डाधिकारी अवनीश कुमार शरण ने सुरेश चंद्रवंशी पिता बुधराम चंद्रवंशी साकिन छांटा थाना पांडातराई जिला कबीरधाम को जिला कबीरधाम तथा समीपवर्ती जिला राजनांदगांव, बेमेतरा, मुंगेली जिले की सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि के लिए निष्काषित (जिला-बदर) करने का आदेश दिया है। जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह कार्रवाई की है। सुरेश चंद्रवंशी को आदेश का पालन 24 घंटे के भीतर करने और आदेश की प्रभावशील अवधि में कबीरधाम जिला एवं सरहदी जिले की सीमाओं में बिना अनुमति के प्रवेश नहीं करने निर्देशित किया है।

कबीरधाम जिले में एक विशेषज्ञ चिकित्सक सहित 8 और डाक्टरों की होगी भर्ती

- जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भेजे जाएंगे डाक्टर

कवर्धा। राज्य सरकार ने कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य जनसुविधाओं को विशेष ध्यान रखते हुए आठ नए डाक्टरों की भर्ती के लिए मंजूरी दे दी है। इन आठ डाक्टरों में एक रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ और सात मेडिकल ऑफिसर शामिल हैं। शासन से अनुमति मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने इन सभी डाक्टरों

की भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर के इस नए प्रस्ताव को कलेक्टर अवनीश कुमार शरण द्वारा राज्य शासन को मंजूरी के लिए प्रेषित किया गया था। इससे पहले में मंत्री श्री अकबर के विशेष प्रयास के कबीरधाम जिले में चार अलग-अलग विशेषज्ञ चिकित्सकों और ग्रामीण तथा वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार करते हुए 80 एएनएम की भर्ती कर ली गई है।

उत्कृष्ट कार्य : 5 वर्षो से मरीजों को निःशुल्क ब्लड उपलब्ध करते आ रहे

डोंगरगढ़ । ओडिसा जगन्नाथ पुरी धाम में आयोजित समर्पण नेशनल ब्लड डोनर अवॉर्ड समारोह का आयोजन ओडिसा ब्लड डोनर कोर ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ की

श्री हनुमान भक्त युवा समिति को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया यह सम्मान समिति द्वारा निरन्तर 5 वर्षो से निस्वार्थ भाव से मरीजों को रक्त मुहैया कराते आ रहे समिति के हनी गुप्ता,अमन नामदेव,नवनीत अग्रवाल,हर्ष शर्मा को प्रदान किया गया साथ ही भारत के 29 राज्यो से आयी हुई 87 ऐसी टीमो को सम्मानित किया गया सभी रक्तविरो की टीमें रक्तदान के क्षेत्र में अत्यंत सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य करते आ रही है जिसमे रक्तदाता सेवार्थ समिति रायपुर, खुशियाली फाउंडेशन, ब्लड डोनर फाउंडेशन भानुप्रतापपुर,रेड ड्रॉप छतीसगढ़,उपहार फाउंडेशन रायपुर,मां महामाया रक्तदाता सेवार्थ समिति महासमुंद, DB ग्रुप डौंडीलोहारा, मां शाकम्बरी रक्तदाता सेवार्थ समिति सराईपाली, साई रक्तदाता समिति अम्बिकापुर,बॉम्बे बालोद ग्रुप ऑर्गनाइजेशन महराष्ट्र,मानवसेवा रक्तदान जगदलपुर, पथ प्रदर्शक बिहार,मध्यप्रदेश रक्तदान सेवा ग्रुप,मिथिला रक्तदान ग्रुप दरबंगा, व अन्य राज्यो से आये रक्तविरो के समूहो का सम्मान किया गया

तत्काल उखाड़े अवैध होर्डिंग बोर्ड: नपा अध्यक्ष ने दिये सख्त निर्देश

कवर्धा। अवैध होर्डिंग बोर्ड को तत्काल उखाडे, लंबे अर्से से होर्डिंग बोर्ड अनुमति की नवीनीकरण नही कराने वाले फर्म को तत्काल नोटिस जारी कर अविलंब राशि जमा कराये

जाने हेतु पत्र प्रेषित करने निर्देश दिये। राजस्व एवं बाजार समिति सभापति प्रमोद लुनिया की उपस्थिति में आयोजित बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने प्र.राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिये।

राजस्व एवं बाजार विभाग उप समिति की आयोजित प्रथम बैठक सभापति प्रमोद लुनिया ने ली। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने उपस्थिति सदस्यों को बैठक आयोजित करने के लिए बधाई व शुभकामनायें दी। उन्होनें राजस्व संबंधित समस्त वसूली संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर के साथ-साथ दुकान किराया वसूली में भी तेजी लाने निर्देशित किये। नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा ने कहा कि नगर पालिका सीमा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों पर होर्डिंग फर्मो द्वारा होर्डिग्स का स्थापना किया गया है जिसका नवीनीकरण शुल्क काफी लंबे समय से इस निकाय में जमा नही किया गया है तथा शहर में ऐसे भी होर्डिंग लगे है जिसका इस निकाय में अनुमति नही है ।

खुशखबरी जिले के चालीस शिक्षक शामिल, टीचर्स एसोसिएशन ने जताया आभार

संयुक्त संचालक ने शिक्षकों का संविलियन आदेश किया जारी

कवर्धा - दुर्ग संभाग में कार्यरत 105 शिक्षकों का संविलियन आदेश जारी कर दिया गया है, जिसमें जिले के चालीस शिक्षकों का नाम शामिल है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएषन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंषी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता ने बताया कि शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक द्वारा विगत 28 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार छ.ग.षासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नया रायपुर के 31 दिसम्बर 2019 के पत्र के अनुक्रम में 96 षिक्षक पंचायत व नगरीय निकाय को एक जनवरी 2020 से स्कूल षिक्षा विभाग में षिक्षक ई.एल.बी. संवर्ग के पद पर संविलियन किया गया है, जिसमें कबीरधाम जिले के 39 षिक्षक षामिल है। इसी प्रकार व्यायाम षिक्षक पंचायत व नगरीय निकाय को स्कूल षिक्षा विभाग में षिक्षक षारीरिक षिक्षा ई.व टी.

एल.बी. संवर्ग के पद पर संविलियन किया गया है, जिसमें जिले के एक षारीरिक षिक्षक का नाम षामिल है। इन सभी षिक्षकों के संविलियन की सेवा षर्ते छ.ग.षासन स्कूल षिक्षा विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा 30 जून 2018 को जारी आदेश के अनुसार होगी। टीचर्स एसोसिएषन के जिलाध्यक्ष रमेष कुमार चन्द्रवंषी प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद गुप्ता, रविन्द्र चन्द्रवंषी, संजय वर्मा, उग्रसेन चन्द्रवंषी, आसकरण धुर्वे, केषलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, राजेष तिवारी, बलदाऊ चन्द्राकर आदि ने संविलियन आदेष जारी करने हेतु संयुक्त संचालक, जिला पंचायत के सीईओ, डीईओ, सहित प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संबंधित षिक्षकों को बधाई दिया है।

डीपीआई. से व्याख्याता का संविलियन रूका- टीचर्स एसोसिएषन के जिलाध्यक्ष रमेष कुमार चन्द्रवंषी ने बताया कि व्याख्याता पंचायत का स्कूल षिक्षा विभाग में संविलियन करने का आदेष लोक षिक्षण संचालनलाय के संचालक द्वारा जारी किया जाता है।

न्यूज गैलरी

डिहरी ऑन सोन में अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता शुरू

डिहरी ऑन सोन (वार्ता)। बिहार में रोहतास जिले के डिहरी ऑन सोन में 20वीं अखिल भारतीय पुलिस शूटिंग प्रतियोगिता शुरू हो गयी है जिसमें देश के 21 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस के अलावा आठ केंद्रीय बलों की कुल 30 टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता 15 फरवरी तक चलेगी। बिहार के पुलिस महानिदेशक गुप्तेश्वर पांडेय ने बिहार सैन्य पुलिस (बीएमपी) परिसर में सोमवार को प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए बिहार का चयन किया जाना राज्य के लिए गौरव की बात है। बिहार ऋषि-मुनियों, बलिदानी बहादुरों और शौर्य पराक्रम की भूमि रही है। उन्हें पूरा भरोसा है कि इस शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने आये खिलाड़ी बिहार के प्रेम, मोहब्बत और अहिंसा के संदेश को पूरे देश में फैलाएंगे। पांडेय ने कहा कि इस शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए यहां पूरा हिंदुस्तान खड़ा है। जम्मू कश्मीर से कन्याकुमारी तक की टीम यहां पहुंची है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में देश के 21 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस के अलावा आठ केंद्रीय बलों की कुल 30 टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता 15 फरवरी तक चलेगी।

मेरे लिए बड़े गर्व का क्षण : विवेक

नई दिल्ली (वार्ता)। एफआईएच राइजिंग स्टार ऑफअवार्ड के लिए चुने गए भारत के विवेक सागर प्रसाद ने इसे अपने लिए बड़े गर्व का क्षण बताया है। हॉकी इंडिया ने इस अवार्ड के लिए चुने जाने पर विवेक को बधाई दी है। विवेक ने कहा, ÷यह मेरे लिए गर्व का क्षण है और मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने इस अवार्ड के लिए मुझे वोट किया। इस अवार्ड से मुझे देश के लिए और भी अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी। मैं साथ ही अपने टीम साथियों और ख़ास तौर पर सीनियर्स का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने बराबर मेरा समर्थन किया।

मुकुंद और माइनेनी बेंगलुरू ओपन में जीते

बेंगलुरू। भारत के शशिकुमार मुकुंद और साकेत माइनेनी ने सोमवार को यहां विपरीत हालात में अपने मुकाबले जीतकर बेंगलुरू ओपन एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। दुनिया के 275वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी मुकुंद ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाले स्लोवेनिया के ब्लाज कावसिच के खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-6 6-3 6-4 की जीत के साथ कर्नाटक राज्य लान टेनिस संघ (केएसएलटीए) में खेले जा रहे 162500 डालर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के दूसरे दौर में प्रवेश किया। पिछले साल के उप विजेता माइनेनी भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। उन्होंने रूस के अस्लान कारात्सेव को सीधे सेटों में 6-3 6-3 से हराया।

आईसीसी महिला विश्वकप में टीवी अंपायर देखेगा खिलाड़ियों का फ्रंट फुट नोबॉल

ऑस्ट्रेलिया में इसी महीने होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में टीवी अंपायर फ्रंट फुट नोबॉल का फैसला करेगा। महिला टी-20 विश्वकप 21 फरवरी से ऑस्ट्रेलिया में खेला जाएगा जो आठ मार्च तक चलेगा।

दुबई (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने यह जानकारी देते बताया कि टीवी अंपायर हर गेंद पर गेंदबाज का फ्रंट फुट देखेंगे और नोबॉल होने पर मैदानी अंपायर को सूचित करेंगे। मैच के दौरान फ्रंट फुट नोबॉल पर कई बार विवाद हो चुका है। ऐसे में आईसीसी ने विश्वकप को देखते हुए यह फैसला लिया है। आईसीसी ने कहा कि इसे भारत और वेस्टटइंडीज के मैच में ट्रायल किया था और टीवी अंपायर ने सभी गेंदों पर फ्रंट फुट नोबॉल पर नजर रखी थी। आईसीसी ने बयान जारी कर कहा,÷तीसरा अंपायर हर गेंद के बाद फ्रंट फुट पर नजर रखेगा और नोबॉल होने पर मैदानी अंपायर को सूचित करेगा। क्रिकेट में तकनीक का इस्तेमाल कर फैसला लेने का एक अच्छा अनुभव रहा है और हमें उम्मीद है कि इससे महिला टी-20 विश्वकप में फ्रंट फुट नोबॉल पर फैसले में कोई गलती नहीं होगी। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले महिला टी20 विश्व

कप में फ्रंटफुट नोबॉल तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। यह पहला मौका होगा जब आईसीसी किसी वैश्विक टूर्नमेंट में पहली बार इसे लागू करेगी। महिला टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत इस महीने के आखिर में होनी है। इससे पहले फ्रंटफुट नोबॉल तकनीक का इस्तेमाल हाल ही में भारत और वेस्ट इंडीज में सफल प्रयोग के बाद इसके इस्तेमाल का फैसला किया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'तीसरा अंपायर हर गेंद के बाद फ्रंटफुट लैंडिंग पोजिशन पर नजर रखेगा। गेंद नोबॉल होने पर वह मैदानी अंपायर को इसकी सूचना देगा।' हाल ही में 12 मैचों में इस तकनीक का ट्रायल किया गया, जिसमें 4717 गेंदें डाली गई और उनमें 13 नोबॉल थीं। आईसीसी महाप्रबंधक (क्रिकेट) ज्योफ अलार्डिस ने कहा, 'क्रिकेट मैच में अधिकारियों की मदद के लिए तकनीक के इस्तेमाल की अच्छी परंपरा रही है। मुझे यकीन है कि इस तकनीक के प्रयोग से आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप में फ्रंटफुट नोबॉल में गलतियों की गुंजाइश कम हो जाएगी।'

> 'मैदानी अंपायरों को निर्देश दिए गए हैं कि फ्रंटफुट नोबॉल पर वह फैसला नहीं लेंगे। बाकी नोबॉल पर हालांकि वे ही फैसला लेंगे।' हाल ही में 12 मैचों में इस तकनीक का ट्रायल किया गया, जिसमें 4717 गेंदें डाली गईं और उनमें 13 नोबॉल थीं। आईसीसी महाप्रबंधक (क्रिकेट) ज्योफअलार्डिस ने कहा, 'क्रिकेट मैच में अधिकारियों की मदद के लिए तकनीक के इस्तेमाल की अच्छी परंपरा रही है। मुझे यकीन है कि इस तकनीक के प्रयोग से आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप में फ्रंटफुट नोबॉल में गलतियों की गुंजाइश कम हो जाएगी।'

भारत का न्यूजीलैंड दौरा | विराट बोले- हमारी फील्डिंग-बोलिंग इस लायक नहीं कि यहां कोई मैच जीत पाते

न्यूजीलैंड ने भारतीय टीम को पहली बार किया क्लीन स्वीप

लोकेश राहुल (112) का शानदार शतक भी भारत को तीसरे और आखिरी वनडे में मंगलवार को हार से नहीं बचा सका और मेजबान न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाज हेनरी निकोल्स (80), मार्टिन गुप्तिल (66) और कॉलिन डी ग्रैंडहोम (नाबाद 58) के अर्धशतकों की बदौलत यह मुकाबला पांच विकेट से जीतकर तीन मैचों की सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप कर लिया।

- बल्लेबाजों ने कड़े हालात में खुद को किया साबित, यह हमारा पॉजिटिव : विराट
- अब भारत का लक्ष्य टेस्ट सीरीज पर, 21 फरवरी से शुरू होगी 2 टेस्ट की सीरीज
- 31 साल (1988/89) बाद टीम इंडिया का किसी वनडे सीरीज में हुआ क्लीन स्वीप
- तीसरे वनडे में ग्ररु राहुल के शतक से भारत ने कीवी टीम को दिया 297 का लक्ष्य

माउंट मोंगानुई (वार्ता)। न्यूजीलैंड ने इस क्लीन स्वीप से भारत से टी-20 सीरीज में मिली 0-5 की क्लीन स्वीप का बदला चुका दिया और साथ ही भारत के खिलाफ तीन या उससे अधिक मैचों की वनडे सीरीज को पहली बार क्लीन स्वीप कर लिया। भारत ने पिछले न्यूजीलैंड दौरे में वनडे सीरीज 4-1 से जीती थी लेकिन इस बार उसे तीनों ही मैचों में करारी हार का सामना करना पड़ा। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट पर 296 रन का मजबूत स्कोर बनाया लेकिन फॉर्म में चल रहे कीवी बल्लेबाजों के सामने यह स्कोर भी छोटा साबित हुआ। मेजबान टीम ने 47.1 ओवर में पांच विकेट पर 300 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल कर ली। टी-20 और वनडे सीरीज समाप्त होने के बाद दोनों टीमें अब 21 फरवरी से शुरु होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज में उतरेंगी। पहला टेस्ट 21 फरवरी से वेलिंगटन में और दूसरा टेस्ट 29 फरवरी से क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा। भारत के वनडे इतिहास में यह तीसरा मौका है जब उसे तीन या उससे अधिक मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज ने 1983-84 में भारत को 5-0 से और फिर 1988-89 में 5-0 से हराया था।

पहली बार वनडे सीरीज में खाली हाथ रहे बुमराह

माउंट मोंगानुई (वार्ता)। दुनिया के नंबर एक वनडे गेंदबाज भारत के जसप्रीत बुमराह आश्चर्यजनक रुप से अपने शानदार करियर में पहली बार किसी सीरीज में खाली हाथ रहे हैं। बुमराह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में कोई भी विकेट हासिल नहीं कर पाए। इससे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि पिछले छह मैचों में वह पांच मैचों में विकेट लेने के लिहाज से खाली हाथ रहे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में बुमराह हेमिल्टन में 10 ओवर में 53, ऑकलैंड में 10 ओवर में 64 और माउंट मोंगानुई में 10 ओवर में 50 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए। इससे पहले

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफजनवरी में बेंगलुरु में बुमराह को 10 ओवर में 38 रन देकर कोई विकेट नहीं मिला था।

हम इतना खराब कभी नहीं खेले : विराट

माउंट मोंगानुई (वार्ता)। न्यूजीलैंड के हाथों तीसरे वनडे मुकाबले में मिली पांच विकेट की हार और सीरीज 0-3 से हारने से निराश भारतीय कप्तान विराट कोहली ने मंगलवार को कहा कि टीम इससे पहले इतना खराब कभी नहीं खेली। न्यूजीलैंड ने भारत को सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे मुकाबले में हराकर पहली बार भारत को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। विराट ने मैच के बाद कहा,÷टीम ने इससे पहले कभी इतने खराब खेल का प्रदर्शन नहीं किया था लेकिन हम अवसरों को भुना नहीं पाए यही हमारी हार का कारण रहा।

मध्यप्रदेश को खेलों में बनाएंगे नंबर वन राज्य : जीतू पटवारी

भोपाल (वार्ता)। खेल और युवा कल्याण एवं उच्च शिक्षा मंत्री जीतू पटवारी ने कहा है कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार वचनबद्ध है तथा प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में नंबर वन राज्य बनाने के मुख्यमंत्री कमलनाथ के स्वप्न को साकार किया जाएगा। यह विचार पटवारी ने सोमवार को मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी में आयोजित भूमिपूजन समारोह में व्यक्त किए। भूमिपूजन कार्यक्रम में हॉकी खिलाड़ियों के लिए 19 करोड़ 96 लाख की लागत से निर्मित होने वाले दो सिंथेटिक टर्फ तथा शूटिंग खिलाड़ियों के लिए 5 करोड़ 22 लाख रूपये की लागत से बनने

वाले दो ट्रैप एवं स्कीट रैंज की आधारशिला रखी गई। इस अवसर पर जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि हॉकी की नर्सरी के रूप में भोपाल ने अलग पहचान बनाई है। भोपाल ने देश को कई ओलम्पियन खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने खिलाड़ियों को परिश्रम कर प्रतिभा निखारने और खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेलों से खिलाड़ियों को सम्मान मिलता है। पटवारी ने प्रदेश में संचालित 24 हॉकी फीडर सेंटर और महिला एवं पुरूष हॉकी अकादमी का उल्लेख करते हुए कहा कि हॉकी के क्षेत्र में प्रदेश में जितने संसाधन हैं उतने अन्य प्रदेशों में नहीं हैं। भोपाल देश का पहला ऐसा शहर होगा जहां छह सिंथेटिक टर्फ खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध होंगे।

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर वकार हसन का निधन

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान की पहली टेस्ट टीम का हिस्सा रहे पूर्व बल्लेबाज वकार हसन का निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। वकार पाकिस्तान की पहली टेस्ट टीम का हिस्सा थे जिसने अक्टूबर 1952 में भारत का दौरा किया था। वह इसके साथ ही 1954 में हुए इंग्लैंड दौरे में भी टीम में शामिल रहे थे। 12 सितंबर 1932 को अमृतसर में जन्में वकार ने अपने करियर में 21 टेस्ट मैच खेले थे जिसमें उन्होंने 1071 रन बनाए थे। उन्होंने टेस्ट करियर में एक शतक और छह अर्धशतक लगाए थे। उनका टेस्ट में सर्वाधिक स्कोर न्यूजीलैंड के खिलाफ 189 रन था। उन्होंने टेस्ट के अलावा प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 99 मैच खेले और 4741 रन बनाए थे।

आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में पांच खिलाड़ी दोषी साबित हुए

पौचेफस्ट्रूम (वार्ता)। आईसीसी अंडर-19 विश्वकप के फाइनल मैच के बाद बंगलादेश और भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए विवाद के मामले में बंगलादेश के तीन और भारत के दो खिलाड़ी आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के दोषी साबित हुए हैं। बंगलादेश ने भारतीय अंडर-19 टीम को फाइनल में तीन विकेट से मात दी थी जिसके बाद बंगलादेश और भारतीय खिलाड़ियों के बीच विवाद हो गया था। इस विवाद को लेकर हालांकि बंगलादेश टीम के कप्तान अकबर अली ने बाद में माफी भी मांगी थी। बंगलादेश के मोहम्मद तोहिद ह्रदॉय, शमीम हुसैन और रकीबुल हसन

आईसीसी की धारा 2.21 तोड़ने के दोषी पाए गए हैं जबकि भारत की तरफ से आकाश सिंह और रवि बिश्नोई धारा 2.5 तोड़ने के दोषी ठहराए गए हैं। इन खिलाड़ियों पर मैदानी अंपायर सैम नोगस्की, एडरियम होल्डस्टॉक, तीसरे अंपायर रवींद्र विमालासिरी और चौथे अंपायर पैट्रिक बोनग्नी जेले ने यह आरोप लगाए हैं। आईसीसी अंडर-19 विश्वकप मैच के रेफरी ग्राएम लेब्रू ने पांच खिलाड़ियों पर आरोप प्रस्तावित किए हैं।

जीत की खुशी | मैं यह अवॉर्ड जीतकर बहुत गर्व महसूस कर रही हूं-लालरेमसियामी

लालरेमसियामी बनी राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर

भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर लालरेमसियामी एफआईएच राइजिंग स्टार ऑफद ईयर चुनी गयी हैं। हॉकी इंडिया ने लालरेमसियामी को इस पुरस्कार के लिए बधाई दी है।

नई दिल्ली (वार्ता)। वर्ष 2018 में पदार्पण करने वाली लालरेमसियामी ने 2019 में हिरोशिमा में हुई एफआईएच महिला हॉकी सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने पिछले साल नंवबर में हए ओलंपिक क्वालीफायर में भी उम्दा प्रदर्शन किया था जहां भारत ने अमेरिका को हराकर इस साल होने वाले टोक्यो ओलंपिक का टिकट हासिल किया था।

> मैं अपनी टीम की सदस्यों को भी धन्यवाद देना चाहती हूं जो हमेशा मेरे साथ खड़ी रहीं और मेरा मनोबल बढ़ाया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने कहा,卐मैं लालरेमसियामी को राइजिंग स्टार ऑफद ईयर का पुरस्कार जीतने पर बधाई देता हूं। वह मिजोरम में युवाओं के लिए एक प्रेरणा है और उन्होंने टीम के लिए काफी कुछ किया है। मैं उन्हें भविष्य के टूर्नामेंटों के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं। इससे पहले भारतीय पुरुष टीम के खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद को भी राइजिंग स्टार ऑफद ईयर चुना गया था।

इस अवॉर्ड को जीतने पर लालरेमसियामी ने कहा,÷मैं यह अवॉर्ड जीतकर बहुत गर्व महसूस कर रही हूं। यह मेरे लिए बहुत बड़ा क्षण है और मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने मुझे वोट देकर यह अवॉर्ड जीताया। इससे मुझे बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। मैं अपनी टीम की सदस्यों को भी धन्यवाद देना चाहती हूं जो हमेशा मेरे साथ खड़ी रहीं और मेरा मनोबल बढ़ाया। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष मोहम्मद मुश्ताक अहमद ने कहा,÷मैं लालरेमसियामी को राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर का पुरस्कार जीतने पर बधाई देता हूं। वह मिजोरम में युवाओं के लिए एक प्रेरणा है और उन्होंने टीम के लिए काफी कुछ किया है। मैं उन्हें भविष्य के टूर्नामेंटों के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूं। इससे पहले भारतीय पुरुष टीम के खिलाड़ी विवेक सागर प्रसाद को भी राइजिंग स्टार ऑफ द ईयर चुना गया था। उन्होंने 2017 में कोरिया और 2019 में स्पेन के खिलाफ सर्वाधिक गोल दागे। हिरोशिमा में एफआईएच सीरिज फाइनल्स में भारत ने ओलिंपिक क्वॉलिफायर्स में जगह बनाने की होड़ में शामिल आठ दूसरी टीमों को हराया। भारत ने अमेरिका को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। टूर्नमेंट के दौरान लालरेम्सियामी के पिता का निधन हो गया था लेकिन इस दुख को झेलते हुए उसने खेलने का फैसला किया। उन्होंने बाद में कहा, 'मैं चाहती थी कि मेरे पिता को मुझ पर गर्व हो। इसलिए मैंने रुकने और खेलने का फैसला किया।' मिजोरम के छोटे से गांव से निकली लालरेम्सियामी ने कहा, 'मेरे गांव में हॉकी काफी मशहूर नहीं है। बहुत कम लोग खेलते हैं लेकिन मेरी हमेशा से हाकी में रुचि थी।

वार्नर ने दिए टी-20 से संन्यास लेने के संकेत

सिडनी (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने ट्वंटी-20 प्रारुप से संन्यास लेने के संकेत दिए हैं। 33 वर्षीय वार्नर ने कहा,÷अगर आप टी-20 को देखें तो हमें लगातार दो विश्वकप खेलने है और यह एक ऐसा प्रारुप है जिससे मैं संन्यास लेना चाहूंगा। मैंने इसके कार्यक्रम की सूची देखी है और मेरे लिए क्रिकेट के तीनों प्रारुप में खेलना काफी कठिन है। उन्होंने कहा,÷मेरे घर में पत्नी के साथ-साथ तीन बच्चे हैं और मेरे लिए लगातार यात्राएं करना काफी कठिन हो सकता है। अगर मुझे किसी एक फॉर्मेट को छोड़ना पड़े तो मैं टी-20 को छोड़ना चाहूंगा। वार्नर ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 76 टी-20 मैच खेले हैं और 2079 रन बनाए हैं। वार्नर ने ट्वंटी-20 में एक शतक और 15 अर्धशतक लगाए हैं।

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में नि:शुल्क परामर्श शिविर आज से

अस्पताल द्वारा मरीजों के लिए ओपीडी शिविर आयोजित किया, जिसमें मरीज अस्पताल में पूर्व-पंजीकरण के पश्चात नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच करा सकेंगे

रायपुर (नवप्रदेश)। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल, रायपुर में न्यूरोसर्जरी /मस्तिष्क षल्य चिकित्सा, पल्मोनोलॉजी/छाती रोग, यूरोलॉजी /मूत्र रोग का निःशुल्क परामर्श षिविर आयोजित किया गया। यह शिविर 10 से 17 फरवरी, 2020, सुबह 11 बजे से 02 बजे तक रहेगा। कल शिविर का दूसरा दिन था जिसमें 100 से अधिक मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया और षिविर का केवल पांच दिन शेष है अगर आपको भी न्यूरोसर्जरी/ मस्तिष्क षल्य चिकित्सा, पल्मोनोलॉजी/छाती रोग, यूरोलॉजी/मूत्र रोग से संबंधित कोई भी समस्या है तो इस षिविर में जाकर निःशुल्क परामर्ष ले सकते हैं।

इस शिविर में मरीज न्यूरोसर्जरी/ मस्तिष्क षल्य चिकित्सा से संबंधित सारी बीमारियों जैसे- सिर का फैक्चर, रीढ़ की हड्डी, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज, माइलोमेनिंगो सेल और कैंसर, इंट्राक्रैनियल और इंट्रास्पाइनल, डिस्कप्रोलेप्स। पल्मोनोलॉजी/ छाती रोग से संबंधित सारी बीमारियों जैसे- सांस लेने में कठिनाई/ सांस फूलना व ब्रोकाईटिस, सीने में दर्द, निमोनिया, एलर्जी, खांसी आना, बार-बार सर्दी जुकाम होना, तेजी से सांस चलना, श्वास नली या फेफड़ों का संक्रमण और यूरोलॉजी/मूत्र रोग से संबंधित सारी बीमारियों जैसे- प्रॉस्टेट ग्रंथि, गुर्दे एवं मूत्राषय की पथरी, पेषाब नली की सिकुड़न, पेशाब धीरे व बार-बार आना, पेषाब में जलन, पुरूष नपुंसकता आदि से पीड़ित मरीज अपना पहले से पंजीकरण करा कर सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे के बीच ओपीडी शिविर में निःशुल्क अपनी जांच करा सकते हैं।

न्यूरोसर्जरी/मस्तिष्क शल्यचिकित्सा रोग जांच शिविर में डॉ. एसएन मढ़रिया। पल्मोनोलॉजी/ छाती रोग में डॉ. सुशील जैन, डॉ. गिरीश अग्रवाल। यूरोलॉजी/मूत्र रोग में डॉ. अजय पराशर, डॉ. हर्ष जैन मरीजो की जांच कर रहे है। आज छत्तीसगढ़ राज्य को अपने लोगों की स्वास्थ्य स्थिति बेहतर बनाने हेतु कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल की इन समस्याओं के लिए सहायता की जरूरत है, क्योंकि हेल्थ सिस्टम पर पहले से ही काफी बोझ है। केयर हॉस्पिटल का मानना है कि हमारी उत्तम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के जरिए हम हमारे मरीजों व उनके परिवारों की जिंदगियों को सरल, आसान व बेहतर बना सकते हैं और केयर हॉस्पिटल स्वस्थ एवं तंदुरूस्त भारत में विश्वास रखता है। अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें: 0771.6165656

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ एवं ओड़िसा सब एरिया के कमाण्डर ब्रिगेडियर पी. चौहान ने सौजन्य मुलाकात की।

चेम्बर एक्सपो-2020 का समापन

छत्तीसगढ़ के विकास में चेम्बर की अहम भूमिका

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष जैन जीतेन्द्र बरलोटा, महामंत्री लालचंद गुलवानी, कोषाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल, प्रवक्ता द्वय ललित जैसिंघ एवं योगेश अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर द्वारा आयोजित चेम्बर एक्सपो-2020 का समापन गरिमापूर्ण कार्यक्रम एवं पद्मश्री अनूप जलोटा के भजनों के साथ हो गया। समापन अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चैबे, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकामर्स एंड इंडस्ट्रीज की अहम भूमिका है। समय-समय पर चेम्बर शासन की नीतियों की समीक्षा कर व्यापारियों एवं शासन के बीच सुतु का काम करता रहा है। आने वाले समय में चेम्बर अपनी सेतु की भूमिका अदा करता रहेगा।

वैज्ञानिक तरीकों से जुटाए तथ्यों से शीघ्र पहुंचा जा सकता है अपराधियों तक : डीजीपी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। नया रायपुर के पुलिस मुख्यालय में आज यहां नक्सली घटना के जांच के मामलों पर फॉरेंसिक साईंस के महत्व पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस महानिदेशक डीएम अवस्थी एवं गुजरात एंटी करप्शन ब्यूरो के डायरेक्टर केशव कुमार ने फॉरेंसिक साईंस की बारिकीयों से अवगत कराया। कार्यशाला में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक और निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारियों को नक्सल प्रकरणों की जांच में फॉरेंसिक साईंस के महत्व को बताया गया। कायशाला को संबोधित करते हुए डीजीपी श्री अवस्थी ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को फॉरेंसिक साईंस का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। किसी भी जांच को फॉरेंसिक साईंस की सहायता से जल्दी सुलझाया जा सकता है। इसके साथ ही वैज्ञानिक तरीकों से तथ्यों को जुटाने से अपराधियों तक शीघ्र पहुंचा जा सकता है। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि नक्सल प्रकरणों की जांच में भी फॉरेंसिक साईंस का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर, सुकमा, कोण्डागांव, धमतरी, गरियाबंद, राजनांदगांव, कर्वधा, जशपुर और बलरामपुर जिले के पुलिस अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में सहायक पुलिस महानिरीक्षक राजेश अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

■ नक्सली घटनाओं की जांच में फॉरेंसिक साईंस के महत्व पर आयोजित कार्यशाला में बोले विशेषज्ञ